4 रायपुर संभाग
नशे में धुत युवक ने पत्नी और बेटी की धारदार हथियार से...

6 फिल्मी
मालीवाल प्रकरण आरोप-प्रत्यारोप

09 विविध
पदमपुर रोड में स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अस्थाई...

10 संस्कारधानी
सिर्फ शहर सजाने में ध्यान, आउटर के क्षेत्र भगवान...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 22 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-269 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 10 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की सूचना पर जिला बल, डीआरजी सुकमा एवं 204, 206, 208 कोबरा वाहिनी का संयुक्त बल नक्सलियों के कोर एरिया ग्राम दुलेड़, बोट्टेतोंग, रासापल्ली, पीनाचंदा, ईरापल्ली, मेट्टामुड़ेम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम दुलेड़ के पास जंगल से अपहरण कर हत्या की वारदात में शामिल सभी गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### ट्रक और ऑटो में भिड़ंत, दो बच्चों की मौत

**जशपुरनगर।** ट्रक और ऑटो के बीच हुई सीधी भिडंत में दो नाबालिक बच्चो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। इस इस दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए हैं जिनका इलाज बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। ऑटो बगीचा के झापीदरहा की ओर से बगीचा नगर की ओर लौट रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ऑटो में सवार छोटू पिता मातल (11 वर्ष) और दीपेश नागेश पिता गुड्डू (14 वर्ष) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस भीषण दुर्घटना में 7 लोग घायल हुए है जिन्हे उपचार के लिए बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी लोग विवाह समारोह में कैटरिंग का काम करके वापस घर की ओर लौट रहे थे।

### बुलेट ट्रेन परियोजना के लिये 76,000 सेग्मेंट बनाये जायेंगे

**अहमदाबाद।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिये 16 किलोमीटर लंबी सुरंग के लिये 76,000 से अधिक सेग्मेंट बनाये जायेंगे। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिये बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण चल रहा है। कुल लंबाई में से 16 किलोमीटर की खुदाई तीन टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग करके की जाएगी, जबकि शेष पांच किलोमीटर का निर्माण न्यू ऑस्ट्रियाई टनलिंग विधि का उपयोग करके किया जायेगा।

# हम सब मिलकर बदलेंगे छत्तीसगढ़ की तकदीर और तस्वीर : सीएम साय

## रत्नगर्भा छत्तीसगढ़ महतारी की पहचान नक्सली राज्य के रूप में होना मन को टीस देने वाला

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली राज्य के रूप में होना मन को बेहद टीस देने वाला है। इस छवि को बदलना होगा। इसमें सरकार के अलावा राजनैतिक दल, मीडिया जगत और पूरे समाज यहां तक कि हर आम नागरिक को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे के सूत्र वाक्य को धारण कर मोदी जी की गारंटी पर काम करते हुए हम प्रदेश को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने तैयार हैं। एक साक्षात्कार में यह कहते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मां कौशल्या की यह पावन धरती रत्नगर्भा है। यह धान का कटोरा कोयला, लौह अयस्क, डोलोमाइट, बॉक्साइट, चूना पत्थर और टिन के भंडार से भरा है। देश के खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ महतारी का योगदान 21.09 प्रतिशत, लौह अयस्क में 17.61 प्रतिशत, चूना पत्थर में 11.70 प्रतिशत, बॉक्साइट में 3.57% जबकि टिन अयस्क में शत-प्रतिशत है। यहां उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण है। 2030 तक हम 300 मिलियन मतलब लगभग 30 करोड़ टन प्रतिवर्ष स्टील उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। कुछ वर्षों में हम देश के दूसरे सबसे बड़े स्टील उत्पादक राज्य होंगे। इसके बावजूद देश-विदेश में छत्तीसगढ़ को केवल नक्सली प्रभावित राज्य के रूप में पहचान मिलना ठीक नहीं है। यह पहचान हमें बदलना है। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के छोटे हिस्से में सिमटी नक्सल समस्या से हमारी डबल इंजन की सरकार मजबूती से लड़ रही है और हम इस के विरुद्ध लड़ाई में कामयाब होंगे। आने वाले 2 वर्षों में छत्तीसगढ़ को नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त करना हमारा लक्ष्य है, जो अवश्य पूरा होगा। साय ने कहा कि यह दुर्भाग्यजनक है कि विपक्ष नक्सल उन्मूलन की राह में रोड़ा बनकर खड़ा हो गया है। कई बार वही कहता है जो नक्सली चाहते हैं। मीडिया हेडलाइंस में आने के लिए विपक्ष कुछ भी बोलने को तैयार खड़ा है, चाहे उससे प्रदेश का कितना भी नुकसान क्यों ना हो। यह ठीक नहीं है। साय ने कहा कि नियद नेल्लानार जैसी योजना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास का सुखद एहसास करा रही है। यह योजना बेहद सफल रही है। तेंदूपत्ता का 5500 रुपये मूल्य आदिवासी वनवासियों का जीवन सरल करेगा। साय ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। खुद स्व. राजीव गांधी यह स्वीकार कर चुके थे कि उनकी सरकार से जनता के लिए भेजे गए एक रुपये में से पचासी पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भूपेश बघेल की सरकार ने भी यही किया। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी कांग्रेस सरकार को उनके इन्हीं कर्मों की वजह से जनता ने रसातल में डुबो दिया।

# झूठ बोलकर सत्ता में आये मोदी जनता से कर रहे हैं विश्वासघात : खडगे-राहुल

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह झूठ बोलकर सत्ता में आए और पिछले 10 साल से देश की जनता से वह विश्वासघात ही कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब प्रधानमंत्री के झूठ से लोग उकता चुके हैं और लोग भाजपा से किनारा कर रहे हैं। यही वजह है कि अब तक हुए चुनाव में भाजपा की सुनिश्चित हार को देखते हुए मोदी बौखला गए हैं और वह उल्टे सीधी बयान दे रहे हैं। खडगे ने कहा मोदी झूठ बोलकर और ध्रुवीकरण करके सत्ता में आये। प्रधानमंत्री अब जो दावा कर रहे हैं वह बचकाना है और मुझे उनसे सहानुभूति है। उनके भाषण अब काम नहीं कर रहे हैं, क्योंकि भारत की जनता को सच्चाई का एहसास हो गया है। इंडिया समूह अगली सरकार बनाएंगी। गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी के झूठ, दुष्प्रचार और उनकी मित्र मीडिया एक तरफ- सच की आवाज़ एक तरफ।

# ग्राम सेमरहा में 17 लोगों का एक साथ हुआ दाह संस्कार

## अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भीषण सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत हो गई जिनमें 18 महिलाएं व 1 पुरुष शामिल हैं। इनमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की सुबह 17 लोगों का अंतिम संस्कार एक ही गांव में एक ही चिता में किया गया। इनमें एक ही परिवार के 11 लोगों के शव थे। वहीं दो लोगों का अंतिम संस्कार उनके ससुराल में किया गया। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अंतिम संस्कार में शामिल हुए। गौरतलब हैं कि सभी मृतक और घायल कुई के पास ग्राम सेमहारा के निवासी हैं, जो एक वाहन को किराए पर लेकर 36 लोग सोमवार की सुबह तेंदूपत्ता तोडने़ गए थे। तेंदूपत्ता तोड़कर उसी वाहन से लौट रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे ग्राम बाहपानी के बंजारी घाट से नीचे उतरते समय वाहन अनियंत्रित होकर उसी सड़क के नीचे पलटते हुए जा गिरा। वाहन नीचे गिरते हुए वाहन चालक ने छलांग लगा दी। 12 अन्य लोग भी वाहन से कूद गए। जबकि 18 महिला व एक पुरुष की मौत हो गई। राज्य शासन ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख और हादसे में घायलों को 50 हज़ार की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। यह राशि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता एवं बीमा आदि से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त है।

### दुर्घटना में इनकी हुई मौत

सड़क दुर्घटना में ग्राम सेमहारा की मिला बाई पति बजारी गोड़ (48), टीकू बाई पति बुलाब सिंह गोंड़(40), सिरदारी पिता सिलाब गोंड़ (45), धनईया बाई पति सिरदारी गोड़ (48), जनीमा बाई पति जनऊ गोंड़ (35), मुंगिया बाई पति बजरु मरावी (60), झंगलो बाई पति धनिराम गोंड़ (62), सियाबाई पति तिरीत गोंड़ (50), पटोरीन बाई पति दयाराम गोंड़ (35), शांतिबाई पति शिवनाथ गोंड़ (35) किरण पिता शिवनाथ गोंड़ (15) प्यारी बाई पति फूलचंद गोंड (40), सोमनबाई पिता फूलचंद गोंड (16), बिसमत बाई पति रम्हौ मरावी (45), लीलाबाई पति मानसिंह (35), भारती पिता मानसिंह(15), परसदिया बाई पति रामचंद्र पंद्राम(30), और सुमती बाई पति मदन सिंह(45) की मौत हो गई। शांतिबाई गोंड़ (35) और उसकी बेटी किरण (15), प्यारी बाई गोंड (40) और उसकी बेटी सोमनबाई (16) व लीलाबाई (35) और उसकी बेटी भारती (15) मृतकों में शामिल हैं।

### इनकी हालत गंभीर

मुन्नी बाई पति श्रीराम(45), धानबाई पति जोधिराम धुर्वे (52), ममता पति अनिल मरावी(22) और गुलाब सिंह पिता हजारी लाल धुर्वे(50) गंभीर रूप से घायल हैं।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान 61.39 प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू के बीच को आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर औसतन 61.39 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार छिटपुट घटनाओं और कुछ एक जगह इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खराबी की शिकायतों को छोड़ कर मतदान कुल मिलाकर सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। पांचवें चरण में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर भी मतदान कराया गया, जिसमें अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 69.57 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया । आयोग की ओर से प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर सर्वाधिक 78.45 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की आरामबाग सीट पर सबसे ज्यादा 82.62, बनगांव में 81.04, बैरकपुर में 75.41, हुगुली में 81.38, हावडा में 71.73, श्रेरामपुर में 76.44 और उलूबेरिया में 79.78 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र में सबसे धीमा 55.27 प्रतिशत मतदान हुआ। जहां भिवंडी में 56.41, धुले में 56.61, डिंडोरी में 62.66, कल्याण में सबसे कम 50.12, मुंबई उत्तर में 55.21, मुंबई उत्तर-मध्य में 51.42, मुंबई उत्तर पश्चिम में 53.67, मुंबई दक्षिण में 47.70, मुंबई दक्षिण मध्य में 51.88, नासिक में 57.10, पालघर में 63.46 और ठाणे में 50.02 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में बिहार में 56.76 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में पांच सीटों में हाजीपुर में 58.43, मधुबनी में 53.04, मुजफ्फरपुर में 59.47, सारण में 56.73 और सीतामढ़ी में 56.21 प्रतिशत मतदान हुआ। झारखंड में 14 में से तीन सीटों पर कल कराये गये मतदान में 63.09 प्रतिशत मतदान हुआ। वहां चतरा लोकसभा सीट पर 63.03, हजारीबाग में 64.51 और काडरमा में 61.90 प्रतिशत मतदान हुआ। ओडिशा में पांचवें चरण में लोकसभा की 21 में से पांच सीटों पर मतदान कराया, जहां 69.89 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। राज्य की अस्का संसदीय सीट पर 62.67 प्रतिशत, बारगढ में 77, बोलंगीर में 71.46, कंधमाल में 71.27 और सुंदरगढ़ में 67.74 प्रतिशत वोट डाले गए। वहीं इस चरण में उत्तर प्रदेश की 80 में से 14 सीटों पर कुल मिला कर 58.02 प्रतिशत मत पड़े। अमेठी संसदीय सीट पर 54.34 प्रतिशत, बांदा में 59.70, बाराबंकी में सबसे अधिक 67.20, फैजाबाद में 59.14, फतेहपुर में 57.09, गोंडा में 51.62, हमीरपुर में 60.60, जालौन में 56.18, झांसी में 63.86, केसरगंज में 55.68, कौशाम्बी में 52.80, लखनऊ में 52.28, मोहनलालगंज में 62.88 और रायबरेली में 58.12 प्रतिशत वोट डाले गये।

# पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन व मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

# पंडरिया हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख, घायलों को 5 लाख मुआवजा दिया जाए

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख रू. तथा घायलों को 5 लाख रू. मुआवजा देने की मांग किया है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से है। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, 11 मृतकों को एक ही चिता में जलाया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। यही नहीं गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते है कि सभी एक ही गोत्र के थे इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया। जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है। यह भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता है। सरकार को अपने इस कृत्य के लिये आदिवासी समाज से माफी मांगना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस दुर्घटना में सरकार की बड़ी चूक भी है। इतनी बड़ी संख्या में मजदूर एक ही मालवाहक गाड़ी में रोज आते-जाते थे सरकार को खबर कैसे नहीं लगी? सरकारी थाने बंद हो गये है? अन्य सरकारी विभागों के लोग कहां थे? किसी ने इसको क्यों नहीं रोका? सड़कों पर पुलिस वाले, ट्रेफिक वाले, आरटीओ वाले अवैध वसूली करते हर एक किलोमीटर में दिख जाते है, उनका काम क्या सिर्फ अवैध वसूली करना ही है? वे लोग सजग रहते तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती। सरकार इस घटना की जिम्मेदारी तय करे और दोषियों पर कार्यवाही करे।

## मंच पर 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले करने वाले एक साथ बैठे हैं

# इंडी गठबंधन है सांप्रदायिक, जातिवाद और परिवारवाद का समूह : मोदी

वार्ता ‹ महाराजगंज/मोतिहारी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस को सांप्रदायिक, जातिवाद और परिवारवाद का समूह बताया और कहा कि देश में भ्रष्टाचार का पता इंडी गठबंधन है। मोदी ने वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, गोपालगंज, महाराजगंज और सीवान से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मंगलवार को मोतिहारी तथा महाराजगंज में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन राजनीतिक मंच नहीं बल्कि लाखों करोड़ों रुपए के घोटालेबाजों का सम्मेलन है। देश में आज भ्रष्टाचार का पता इंडी गठबंधन है। उनके मंच पर 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले करने वाले एक साथ बैठे हैं। जब ये इकट्ठा होते हैं तो इनमें तीन बुराइयां एकदम साफनजर आती हैं। इसमें कोई अपवाद नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीनों बुराइयां सब में समान है। ये घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी हैं। ये लोग अपने बेटे बेटी के सिवा किसी के लिए कुछ करना ही नहीं जानते हैं । ये वे लोग हैं जिनकी सरकारों में देश सांप्रदायिकता की आग में जला, ये लोग हैं जिन्होंने सालों तक देश को जातिवाद में पिछड़ों का हक मारा है । ये लोग अपने फायदे के लिए देश भी बांट सकते हैं। ये देश का खजाना लूटते हैं। ऐसे लोग देश को आगे नहीं ले जा सकते।

### शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता : मोदी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुये कहा कि शहजादों को अपने परिवार से आगे कुछ नहीं दिखता। इलाहाबाद और फूलपुर सीट के लिए 25 मई को होने वाले मतदान से पूर्व परेड ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। सपा और कांग्रेस के शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ भी नहीं दिखता। कांग्रेस तो आजादी का सारा श्रेय एक परिवार को देना चाहती है।' मोदी ने कहा, 'जो जिंदादिली मैंने प्रयागराज के लोगों में देखी है, वह कम ही लोगों में देखी है। आज भारत का भी यही मिजाज है। हर देश प्रेमी इससे खुश है। सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को भारत का गौरव गान हजम नहीं होता।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इंडी गठबंधन वालों का एंजेडा है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लाएंगे, सीएए को रद्द करेंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून रद्द करेंगे। क्या ये सब करने के लिए आप सपा कांग्रेस वालों को एक भी वोट देंगे। ' उन्होंने कहा, '2024 का यह चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर बहेगी। आज भारत की पहचान कैसे होती है। भारत की पहचान अब एक्सप्रेसवे, इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। बड़े बड़े देश कहते हैं कि भारत की डिजिटल टेक्नोलाजी हमें भी चाहिए।' मोदी ने कहा, 'भारत का कोना कोना इस बात की गवाही देता है कि इंडी गठबंधन वालों से विकास नहीं हो सकता। प्रयागराज के कुम्भ का ही उदाहरण देखें तो सपा की सरकार में कुम्भ में भीड़ में भगदड़ मच जाती थी, लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती थी। हर तरफ अव्यवस्था होती है। क्योंकि उन्हें कुम्भ से ज्यादा अपने वोट बैंक की चिंता रही है। अगर कुम्भ के लिए ज्यादा कुछ करते दिख गए तो उनका वोटबैंक बुरा ना मान जाए, इस बात का उन्हें भय रहता था।'

# संबित के हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगे मोदी : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है और कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने महाप्रभु भगवान जगन्नाथ को मोदी का भक्त बताया है। इस बयान की जितना निंदा की जाए कम है। इस बयान का विरोध होने लगा तो पात्रा उपवास कर झूठी माफी मांगने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है, जब भाजपा ने हिंदू देवी- देवताओं को मोदी के समकक्ष खड़ा कर उनका अपमान किया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भाजपा के आधिकारिक हैंडल से एक फोटो पोस्ट की गई जिसमें श्री राम एक बच्चे के रूप में हैं और श्री मोदी उनकी उंगली पकड़कर उन्हें ले जा रहे हैं। इसी दौरान अयोध्या में श्री राम से बड़े कट-आउट मोदी के लगे थे और चंपत राय ने उन्हें भगवान विष्णु का अवतार बता दिया था। इसी तरह केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने मोदी को भगवान का अवतार बताया था। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने उन्हें भगवान श्री राम का अंश बताया।

# पाकिस्तान से है इतना प्यार तो वहीं जाकर भीख मांगो : योगी

वार्ता ‹ संतकबीरनगर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए उसे पाकिस्तान परस्त बताया और कहा कि यदि पाकिस्तान से इतना प्यार है तो वहीं जाकर कटोरा लेकर भीख मांगो। संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मेंहदावल के प्रेमलता महिला महाविद्यालय में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद के पक्ष एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि जो आतंकवादियों पर से मुकदमे हटाते हैं, राम का विरोध करते हैं, रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं उन्हें वोट देकर पाप का भागी कोई नहीं बनेगा।अगर पाकिस्तान से है इतना प्यार चले जाओ वहां और कटोरा लेकर भीख मांगो। उन्होंने कहा कि माफियाओं के मरने पर मातम मनाने वालों की इस बार जनता जमानत जब्त करेगी। देश के अंदर जो रुझान है उससे स्पष्ट है कि फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। लोगों के मन में मोदी सरकार को फिर लाने की उत्सुकता है। योगी ने कहा कि पिछले दस सालों में मोदी ने देश के लिए जो कार्य किया उससे देश का हर नागरिक चाहता है कि मोदी एक बार फिर पीएम बनें। योगी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को सम्मान दिलाने का हो या देश के अंदर नक्सलवाद को समाप्त करने का, हर क्षेत्र में अद्भुत कार्य हुआ है। 2014 से पहले और अब की तुलना करें तो सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। पहले गरीब को सर ढकने के लिए छत नहीं होती थी। आज पीएम मोदी ने सबको घर दिया है। पहले पानी तक नहीं मिल पाता था। आज 80 करोड़ लोगों को राशन, 60 करोड़ को आयुष्मान भारत की सुविधा मिल रही है।

# यादव ने किर्गिस्तान में रह रहे मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से फोन पर की बात

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में रह रहे मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से फोन पर बात उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। डॉ यादव ने विद्यार्थियों से बात कर उनसे कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार उनकी चिंता कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विवाद के कारण किर्गिस्तान में अशांति की स्थिति निर्मित हुई है।

बातचीत में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को बताया कि सभी विद्यार्थी हॉस्टल में रह रहे हैं और वहां उन्हें कोई परेशानी नहीं है। डॉ यादव ने विद्यार्थियों रोहित पांचाल, रवि सराठे और विवेक शर्मा से बात की। उनसे अन्य विद्यार्थियों के हालचाल भी पूछे। डॉ यादव ने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि वह हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई करें।

शीघ्र ही उनकी परीक्षा होने वाली है, वे सभी परीक्षा में शामिल हों, इसके बाद ढाई महीने का अवकाश रहेगा, उन्हें घर बुलवा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर वह मध्यप्रदेश में जिला प्रशासन से बात कर सकते हैं। राज्य सरकार को भी सूचना दे सकते हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में राज्य से 1200 और पूरे देश से लगभग तीस हजार विद्यार्थी किर्गिस्तान में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

### यादव आज उत्तर प्रदेश प्रवास पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 22 मई को उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, कुशीनगर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करेंगे एवं वाराणसी पहुंचकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। यादव दोपहर सवा बारह बजे उत्तर प्रदेश के महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के मुन्नार प्रसाद इंटर कॉलेज बरगदवा ग्राउंड नौतनवां में जनसभा, दोपहर दो बजे कुशीनगर लोकसभा खेत्र के जनता इंटर कॉलेज ग्राउंड, रामकोला में जनसभा, शाम चार बजे जौनपुर लोकसभा खेत्र के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान जौनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव शाम 5.40 बजे वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजन करेंगे।

## 10 विश्वविद्यालयों के प्रभारी कुलपति नियुक्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को 10 विश्वविद्यालयों के प्रभारी कुलपति के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किये। उस्मानिया विश्वविद्यालय के दाना किशोर, जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बुर्रा वेंकटेशम, काकतीय विश्वविद्यालय के वक्ती करुणा, डॉ बी.आर. अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय के रिजवी, तेलंगाना विश्वविद्यालय के संदीप सुल्तानिया, पोट्टी श्रीरामुलु तेलुगु विश्वविद्यालय की शैलजा रामाय्यर, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के नवीन मित्तल, सातवाहन विश्वविद्यालय के सुरेन्द्र मोहन, जवाहरलाल नेहरू वास्तुकला एवं ललित कला विश्वविद्यालय के जयेश रंजन और पलामुरु विश्वविद्यालय के नदीम अहमद को नया प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया है।

# वैशाली में विजय शुक्ला और वीणा देवी के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

वार्ता ◂ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार में लोकसभा चुनाव में हाइप्रोफाइल संसदीय सीटों में शुमार वैशाली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी की वर्तमान सांसद वीणा देवी और इंडिया गठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी पूर्व बाहुबली विधायक विजय शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस बार के चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के पुत्र लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को राजग में सीटों में तालमेल के तहत पांच सीट जमुई, वैशाली, हाजीपुर, खगड़िया और समस्तीपुर मिली है। राम विलास पासवान के निधन के बाद लोजपा में हुयी टूट के बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी जबकि चिराग पासवान ने लोजपा बना ली थी। चिराग पासवान ने इस बार के चुनाव में हाजीपुर, खगड़िया और समस्तीपुर के वर्तमान सांसदों को बेटिकट कर दिया, जबकि वैशाली एकमात्र सीट है, जहां उन्होंने वर्ष 2019 में लोजपा के टिकट पर जीती सांसद वीणा देवी को चुनावी रणभूमि में उतारा है। जमुई से सांसद रहे चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से चुनाव लड़ा ,वहीं जमुई सीट पर उन्होंने अपने जीजा अरुण भारती को चुनावी अखाड़े में उतारा था। देश का पहला गणतंत्र, जैन धर्म के संस्थापक वर्द्धमान महावीर की जन्मस्थली और गौतमबुद्ध का कर्मक्षेत्र रही वैशाली संसदीय सीट पर होने वाले चुनाव में लोजपा की प्रत्याशी विधान पार्षद दिनेश सिंह की पत्नी वीणा देवी की चुनावी जंग, राजद प्रत्याशी लालगंज से तीन बार के विधायक रहे विजय शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला से होगी। पहली बार वर्ष 2000 में मुन्ना शुक्ला ने लालगंज से निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। फरवरी 2005 लालगंज चुनाव में लोजपा प्रत्याशी मुन्ना शुक्ला ने राजद प्रत्याशी वीणा देवी को मात दी। 2005 अक्टूबर में लालगंज विधानसभा चुनाव में विजय शुक्ला जनता दल यूनाईटेड से चुनाव लड़े और जीत हासिल की। लोजपा रामविलास प्रत्याशी वीणा देवी के समक्ष वैशाली सीट से फिर से जीत हासिल करने की चुनौती के साथ ही चिराग पासवान के प्रति अपना भरोसा कायम रखने की भी चुनौती है। वहीं पूर्व विधायक विजय शुक्ला राजद के खेमे में आये है, इसलिये उनके लिये राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव के प्रति अपने आप को साबित करने की चुनौती है।

## नर्मदा नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित नर्मदा नदी के हिंगलाज मंदिर घाट पर दो किशोरों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नर्मदापुरम के एक गुरुकुल में आयोजित 10 दिवसीय शिविर में शामिल होने के लिए प्रदेश के कई जिलों से बच्चे आए थे। इनमें से कई बच्चे नहाने के लिए हिंगलाज मंदिर घाट पर पहुंचे थे। तभी तीन बच्चे नदी में डूबने लगे। इस हादसे में विदिशा के वर्धा गांव के निवासी आर्यन धाकड़ (16) और केशव धाकड़ (16) की मौत हो गई। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने ऋतिक साहू को बचा लिया। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने मृतकों के शव पानी से बाहर निकाल लिए हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## सरकार चाहे तो युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिये तैयार हूं: कपिलदेव

एजेंसी ◂ इटावा
www.dailypioneer.com

वर्ष 1983 में विश्वकप देश की झोली में डाल कर भारतीय क्रिकेट को आसमान की बुलंदी में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि सरकार अगर चाहेगी तो वे देश में युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिये तैयार हैं। एक फाइनेंस कंपनी के प्रमोशन के लिये इटावा आये कपिल ने कहा देश में अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी तभी मिलेंगे जब उनको सही दिशा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार यदि मुझे हायर करे तो मैं अपने अनुभव युवा खिलाड़ी बच्चों के साथ शेयर करने और उन्हें ट्रेनिंग देने को तैयार हूं। उन्होने नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतरी के तमाम टिप्स दिए और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीवन यात्रा का संक्षिप्त परिचय देते हुए खूब गुदगुदाया।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा आपके सामने खड़ा यह कपिल देव एक दिन या एक रात में ही नही बन गया बल्कि जी तोड़ मेहनत और अपने आत्मविश्वास से मिलकर बना है। फिर चाहे सुपरस्टार अमिताभ बच्चन हों या स्टार क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर हों सभी ने अपने जीवन में कड़ी मेहनत की है। किसी का भी नाम एक रात में नहीं बना। क्रिकेट के महानायक ने कहा आजकल के युवा बस जल्दी से जल्दी करोड़पति या अरबपति बनने का सपना देखते है। वो उन सभी से कहना चाहता हूं कि सपना देखो लेकिन उसे पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत भी करो। कपिल से युवाओं ने पूछा कि जब आपने विश्व कप जीता तो कितनी खुशी हुई थी तो उन्होंने कहा जितनी आपको आपके परीक्षा के रिजल्ट में अच्छे नंबरों से पास होने की होती है उतनी ही खुशी मुझे भी हुई थी। अपने करियर मे रोल मॉडल से जुड़े सवाल पर कपिल ने कहा कई है एक का नाम नहीं ले सकता जब में छोटा था तब मेरा रोल मॉडल मेरा स्कूल का मॉनीटर था क्योंकि वो वह सब कुछ करता था जो मैं नहीं कर पाता था। कपिलदेव ने कहा कि उनकी पत्नी ने उनकी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में काफी मदद की है। उन्होने नए क्रिकेट के दीवाने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि क्रिकेट खेलों लेकिन और गेम्स भी खेलो उनमें भी रुचि रखो क्यों कि जरूरी नहीं कि आप एक ही खेल में अच्छे हों या उसी में आपको सफलता मिल जाए।

## मोदी हैं तो देश सुरक्षित: स्वतंत्रदेव

एजेंसी ◂ जौनपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश की जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है और, दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के मां कैलाशी देवी इंटर कालेज पुरूउपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि मोदी योगी के पास अपना घर नहीं है उन्होंने पूरे देश को अपना परिवार मान लिया है। उन्होंने अपना जीवन देश की जनता के नाम न्योछावर कर दिया है। उनकी सोच है प्रत्येक नागरिक का अपना घर हो। देश के नौजवान शिक्षित हो समृद्ध बने और 2047 तक भारत पूरी दुनिया पर राज करे। उन्होने कहा कि कुछ लोग जनता को गुमराह कर वोट लेना चाहते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में गुंडाराज हुआ करता था, आम नागरिक सुरक्षित नहीं था, लेकिन बाबा के आते ही गुंडे बिल में घुस गए वे बिल से निकलने के लिए तड़प रहें हैं, वे भागे नहीं है भूमिगत हुए हैं, आपने जरा सी चूक की तो वे फिर प्रकट हो जाएंगे। सिंह ने कहा कि भाजपा का राजनीति में एक गौरवशाली इतिहास रहा है, भाजपा के लिए राजनीति कोई व्यापार नहीं बल्कि एक मिशन है और इसी मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आमजन के हित की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में जनहितवादी राजनीति करते हुए लोगों को आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने का काम किया था, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस काम को न केवल आगे बढ़ा रहे हैं, बल्कि उन्होंने जनहित वादी नीति को एक बहुत अच्छे मुकाम पर पहुंचा है और यह सब इसलिए हो पाया है क्योंकि भाजपा के लिए राजनीति कभी व्यापार नहीं बल्कि एक मिशन रही है। उन्होंने कहा कि सीरीया में फंसे लोगों को मोदी ही घर वापस ला सकते हैं। नगर के लालचौक पर आपका तिरंगा लहराते रहे इसलिए कमल खिलना जरूरी है। आतंकवादी भागे नहीं है मोदी के डर से पाकिस्तान में छिपे हुए हैं और वे मौके की तलाश में हैं। उन्होंने जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए सरकार की अनेक उपलब्धियां गिनाई।

## रायबरेली में भट्ठा श्रमिक का शव फंदे से लटका मिला

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के खींरो इलाके में मंगलवार को एक भट्ठा श्रमिक का शव पेड़ पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब 9:30 पर पुलिस को एक भट्ठे पर कार्यरत दीपक कुमार (22) का शव संदिग्ध हालात में बबूल के पेड़ पर फांसी के फंद्दे से झूलता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस दल व उसकी फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना सुबह की होनी चाहिये और संभवतः मृतक ने आत्महत्या की होगी। मृतक उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का रहने वाला था और खींरो में एक भट्ठे पर श्रमिक का काम करता था वही पर रहता भी था। पुलिस से मृतक के परिवार की पुख्ता जानकारी नही प्राप्त हुई है। न ही वह कारण पता चले है जिससे मृतक ने आत्महत्या की होगी। पुलिस का कहना है कि पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।



### कर्तव्यहीनता के आरोप में थानाध्यक्ष निलंबित

**छपरा।** बिहार में सारण जिला मुख्यालय के नगर थाना अध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित करने के साथ ही उन्हें लाईन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को थाना क्षेत्र के भिखारी ठाकुर चौक के समीप दो मतदान केंद्रों पर संध्या मतदान सम्पन्न होने के पूर्व दो दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद स्थिति को सामान्य बनाने में नगर थाना अध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी कामयाब नहीं हो सके। डॉ. मंगला ने बताया कि इसके कारण मंगलवार को दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई है। जिसके कारण उन्हें निलम्बित करने के साथ ही लाइन हाजिर किया गया है।

## खोज एवं उत्खनन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 19 जून को

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के लिये खोज एवं उत्खनन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा- 2023 एवं संग्रहाध्यक्ष प्रतियोगी परीक्षा -2023 का आयोजन अब नवीन तिथि 19 जून 2024 को किया जायेगा। आयोग सचिव ने आज यहां बताया कि पूर्व में उक्त परीक्षाओं का आयोजन 16 जून 2024 को किया जाना निर्धारित किया गया था, लेकिन संघ लोकसेवा आयोग द्वारा सिविल सेवायें (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की पूर्व निर्धारित दिनांक 26 मई 2024 को संशोधित कर 16 जून 2024 को किया जाना निश्चित किया गया है। इसके दृष्टिगत आयोग द्वारा भी परीक्षा दिनांक में संशोधन किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त परीक्षा 19 जून 2024 को आयोजित की जायेगी।

## दोस्त की हत्या के मामले में दो युवक गिरफ्तार, शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक का शव उसके दोस्तों की निशानदेही पर गड्ढे से बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी सुनील कुमार सिंह के पुत्र आलोक कुमार सिंह उर्फप्रथम (24) को उसके दो दोस्त ऋषभ और मिट्ठू अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठा कर गत 16 मई को लेकर गये थे। इसके बाद आलोक कुमार सिंह उर्फप्रथम घर लौट कर नहीं आया था। मामले में आलोक के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जब उसके दोस्तों ऋषभ और मिट्ठू को गिरफ्तार कर जब कराई से पूछताछ की तो उनके निशानदेही पर शव को गड्ढे से बरामद करने के साथ ही पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। गिरफ्तार युवकों पर भारतीय दंड विधान की सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड में मतदाता जागरूकता अभियान में युवाओं की बड़ी भूमिका: के. रवि कुमार

एजेंसी ◂ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बेहतर करने में युवाओं की बड़ी भूमिका रही है। कुमार ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता समापन समारोह तथा सम्मान समारोह-सह-पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में एन.एस.एस वालेंटियर एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं से मतदाता जागरूकता में सहयोग मिला है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान दिवस तक सक्रियता से जागरूकता का कार्य करते रहें। मतदान के दिन हर घर से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर बूथ तक लाना एन.एस.एस वालेंटियर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े लोगों एवं जागरूक नागरिकों की बड़ी जिम्मेवारी है। एन.एस.एस के वालेंटियर के सहयोग से भी मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा और रांची सहित राज्य का नाम बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए निबंधन, नैतिक मतदान एवं मतदान के दिन मतदान केंद्र तक मतदाताओं को भेजने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मतदान करना अपना अधिकार है। मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी कार्य करें। रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान करना अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य है। उन्होंने एनएसएस के वालेंटियर्स में उत्साह भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत का फल मतदान के दिन दिखेगा। उन्होंने इसका उदाहरण एडमिट कार्ड वितरण एवं परीक्षा से देते हुए कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को सहयोग कर अधिक-से अधिक मतदान करवाना बेहतर अंक प्राप्त करने जैसा है। उन्होंने कहा कि आप सभी फ्यूचर ऑफ नेशन हैं।अपने कर्तव्यों को समझें और उसका निर्वहन करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

## लाहौल स्पीति में 624 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से करेंगे मतदान

एजेंसी ◂ केलांग
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जनजातीय विधानसभा क्षेत्र में 624 बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाता घर से ही अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव के लिये घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया आज से शुरू की गई है और 26 मई तक पूर्ण कर ली जायेगी। इसके लिये 8 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है जो कि आज 21 मई से 26 मई तक 624 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का घर में ही मतदान करवाना सुनिश्चित कर रहें हैं । उन्होंने बताया कि जिला लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्ग मतदाता जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है उनकी संख्या 339 है उनमें बुजुर्ग पुरुष मतदाताओं की संख्या 136 व महिला मतदाताओं की संख्या 203 है। इसी तरह से 285 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में 162 पुरुष व 123 महिला मतदाता है। कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने घर से मतदान का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया है। अगर संबंधित मतदाता मोबाइल पोलिंग टीम को घर में नहीं मिलता है तो वह टीम मतदाता के घर में दूसरी बार आने का संदेश छोड़कर वापस चली जायेगी। अगर मतदाता दूसरी बार भी घर पर नहीं मिलता है तो उसे मतदान करने का कोई भी अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा। उन्होंने ने इस दौरान सभी मतदाताओं से मोबाइल पोलिंग पार्टियों से सहयोग करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट मतदान के निर्धारित शेड्यूल को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा कर लिया गया है जिसके तहत संबंधित पोलिंग टीमें पोस्टल बैलेट मतदान की प्रक्रिया को पूर्ण करवा रही है । उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदान अधिकारी, सुरक्षा कर्मी, माइक्रो आब्जर्बर तथा सेक्टर अधिकारी के साथ-साथ संबंधित मतदान केंद्र के मतदान पर्यवेक्षक एवं संबंधित बीएलओ भी मौजूद हैं इस दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने को पोस्टल बैलेट मतदान की तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जा रही है।

## सभी समाज के लोगों को बसपा ने दिया है मौका: मायावती

एजेंसी ◂ जौनपुर
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस, बीजेपी या अन्य पार्टियों के गठबंधन के साथ न मिलकर अकेले चुनाव लड़ रही है। हमने बनारस मंडल में सभी समाज के लोगों को मौका दिया है। मायावती जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के सवंसा गांव में पार्टी प्रत्याशी श्याम सिंह यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने भीड़ के जबरदस्त जोश को देख कर कहा कि अब भरोसा हो गया है कि पिछली बार से भी इस बार अच्छा प्रदर्शन दिखाएंगे। मायावती ने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी व अन्य दलों में आजादी के बाद से अधिकांश राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही, इनकी गलत नीतियों के कारण इन्हें राज्यों से लेकर केंद्र तक की सत्ता से बाहर होना पड़ा। कांग्रेस की पहली सरकार में बाबा साहब कानून मंत्री थे। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि एससी- एसटी को बराबर आरक्षण नहीं मिल रहा है, अति पिछड़े वर्ग के लोगों को भी आरक्षण मिलना चाहिए और आर्टिकल 340 के अनुसार आरक्षण देना चाहिए। उनकी मांग नहीं पूरी होने पर बाबा साहब ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि वो संविधान के खिलाफ नहीं हैं। सभी पार्टियां वोट की खातिर आरक्षण को लेकर बड़ी- बड़ी बातें कर रही हैं। देश की जनता इस बात को समझ गई है कि अच्छे दिन के नाम पर प्रलोभन दिया गया है, जितना कहा उसका एक चौथाई काम भी नहीं किया। ये लोग पूंजीपतियों को और मालामाल करने, इन्हें विभिन्न मामलों में छूट देने और इन्हें बचाने में लगे हैं।

## ट्रेक्टर की टक्कर से युवक की मौत ज्ञापन

**मुरैना।** मुरैना जिले में एक ट्रेक्टर ट्राली के टक्कर से युवक की हुई मौत में मामले में आज एक समुदाय ने प्रदर्शन कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है। क्षत्रिय महासभा ने सिविल लांइस थाना क्षेत्र के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम सिकरौदा नहर के समीप बीते 19 मई को ट्रेक्टर ट्राली की टक्कर से युवक घनश्याम की हुई मौत और साथ में पिता के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि ट्रेक्टर चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाये। इसके साथ ही ज्ञापन में क्षत्रिय महासभा ने कहा है कि चंबल से अवैध रेत का खनन और परिवहन पर रोक नहीं लगाई गई तो महासभा के लोग विरोध प्रदर्शन में मैदान में उतरेंगे।

## घूसखोरी मामले में सीबीआई ने अपने ही कर्मियों के विरुद्ध की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्यप्रदेश राज्य नर्सिंग कॉलेजों के कर्मियों और राज्य के पटवारियों की संलिप्तता वाले षड़यंत्र का खुलासा करते हुए अपने ही कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। सीबीआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नर्सिंग कॉलेजों में अनियतितताओं की जांच के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में, सीबीआई, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), भोपाल ने 7 कोर टीमों एवं 3-4 सहायक टीमों का गठन किया था, जिसमें सीबीआई के अधिकारी, मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों द्वारा नामित अधिकारी एवं पटवारी शामिल रहे। विभिन्न टीमों द्वारा किए जा रहे निरीक्षणों की निगरानी के दौरान, राहुल राज, निरीक्षक, सीबीआई सहित एक सहायक टीमों में से एक के कर्मी, भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त पाए गए। इसके बाद सीबीआई का आंतरिक सतर्कता तंत्र सतर्क हुआ और निरीक्षक राहुल राज, तीन अन्य सीबीआई कर्मियों एवं वाहकों/दलालों सहित 23 व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। इसी क्रम में शनिवार को निरीक्षक राहुल राज को दो लोगों से 10 लाख रुपए की अवैध रिश्वत के रूप में स्वीकार करने के दौरान सीबीआई द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया। आगे की कार्रवाई में, सीबीआई, नई दिल्ली ने भोपाल, इंदौर, रतलाम एवं जयपुर में 31 स्थानों पर तलाशी ली तथा 2.33 करोड़ रु. से ज्यादा का नकद, चार सोने की छड़ें, 36 डिजिटल उपकरण एवं 150 से अधिक आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। सीबीआई ने बताया कि मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें राहुल राज, निरीक्षक, सीबीआई, सुशील कुमार मजोका, निरीक्षक, मध्यप्रदेश पुलिस शामिल हैं, जो सीबीआई से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही ओम गोस्वामी, रवि भदोरिया और जुगल किशोर, जो दलाल की भूमिका में थे तथा तीन अन्य महिलाओं को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को 29 मई तक सीबीआई की हिरासत में भेजा गया। सीबीआई ने दोषी कर्मियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई भी शुरू कर दी।

# आयुक्त ने संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कारगर रोकथाम अभियान चलाकर सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये

## स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागो की समन्वय समिति बनाकर नागरिको को संक्रामक रोगो के प्रति जागरूक बनायेंगे

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम अधिकारियों को राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए समाज हित में कारगर रोकथाम करने अभियान चलाया जाना सुनिष्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखकर उनके रोकथाम के उपाय सुनिष्चित करने अभियान का क्रियान्वयन करने जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया है। जोन कमिश्नर अपने संबंधित जोन क्षेत्र में क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी बनाये गये है। आयुक्त के निर्देष पर रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएमएचओ कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय के चिकित्सकों, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों, जिला मलेरिया विभाग विभिन्न शासकीय विभागो से समन्वय कर संक्रामक रोगो की राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कारगर रोकथाम करने एवं वर्षा ऋतु के पूर्व जलजनित रोगो की रोकथाम हेतु समन्वय समिति बनायी जायेगी। ताकि संक्रामक रोगो की जानकारी होते ही उसका प्रसार त्वरित रूप से रोककर लोगो को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण एवं राहत दिलवायी जा सके। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतते हुए सतत निगरानी करने कहा है। नागरिको को संक्रामक रोगो की रोकथाम हेतु उल्टी, दस्त, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के लक्षणों, कारणों, बचावों की जानकारी देकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक बनाने का कार्य किया जायेगा। डेंगू की रोकथाम हेतु नागरिको को घरों के कूलरों की नियमित सफाई करने हेतु लगातार जागरूक बनाने सुझाव दिया गया। विभिन्न झुग्गी बस्तियों एवं स्लम एरिया में संक्रामक रोगो की रोकथाम हेतु सघन जनजागरण अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। आयुक्त ने सभी जोन कमिष्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डो में स्थित समस्त निजी एवं सार्वजनिक कुओं में सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पाउडर डालकर जल को कीटाणु रहित करने यह कार्य प्रारंभ में पखवाडे में एक बार या आवश्यकतानुसार सप्ताह में एक या दो बार करने के निर्देश दिये है एवं इस हेतु जोन कमिश्नरों को पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर जोन कार्यालय में रखवाकर जोन से संबंधित वार्डो में स्वच्छता निरीक्षकों के माध्यम से कार्य सुनिष्चित करवाने के निर्देश दिये है। बोरिंग हैण्डपंप में ब्लीचिंग पाउडर एवं ब्लीचिंग लिक्वीड डालकर जलशुद्धीकरण का कार्य करने जल प्रदाय विभाग को निर्देषित किया गया है एवं प्रत्येक पखवाडे कार्य पालन अभियंता जल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को यह कार्य करके प्रतिवेदन देने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त ने सहायक अभियंता फिल्टर प्लांट को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के पेयजल श्रोतों के समय-समय पर पेयजल के नमूने लेने एवं प्रगति का प्रतिवेदन स्वास्थ्य विभाग को देने एवं रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक होने पर इस संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करके आवश्यक बचाव कार्य एवं उपाय सुनिष्चित करवाने का प्रशासनिक कार्य दायित्व कार्यपालन अभियंता जल को दिया गया है। सार्वजनिक कुओं के चारों ओर चबूतरा बनाये जाने एवं गंदे पानी की निकासी की सही व्यवस्था करवाकर यथासंभव खुले कुओं को ढकवाया जाना सुनिष्चित करने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों को अपने संबंधित जोन क्षेत्रों हेतु दिये गये है। आयुक्त ने सभी हैण्डपंप, बोरिंग एवं पावरपंप की मरम्मत का कार्य अभियानपूर्वक पूर्व निष्चित कराने एवं हैण्ड पंपों के चारों ओर चबूतरा बनवाकर पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंता जल को दिये है।

# प्रगतिरत भवनों निर्माण और सड़कों के विकास कार्यों को जल्द करवाएँ पूर्ण: कलेक्टर विजय दयाराम के.



पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के प्रगतिरत भवनों निर्माण और सड़कों के विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करवाएँ। वर्किंग सीजन में मजदूरों की संख्या में आवश्यक वृद्धि कर निर्माण कार्य में तेजी लाए। इसके अलावा विभिन्न मदों से स्वीकृत कार्य जो अप्रारंभ की स्थिति में है ऐसे कार्य को निरस्त कर राशि वापस करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने उक्त निर्देश जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग डिवीजन क्रमांक-एक के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के बजटेड भवन और सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों के कार्यालयों की प्रगति, जेल परिसर में बैरकों का निर्माण, विश्राम गृह का निर्माण, संभागीय मुख्यालय में आडिटोरियम का निर्माण, हाईस्कूल भवन के प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर निर्माण साथ ही विकासखंड जगदलपुर, बकावण्ड, तोकापाल क्षेत्र में सड़को के विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति और उससे संबंधित दिक्कतों का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य को गति देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभाग के जमा मद अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों में डिमरापाल चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड, चार वार्डों का उन्नयन कार्य, नानगुर तहसील कार्यालय, एयरपोर्ट में विकास कार्य, बालक छात्रावास, कोर्ट परिसर में विकास कार्य सहित जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मद के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एके सिंह, सभी अनुविभागीय अधिकारी, सब इंजीनियर उपस्थित थे।

# प्रशासन की सक्रियता से दरभा क्षेत्र के 19 मजदूर वापिस लाए गए कर्नाटक और हैदराबाद से

### कलेक्टर ने किया उनकी मजदूरी की राशि का वितरण, अशिक्षित मजदूर को साक्षरता अभियान से जोड़ने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



प्रशासन की सक्रियता से दरभा क्षेत्र के 19 मजदूर कर्नाटक और हैदराबाद से वापिस लाए गए। कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला के श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को उनके मेहनताना की राशि ठेकेदारों से वसूल कर लाने पर, कलेक्टर ने जिला कार्यालय में राशि का वितरण किया।

साथ ही मजदूरों को अधिक मेहनताना की लालसा में अन्य राज्य पलायन नहीं करने की अपील की। ज्ञात हो कि विकासखंड दरभा क्षेत्र के 19 श्रमिक अधिक मजदूरी की लालच में कर्नाटक में 14 व हैदराबाद के एल.पी. नगर में 5 मजदूर बोरिंग गाड़ी में मजदूरी कर रहे थे, जिन्हें मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत होने पर बस्तर जिला प्रशासन द्वारा दल का गठन किया जाकर 19 श्रमिकों को भुगतान सहित सकुशल गृहग्राम पहुंचाया गया है। उक्त 19 श्रमिकों को प्रशासन द्वारा राशि 7 लाख 31 हजार 500 रुपए दिलवाया गया जिसमें सन्ना सोढ़ी, समदू, धनीराम, कमलू, सन्नू को 56400 रुपए मिला।

इसके अलावा घेनवा, अरकित, हिडमा, लखमा और राजू को 42300 रुपए, रागा 28500, पोदिया व सोमा को 35250, मुंगला मरकाम और लक्ष्मण मरकाम को 40 हजार सुखराम 07 हजार, दशमन 11 हजार, हांदाराम मरकाम और भवानी मरकाम को 20 हजार रुपए मेहनताना की राशि दिया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने कई लोंगो को उनकी राशि गिनवाई, एक बालक ने अशिक्षित होने के कारण राशि गिनने में असमर्थता जताई जिसके लिए कलेक्टर ने उसे साक्षर बनाने के लिए साक्षरता अभियान से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

# महापौर एजाज ढेबर ने फिल्टर प्लांट में बैठक लेकर ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की

### अमृत मिशन से समन्वय कर पार्षदों के बताये पाइंट्स पर लो प्रेशर की समस्या का एक सप्ताह में समाधान करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने रावणभाठा फिल्टर प्लांट पहुंचकर कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट नरसिंह फरेन्द्र सहित फिल्टर प्लांट के कर्मचारियों की बैठक लेकर ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा कर जानकारी ली एवं आवष्यक निर्देश दिये। इस दौरान एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि राधेष्याम विभार उपस्थित थे। महापौर एजाज ढेबर ने समीक्षा के दौरान कार्यपालन अभियंता को अमृत मिषन के अधिकारियों के साथ समन्वय रखकर अमृत मिषन से संबंधित पेयजल लाईनों में हाल ही में वार्ड पार्षदों द्वारा बताये पाइंट्स में लो प्रेशर से जल आपूर्ति होने की समस्या का एक सप्ताह के भीतर मिलकर समाधान जनहित में सुनिष्चित करवाने के निर्देश दिये। महापौर एजाज ढेबर ने बैठक में अधिकारियों से रायपुर शहर नगर निगम क्षेत्र के 45 जलागारों के क्षेत्र के अतिरिक्त रायपुर विकास प्राधिकरण, कौषल्या विहार क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड, बोरियाकला, बोरियाखुर्द, छत्तीसगढ़ विधानसभा, सरोना, महालेखाकार कार्यालय में दिये जा रहे पेयजल की व्यवस्था एवं नियमानुसार इसमें जलकर वसूली की कार्यवाही की स्थिति के संबंध में चर्चा करते हुए जानकारी ली। महापौर ने बैठक में स्वीकृति अनुसार विभिन्न स्थानों पर बोर खनन से संबंधित कार्यो को शीघ्र करवाकर वार्डवासियों को पेयजल उपलब्ध करवाकर त्वरित राहत दिलवाना सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये। महापौर ने वर्षाकालीन पेयजल आपूर्ति व्यवस्था हेतु तत्काल आवष्यक तैयारी करने के निर्देश दिये एवं रावणभाठा फिल्टर प्लांट के शहर में लगभग 100 से अधिक वाल्व की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को सभी 100 से अधिक वाल्व का अच्छी तरह संधारण करवाने के निर्देश दिये ताकि बारिश के दौरान पेयजल व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न होने पाये। महापौर ने एलम एवं फीटकरी की फिल्टर प्लांट में उपलब्धता के संबंध में कार्यपालन अभियंता से जानकारी ली एवं पावर पंपों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली एवं ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था में वार्ड पार्षदों के सुझाव के अनुसार आवश्यक सुधार एक सप्ताह के भीतर लाकर समन्वय से कार्य कर वर्षाकाल में सुगम पेयजल आपूर्ति की तैयारी पूर्व निश्चित करने के निर्देश दिये।

# कथावाचक ने सुनाया गणेश जन्म एवं कार्तिक जन्म कथा





**किरंदुल।** लौहनगरी किरन्दुल के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 21 मई रात को होगा।शिव महापुराण कथा के छठवें दिन सोमवार रात्रि को डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा भगवान श्री गणेश जी एवं कार्तिक जन्म का कथा सुनाया गया। जिसे सुनने धर्मप्रेमी व श्रद्धालु गण काफी बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए एवं नाचते गाते पूरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

# इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र हेतु ओडीएल ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में 30 जून तक होगा नामांकन

**जगदलपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए ओडीएल ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में नामांकन बिना विलम्ब शुल्क के साथ 30 जून 2024 तक की जा सकेगी। नामांकन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा सर्टिफिकेट कार्यक्रम एवं अवेयरनेस प्रोग्राम भी उपलब्ध है। जिसके लिए निर्देशन वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केंद्र में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र 1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर से संपर्क कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को मुद्रित सामग्री न लेने पर कार्यक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट दी गई है जो ऑनलाइन सामग्री के आधार पर पढ़ाई कर सकते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बीए, बीकॉम व बीएससी में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान है। इच्छुक आवेदक ओडीएल ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश के लिए पोर्टल पर जाकर इग्नू के लिंक ओडीएल https://ignouadmission.samarth.edu.in पर एवं ऑनलाइन लिंक https://ignouiop.samarth.edu.in में नए प्रवेश के लिए नामांकन कर सकते हैं।

# जिले के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 702 सीट आबंटित

**जगदलपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी अशासकीय एवं गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में असुविधाग्रस्त बच्चों का प्रवेश वर्ष 2024-25 के लिए कार्यवाही किये जाने हेतु समय सारिणी घोषित की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में शिक्षा के अधिकार के तहत कुल 94 अशासकीय विद्यालयों के नर्सरी केजी-1 एवं कक्षा पहली हेतु कुल 761 सीट ऑनलाईन पोर्टल में दर्ज कराया गया है और उन 761 सीटों पर कुल 1790 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा 20 मई 2024 को आनलाईन लाटरी के माध्यम से बस्तर जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत कुल 702 सीट छात्र-छात्राओं हेतु आबंटित किया गया है।

# राजीव भवन में राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस के रूप मनाया गया तथा आतंकवाद विरोध के लिए प्रतिज्ञा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, महमूद अली, रमेश राम महंत संहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सेजेस बडेराजपुर में समर केम्प के प्रति बच्चों में दिख रहा उत्साह

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





जिले के बडेराजपुर ब्लॉक में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार तथा कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 21 से 25 मई तक विद्यार्थियों में बहुमुखी रचनात्मक कौशल के विकास हेतु समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य सी एल मरकाम से मिली जानकारी अनुसार शासन के निर्देशानुसार 15 जून 2024 तक स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र छात्राओं को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। और इससे छात्र छात्राओं में स्थित रचनात्मक गतिविधियों व कौशल का आदान प्रदान हो सकता है। इसी उद्देश्य के साथ आत्मानंद स्कूल बडेराजपुर में भी समर कैम्प का आयोजन हो रहा है। प्राचार्य ने यह भी बताया कि इस तरह के कैम्प से एक दूसरे के कौशल से बच्चे देखकर तथा करके सीखेंगे क्योंकि अलग अलग विद्यार्थियों में अलग अलग प्रकार के कौशल होते है इससे बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होगा। समर कैम्प के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों ने फूल और पत्तियों से रंगोली बनाना, पेंटिंग करना, टच एन्ड से यानी छूकर वस्तुओं के नाम बताओ, डॉग बॉल, जैसे गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के रचनात्मक कौशल को विकसीत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नगर निगम जोन 8 ने हीरापुर जरवाय में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी

## प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी अवैध मुरूम रोड़ एवं प्लाट की नींव को काटकर हटाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता एवं नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड के तहत हीरापुर जरवाय में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियानपूर्वक कड़ी कार्यवाही करते हुए रोक लगायी गयी। रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, नगर निवेश सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता रुचिका मिश्रा, अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में थ्रीडी एवं श्रमिकों की सहायता से जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड के हीरापुर जरवाय क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को थ्रीडी से काटा गया। प्लाटिंग के लिये बनाई गई सभी प्लाटो की अवैध नींव को हटाने की कार्यवाही की गई। बनायी गयी सभी अवैध नींव को थ्रीडी से तोड़ा गया। वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया। जोन 8 जोन कमिश्नर ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार हीरापुर जरवाय में लगभग 5 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। जोन 8 नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी नगर निगम जोन 8 को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। जानकारी आते ही राज्य शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

# नगर निगम जोन 1 ने गोंदवारा में लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर मुरुम रोड काटकर तत्काल कारगर रोक लगाई

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन के यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के गोंदवारा में अनुग्रह सोसायटी के पास लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर बनाई गयी अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर एवं वहाँ मार्ग में आवागमन बाधित कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर जोन 1 जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता श्रुति चतुर्वेदी, अजीत सिंह राठौर की उपस्थिति में कारगर रोक लगाने की कार्यवाही की। जोन 1 के जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 1 के गोंदवारा में लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। जोन 1 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। जानकारी मिलते ही राज्य शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

# कलेक्टर ने सहकारी संस्थाओं को कम्प्यूटरीकृत करने के तीन समिति प्रबंधकों को प्रोत्साहित करते दिया प्रशस्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विजय दयाराम के. ने सहकारी संस्थाओं को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए तीन समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। देश के सहकारी संस्थाओं को कम्प्यूटरीकृत करने की भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत बस्तर जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जैबेल, बाबुसेमरा एवं गारेंगा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्ति पर संबंधित प्रभारी समिति प्रबंधकों मदारी लाल पाण्डे, संपत ठाकुर एवं भूमति सेठिया को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कलेक्टर विजय द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदाय कर प्रोत्साहित किया गया। ज्ञातव्य है कि सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकृत होने के फलस्वरूप अब ग्रामीण इलाकों के लेम्प्स समितियों में पैक्स की प्रक्रियाओं और कार्यों को सुव्यवस्थित करने, वित्तीय गतिविधियों को अधिक कुशल बनाने सहित कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से ऋण वितरण में तेजी लाने, राशि के लेन-देन में स्पष्टता व सुधार लाने तथा समय व लागत को कम करने, कम्प्यूटरीकरण के जरिये पैक्स संचालन में पारदर्शिता व विश्वसनीयता पैदा कर किसानों के बीच विश्वास पैदा करने, ऑनलाईन प्लेटफार्म के द्वारा ऋण सुविधाओं तक बेहतर पहुंच को बढ़ावा देने, ऋण हेतु इंद्राज भूमि अभिलेखों के ब्योरों का डिजिटलीकरण, धोखाधड़ी एवं संदिग्ध लेन-देन में नियंत्रण एवं निगरानी हेतु सुविधा प्राप्त होने, सहकारी समितियों में बैंकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ प्रदाय करने के साथ ही कृषकों एवं हितग्राहियों को अपने खातों के ब्योरों का त्वरित अवलोकन की सुविधा प्राप्त होगी। कलेक्टर विजय द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी का दायित्व संभालने के पश्चात बस्तर संभाग के सभी सहकारी बैंक शाखाओं के साथ ही सहकारी समितियों को सुदृढ़ करने तथा कम्प्यूटरीकृत किये जाने निरंतर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं जिला सहकारी बैंक की एटीएम सुविधा का विस्तार करवाने के लिए पहल किया जा रहा है। जिससे इन समितियों एवं बैंकों में किसानों एवं ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो रही है और बैंकों में ग्राहकों की कतार की लंबाई को कम की जा सकेगी। जिले के उक्त तीन सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकरण हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदाय करने के दौरान जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एसए रजा उपस्थित थे।

# नशे में धुत युवक ने पत्नी और बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या







## हैवानियत का यह खेल देख काँप गये लोग

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर ज़िले के खरोरा थाना अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक शख्स ने नशे में अपनी पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है की मामूली कहासूनी को लेकर आवेश में आकर आरोपी व्दारा धारदार हथियार से पत्नी और बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। मामला खरोरा थाना के ग्राम घिवरा का हैं। आरोपी योगेश वर्मा द्वारा नशे के हालत में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार पिछलें दिनों आरोपी योगेश वर्मा के बड़ी बेटी की शादी हुई थीं। आरोपी दोनों बेटियों की एक साथ शादी करना चाहता था। किंतु छोटी बेटी की शादी तय नहीं होने से वो नाराज चल रहा था। इस बात को लेकर घर में लड़ाई झगड़े की स्थिति बनीं हुई थीं। इसी बात पर आरोपी का अपनी पत्नी के साथ फिर से विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी द्वारा आवेश में आकर मौक़े का फायदा उठाते हुए अपनी 41 वर्षीय पत्नी जानकी वर्मा और 22 वर्षीय बेटी लवली वर्मा का गला रेत कर हत्या कर दिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर इस मामले में जाँच किया जा रहा हैं। खरोरा पुलिस के मुताबिक आरोपी योगेश वर्मा को अपनी पत्नी एवं बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी योगेश आदतन नशेड़ी और सनकी है। वह अपनी पत्नी पर शक करता था। इसके चलते दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। सोमवार को आरोपी योगेश ने पत्नी पर बेटी की शादी तय नहीं होने देने का आरोप लगाते हुवे विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी द्वारा पत्नी की हत्या के बाद दुसरे कमरे में सो रहीं अपनी बेटी की भी हत्या कर दी गई। हत्या में आरोपी द्वारा किसी धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया। आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देकर अंदर से दरवाज़ा बंदकर बाड़ी के रास्ते से भाग खड़ा हुआ, जिसे पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर लिया गया। उक्त वारदात के दौरान आरोपी योगेश वर्मा का 19 वर्षीय बेटा विवेक वर्मा पड़ोस में ही अपने मामा के घर पर था। वहीं विवेक जब घर आया तो अंदर से दरवाज़ा बंद था काफी देर आवाज़ देने पर जब दरवाज़ा नहीं खोला गया तो विवेक छत फाँदकर अंदर घुसा, अंदर का मंजर देख विवेक दहल उठा जैसे-तैसे उसने दरवाज़ा खोला अड़ोस पड़ोस के लोग अंदर आयें तो हैवानियत का यह खेल देख सभी काँप उठें।


### आरोपी योगेश वर्मा महाराष्ट्र के पुणे में करता हैं मजदूरी, बेटी की शादी को लेकर आया हुआ था गांव

आरोपी के बेटे विवेक के अनुसार उनका पिता महाराष्ट्र के पुणे में मज़दूरी का काम करता हैं। बेटी की शादी के चलते वे पिछले कुछ दिन पहले ही गाँव आया था। उक्त घटना के बाद अब लोगों को विवेक की चिंता हैं। 19 वर्षीय विवेक अब घर में अकेला रह गया हैं। यह घटना उसे झकझोर कर रख दिया। बड़ी बहन ब्याह कर ससुराल चली गईं। छोटी बहन और माँ की हत्या कर बाप सलाखों के पीछे चला गया।

# आरटीई के तहत लॉटरी से छात्रों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ

## प्रथम चरण में 16036 विद्यार्थी निजी स्कूलों में दाखिले के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 (आरटीई) अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए निजी स्कूलों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में संचालित 6 हजार 554 निजी विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षा में कुल आरक्षित 52 हजार 872 सीटों के विरूद्ध प्रवेश के लिए एक लाख 22 हजार 270 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में आज 16 हजार 036 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्रथम चरण में 20 मई को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निजी विद्यालय संगठन, पालकों एवं विभिन्न मीडिया के समक्ष रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कवर्धा, जशपुर और जगदलपुर जिलों की लॉटरी निकाली गई है। इनमें रायपुर में 5 हजार 126 आरक्षित सीटों के विरूद्ध 4 हजार 655, दुर्ग में 4 हजार 293 सीटों के विरूद्ध 3 हजार 462, बिलासपुर में 4 हजार 558 सीटों के विरूद्ध 3 हजार 609, राजनांदगांव में एक हजार 703 सीटों के विरूद्ध एक हजार 471, कवर्धा में एक हजार 351 सीटों के विरूद्ध एक हजार 242, जशपुर में एक हजार 252 सीटों के विरूद्ध 895 और जगदलपुर में 761 सीटों के विरूद्ध 702 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसके बाद इन विद्यार्थियों को एक जून से 30 जून के मध्य चयनित विद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। विद्यार्थियों के चयन के लिए की जाने वाली ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत एवं मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया है। शेष बची सीटों पर आवेदकों से पुनः आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके लिए एक जुलाई से 8 जुलाई तक निर्धारित है। द्वितीय चरण के लॉटरी की प्रक्रिया 17 जुलाई से 20 जुलाई के मध्य की जाएगी।

# स्काउट-गाइड ने जैतूसाव मठ में की कुएं की सफाई

## 'कुएं बावड़ी रखें साफ-स्वच्छ' अभियान चलाया





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स-गाइड्स ने 21 मई को राज्य के सुप्रसिद्ध मंदिर जैतूसाव मठ में मठ के सचिव महेंद्र अग्रवाल के आतिथ्य में जल संरक्षण के लिए कुएं की साफ-सफाई कर 'कुएं बावड़ी रखें साफ-स्वच्छ' अभियान चलाया। यह अभियान जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला तथा जिला अध्यक्ष जी स्वामी के मार्गदर्शन व जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी के निर्देशन व जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला द्वारा बनाई गई योजना अनुसार चलाया गया। एएलटी-स्काउट हेमधर साहू ने बताया कि-एक कुंआ व बावड़ी का जल एक गांव-बस्ती को जल की पूर्ति की क्षमता रखता है। कुंआ-बावडी से शुद्ध मीठा जल हमें मिलता है, इसलिए हमें कुएं व बावड़ी की साफ-सफाई कर, उसके संरक्षण की आवश्यकता है। जिला संगठन आयुक्त बालकदास राऊत ने कुएं के अहाता की चूने से रोवर्स अनिश रामटेके, यश भारती, दीपक साहू के सहयोग से पुताई कराई गई तथा जैतूसाव मठ परिसर जल संरक्षण के नारों व गीतों से गुंजायमान हो उठा। जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि-सन् 1930 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रायपुर आये थे, तब उन्होंने इसी कुएं का जल हरिजन कन्या के हाथों से पिया था। जल संरक्षण के कार्यक्रम में आचार्य सुमित शास्त्री, आचार्य सौरभ शास्त्री-राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट, दीपक पाठक, मोहम्मद बब्बू खान, रामचंद्र का विशेष योगदान रहा।

# लोकनाट्य कलंकार की सफल प्रस्तुति







## कलंकार नहीं अलंकार होता है कलाकार : विजय मिश्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल के नाट्यशाला में लोकनाट्य कलंकार की प्रस्तुति की गई। संस्कार भारती द्वारा आयोजित समारोह में दर्शकों ने कलाकारों की भरपूर सराहना की। नाटक में कलाकारों के साथ समाज में होने वाले दोहरे व्यवहार का चित्रण, कलाकार की व्यथा को उजागर किया गया। नाटक के सूत्रधार वरिष्ठ लोक रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने कहा कलाकार कभी कलंकार नहीं होता। वह समाज का अलंकार होता है। कला की साधना इबादत से कम नहीं है। कलंकार के लेखक नरेंद्र जलक्षत्रीय ने प्रमुख पात्र नचकार चंदन तथा संतोष यादव ने गुरु मां की भूमिका को अपने उम्दा अभिनय-नृत्य से जीवंत कर दिया। गांव के लंगड़े घाघ सरपंच के पात्र को विजय मिश्रा 'अमित' ने अपने अद्भुत अभिनय से एवं चंदन की मां अहिल्या के चरित्र को मनीषा खोबरागड़े ने बेहद मार्मिक अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नूतन- रौशनी साहू ने झगड़ालू औरतों की प्रवृत्ति को बड़ी खूबसूरती से करके तालियां बटोरने में कामयाबी पाई। अन्य पात्रों में प्रांजल राजपूत, ओम निषाद, देवा कश्यप, ज्योति, पायल, सुनिधि साहू, मैरी मसीह, ऋषिका शुक्ला, अभिषेक पाण्डेय ने अभिनय और नृत्य प्रतिभा के बूते ऊंचाई दी। संगीत लाईट का प्रभावी संचालन नाटय निर्देशक अर्जुन मानिकपुरी, नीतिश यादव, अंजलि भट्ट, मानसी साहू, तोसन निर्मलकर, नारायण-लोकेश-चंद्रहास साहू, कृष्णा सपहा ने किया।

# इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारम्भ



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), यशवंत कुमार द्वारा इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारम्भ किया गया। यशवंत कुमार आईपीएआई-छत्तीसगढ़ चेप्टर के पदेन-अध्यक्ष भी हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का कार्य, समन्वित रूप से अब तक मध्यप्रदेश चेप्टर, भोपाल द्वारा संचालित किया जाता था। गौरलतलब है कि इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) की स्थापना वर्ष 1966 में एक सोसायटी के रूप में की गई थी, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के लेखांकन, ऑडिटिंग और सार्वजनिक वित्त क्षेत्रों की विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हैं। देशभर में पेशेवर सेवाएं प्रदान करने वाली इस संस्था के 18 क्षेत्रीय कार्यालय और 2600 से अधिक सदस्य हैं। वर्तमान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू, आईपीएआई के पदेन-संरक्षक और भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव डॉक्टर सुभाष चंद्र पाण्डेय (सेवानिवृत्त आईएएस), अध्यक्ष हैं। भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (आईएएएस), भारतीय नागरिक लेखा सेवा (आईसीएस), भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस), भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस), भारतीय भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी संवर्ग के सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण, इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के सदस्य होते हैं।

# तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## भागवताचार्य ने चढ़ावे में मिले समस्त सामग्री, राशि को दो निर्धन कन्याओं को किया दान



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

### दान में प्राप्त राशि, सामग्री निर्धन कन्याओं को किया दान

कार्यक्रम के समापन पश्चात अपने दानशीलता के लिए प्रसिद्ध आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने सभी की उपस्थिति में दान पेटी खोलकर धमतरी के एक गरीब परिवार की कन्या ईश्वरी सारथी तथा भारती सारथी को दान में प्राप्त राशि, कांस के बर्तन, कपड़े, चढ़ोत्री में मिले नारियल तथा पूरे सात दिन तक भगवान को अर्पण किए गए समस्त सामग्रियों का दान किया। उक्त कन्याओं का विवाह कुछ दिन बाद होने वाला है। उनके माता-पिता रायपुर के चंगोराभांठा में मजदूरी करते हैं। उक्त सामग्रियों को दोनों युवतियों को देते हुए आचार्य जी ने कहा कि दोनों बेटियों को कथा के दौरान मिली राशि, सामग्रियों, बर्तन, कपड़े, उपहार को दान स्वरूप दे रहे हैं। इसके अलावा उनकी शादी में जो भी सामग्री की आवश्यकता होगी जैसे कूलर, पंखा, पचरतन सामान, सहित विवाह के सभी आवश्यक सामग्री उन्हें वे प्रदान करेंगे।

### भागवत में इनका रहा सहयोग

कथा आयोजन को सफल बनाने में द्रोपती चंद्राकर, मीना सुरेश चंद्राकर, प्रमिला संतोष चंद्राकर, प्रतिभा पवन चंद्राकर, सुष्मिता आलोक चंद्राकर, अंजु लीलाधर चंद्राकर, मोना प्रवीण चंद्राकर, डॉ. नेहा- डॉ. तारेंद्र देशमुख, ऋतु संकल्प चंद्राकर, रानी रितेश चंद्राकर, पूर्णिमा अभिनव चंद्राकर, अंकिता प्रशांत चंद्राकर, अपूर्वा सौरभ चंद्राकर, चुनमुन ऋषभ चंद्राकर, मधु राहुल चंद्राकर, प्रियल आकाश चंद्रवंशी, प्रज्ञा आशीष चंद्राकर, डॉ. रीमा, नमन, प्रांजल, डॉ. साक्षी, डॉ. सजल, शब्द, भरत, ग्रीनी, हनी, तनिष्क, मयांश, आरू, अदब्य, अव्यान, निर्विघ्न, अविका, सानवी, काव्यांश, ऋचल, पृथी, मौलिक, श्रीजा, शिवांश चंद्राकर सहित राजेश श्रीवास्तव, सागर डोंगरे, परमेश्वर साहू का सहयोग रहा। आयोजनकर्ता लीला देवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए सभी नगरजनों, श्रोताओं, भक्तों का आभार व्यक्त किया।

स्थानीय बीटीआई रोड स्थित श्री भरत-लीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन कथा के अंतिम दिवस देर रात फूलों की होली तथा तुलसी वर्षा, हवन पश्चात शोभायात्रा के साथ हुआ। इसमें कथा वाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने भागवत प्रेमियों को भगवान की लीलाओं से साक्षात्कार कराया। तथा भक्तिमार्ग से जुड़कर सत्कर्म का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत के श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। साथ ही उन्होंने नगर की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। हवन के पश्चात महाभंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# मतगणना कार्य में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के सहयोग के लिए लगाई गई मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 04 जून को मतगणना कार्य प्रातः 8 बजे से कृषि उपज मंडी में किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने सम्पूर्ण मतगणना कार्य के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम एवं 55- बिन्द्रानवागढ़ के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के सहयोग के लिए मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी प्रातः 5 बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक लगाई गई है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम के लिए मास्टर ट्रेनर बंटी राय एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 55 बिन्द्रानवागढ़ के लिए मास्टर ट्रेनर छन्नु लाल तारक एवं रिजर्व के रूप में मास्टर ट्रेनर गौतम कुर्रे की ड्यूटी लगाई गई है।

# अधिकतम तापमान में वृद्धि की चेतावनी

## दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग के जिलों में आगामी 48 घंटे में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के मध्य रहने की संभावना व्यक्त करते हुए अलर्ट जारी किया गया है। विभाग द्वारा इन क्षेत्रों के नागरिकों को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे के बीच घर या कार्य स्थल से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। पानी और उपयुक्त तरल पदार्थ का सेवन करते रहें। अनावश्यक रूप से धूप में न निकलें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे की बीच। हल्के रंग के कॉटन कपड़े पहने व पूरे शरीर को ढंककर रखें। यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित है तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे ठंडी जगह पर लिटाएं। उसे गीले कपड़े से पोंछे या शरीर को बार-बार धोएं। सामान्य तापमान का पानी सिर पर डालें।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर आज यहां राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

# अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई को

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिससे जन सामान्य में धूम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां परिलक्षित हो रही है, जो सभी के लिए चिंता का विषय है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जनपद पंचायत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत जन सामान्य, मीडिया प्रतिनिधियों, स्वैच्छिक संस्थाओं, प्रतिष्ठित नागरिकों, भारत माता वाहिनी के सहयोग से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार करने के लिए 31 मई को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर चर्चा एवं दुष्प्रभावों की जानकारी समुदाय में प्रचारित करना, सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशामुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से प्रेरक नाटक, गीत परिचर्चा एवं यथा संभव योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा इससे होने वाले लाभ पर व्याख्या इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

**ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री अविनाश सागर 2. श्रीमती प्रीति सुधा सागर (प्रॉस्पेक्ट नं. 830196) | 02.07.2021 रु. 10,32,406/– (रु. दस लाख बत्तीस हजार चार सौ छह मात्र) बोली वृद्धि राशि: रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि अरण्या सिटी, वुडलैंड प्लॉट नं. 25, क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट, ब्लॉक डी, खसरा नं. 709 पी.एच. नं. 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद मौजा पचेड़ा, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | 19.02.2022 कुल बकाया दिनांक 06.03.2024 तक रु. 14,26,556/– (रु. चौदह लाख छब्बीस हजार पाँच सौ छप्पन मात्र) | रु. 5,75,000/– (रु. पाँच लाख पिचहत्तर हजार मात्र) धरोहर राशि (ईएमडी): रु. 57,500/– (रु. सत्तावन हजार पाँच सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 05.06.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 07.06.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 10.06.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
टिप्पणीः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। सफल बोली पर शेष भुगतान के लिए आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना होगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः– स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ग) खाता संख्याः–9902879xxxxx उसके बाद प्रॉस्पेक्ट नंबर, घ) आईएफएससी कोडः– SCBL0036001 ङ) बैंक का पताः स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई–400001

**नियम और शर्तेः–**
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** और **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
6. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : **care@iiflonehome.com** सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
7. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर **care@iiflonehome.com** लिखें
8. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 की उप धारा (1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 22.05.2024 — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# जिले में रेत के अवैध उत्खनन के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

- समय-सीमा की बैठक में लंबित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में रेत के अवैध उत्खनन की लगातार मिल शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में रेत उत्खनन एवं अवैध वसूली के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रेत परिवहन वाहनों के सभी वैध दस्तावेजों और अनुमति से संबंधित कागजातों का बारीकी से परीक्षण करें और किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरूद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करें। साथ ही रेत भंडारण स्थलों का सतत् निरीक्षण कर उपलब्ध रेत का रिकॉर्ड के साथ मिलान कर उसका भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने आगामी 10 जून के उपरांत रेत खनन का कार्य प्रतिबंधित करने के भी निर्देश खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना के परिप्रेक्ष्य में सभी अधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने एवं जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। कांकेर एवं भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में आवास निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले के सभी 149 धान उपार्जन केन्द्रों में से धान का उठाव पूर्ण हो जाने के बाद भी पोर्टल में 78 केन्द्रों में धान की उपलब्धता प्रदर्शित होने पर संबंधित नोडल अधिकारियों को इन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर इसमें आवश्यक सुधार कराने के लिए उन्होंने निर्देश दिए। कोयलीबेड़ा के ग्राम पानीडोबीर में हाई वोल्टेज लाइन के नीचे से बोरखनन वाहन के गुजरने के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो जाने की घटना पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हादसों से बचाव के लिए विद्युत प्रवाह को बंद कराने के बाद ही बोर वाहनों को क्रॉस कराएं। इसके लिए विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से पूर्व में ही समन्वय स्थापित कर लें। इसके अलावा कलेक्टर ने विद्युत देयकों के लंबित भुगतान प्राप्त आबंटन की उपलब्धता अनुसार करें तथा शेष राशि के लिए अधिकारी अपने उच्च कार्यालय से पत्राचार कर आवश्यक बजट की मांग करें। साथ ही वन अधिकार मान्यता पत्र के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए वन विभाग से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने, ग्राम पोटगांव में विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के लिए भू-आबंटन की कार्यवाही, आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर पहुंचविहीन गांवों में राशन तथा मितानिन पेटी में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित नाले-नालियों में प्लास्टिक, कचरा, गंदे पानी का भराव न हो, इसके लिए वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व साफ-सफाई कराने हेतु कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत के सीइओ सुमित अग्रवाल, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, बी.एस. उईके, जितेन्द्र कुर्रे, सभी अनुविभाग के एसडीएम सहित जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

# आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी अधिकारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों ने शपथ ली कि अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध किया जाएगा। साथ सभी ने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ कलेक्टर द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, बी. एस. उइके एवं जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने स्वीकृत की क्षतिपूर्ति राशि

**कांकेर।** माओवादी पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु स्वीकृत कार्य योजना के तहत् कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा अज्ञात माओवादियों द्वारा वाहन जलाये जाने के प्रकरण में वाहन मालिक को क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया है। कोयलीबेड़ा निवासी विनोद कुमार साहू के वाहन परतापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोटांज से गट्टाकाल तक सीसी रोड निर्माण कार्य में लगे जेसीबी वाहन को अज्ञात माओवादियों द्वारा जला दिया गया, जिसकी क्षतिपूर्ति के तौर पर 03 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# गैस चूल्हा पर सिल्वर बर्तनों का मॉडिफाई सेटअप कर अवैध भट्टी में तैयार की जा रही महुआ शराब की जब्त

- मौके पर 40 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के पात्र, गैस चूल्हा, सिलेण्डर की जप्ती, आरोपी पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ
www.dailypioneer.com



प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया थानाक्षेत्र में खरसिया पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चपले में परमेश्वर दास बैरागी के घर पीछे शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम चपले का परमेश्वर दास अपने घर के पीछे अवैध महुआ शराब का निर्माण कर अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखा है। सूचना पर कल सुबह पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी परमेश्वर दास बैरागी पिता महेत्तर दास उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम चपले थाना खरसिया को उसके घर के पीछे एक कमरा में गैस चूल्हा में सिल्वर बर्तनों का मॉडिफाई सेटअप भट्टी लगाकर अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से 02 नग 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बा में भरा 30 लीटर महुआ शराब, 02 नग 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 10 लीटर महुआ शराब जुमला 40 लीटर महुआ शराब कीमती 8,000 रुपये तथा शराब बनाने के पात्र, गैस चूल्हा, सिलेण्डर की जप्ती कर थाना लाया गया।

आरोपी परमेश्वर दास बैरागी के कृत्य पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना खरसिया में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

# ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर यातायात विभाग ने बरती सख्ती

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एवं डीएसपी ट्रैफिक सतीष ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा इस वर्ष 4 माह में 280 लापरवाह वाहन चालको के लायसेंस सस्पेंड करने हेतु परिवहन विभाग को प्रेषित किया गया है। जिसमें परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहन चालको का लायसेंस को सस्पेंड किया गया है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 280 प्रकरण में से 204 प्रकरण छ.ग. राज्य के सभी जिलों एवं 76 प्रकरण अन्य राज्यों के वाहन चालको का भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट के 07 धाराओं जिसमें तेज रफ्तार वाहन चालन, रेड सिग्नल जम्प, शराब सेवन कर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग करना, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना, विपरीत दिशा से वाहन चालन करना एवं माल वाहक में ओवर लोड माल ले जाना में वाहन चालको के लायसेंस सस्पेड करने निर्देशित किया गया है।

## चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर तहसील के ग्राम नाथियानवागांव निवासी 84 वर्षीय मुरही बाई नेताम की बांध में डूबने से मृत्यु होने के कारण उनके आश्रित रामदयाल, दयालुराम, धरमराज और रामतबत्ती के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# खादय विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आकस्मिक निरीक्षण किया




**मुंगेली।** खाध विभाग के संयुक्त जाँच दल को खादय विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा व्यवसायिक प्रतिषानों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्राची डेली नीड्स में 14.2 कि.ग्रा. गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाये जाने पर द्रवीत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के उल्लंघन में 02 नग 14.2 कि. ग्रा का भरा सिलेंडर एवं 01 नग 14.2 कि.ग्रा. का खाली घरेलू सिलेण्डर जप्त कर सरगांव ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के सुपुर्दगी में दिया गया है।

# महिला की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, एफटीसी कोर्ट ने सुनाई सजा

पायनियर संवाददाता < रायगढ
www.dailypioneer.com

घर से शराब पीने के लिये निकली महिला की हत्या के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि 30 दिसंबर 2018 की शाम 6 बजे मृतका शराब पीने जाने के नाम से घर से निकली थी जो रात भर घर नही लौटी। वह पहले भी कभी-कभी रात को घर नही आती थी और अपने परिचित के घर में रूक जाती थी इसलिये परिजनों ने रात में उसकी खोजबीन नही की। दूसरे दिन सुबह मृतका के घर नही आने के बाद उसकी बेटी कु. सरस्वती सिदार अपने अन्य परिजनों के साथ उसकी खोजबीन शुरू कर दी तब अभियुक्त माधव यादव से उन्हें पता चला कि मृतका बालसमुंद रेलवे लाइन किनारे मृत अवस्था में पड़ी हुई है। जिसके बाद मृतका के शव को अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतका की हत्या की गई है। इस मामले में मृतका की पुत्री सरस्वती सिदार के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी माधव यादव पर मृतका के साथ हत्या के पूर्व अनाचार किये जाने का भी आरोप अपने अभी कथन में लगाया गया आरोप के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पीएम रिपोर्ट के आधार पर जेल भेज दिया था। इस मामले में विद्वान न्यायाधीश जगदीश राम की अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात विद्वान न्यायाधीश ने आरोपी माधव यादव पिता छबिको यादव पडिगांव पुसौर को जहां एक तरफ धारा 376 के आरोप से दोष मुक्त कर दिया वहीं धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 201 के तहत सात वर्ष कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड न पटाने पर आरोपी को दोनों धाराओं के लिये अलग-अलग 6-6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतान की व्यवस्था दी गई है। निर्णय में दोनों सजाए साथ-साथ चलने का आदेश दिया गया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक हरिलाल पटेल ने पैरवी की।

# ग्राम कांटागांव में हुआ राम दरबार मंदिर में एतेहसिक प्राणप्रतिष्ठा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिला के क्षेत्र ग्राम काटागांव में नव राम मंदिर की स्थापना किया गया। राम मंदिर के गर्व ग्रह में अयोध्या से आए हुए ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर मंत्र उच्चारण कर श्री राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्राम कांटागांव के साथ ही आसपास के गांव से बुजुर्ग युवा महिलाएं बच्चे राम भक्ति में इस तरह डूबे जिससे मानो अवधपुरी नगरी से कोई कम नही रहा काटागांव मे जब राम लल्ला आयोध्या मे विराजमान हो रहे थे। उस समय काटागांव के गांव गांव मुहल्ला मुहल्ला वाले अपने गांव में रामलाल की स्थापना करने का सपना देख रहे थे। जो कि उनका सपना साकार हुआ। राम लला की झांकी निकाल कर। श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह मे शामिल होने हजारों की तदात मे भक्तों की भीड़ काटागांव पहुंची। शाम को गोधुली बेला मे भगवान राम की झांकी ग्राम बुडरा चौक से राम मंदिर के लिए रवाना हुई। शोभा यात्रा शांति पूर्वक ढंग से झांकी के साथ कटागांव मे भ्रमण की । जगह जगह पुष्प वर्षा किया किया गया। भक्तो के लिये शरबत और पानी की व्यवस्था श्रध्दालुओं के द्वारा किया गया । राम के भक्ति मय संगीत मे डीजे की धुन पर भक्त गण थिरक्ते नजर आए।

# कलेक्टर ने आगामी मानसून में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए आवश्यक तैयारी रखने के दिए निर्देश

## जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक प्रशासनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु में बाढ़ से निबटने और प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में अभी से खाद्य सामग्रियों और जीवनरक्षक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित कर लें, ताकि प्रभावित के लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में उन्होंने खाद्य अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीएमओ को मानसून से पहले नालियों की साफ सफाई के निर्देश दिए ताकि बारिश में जाम की स्थिति न हो। बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार ने बताया कि बाढ़, अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने एवं सहायता के लिए राज्य, जिला, अनुभाग एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला कार्यालय में जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 7647970445 है। उक्त नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। बैठक में जिले के बाढ़ प्रभावित तहसीलों में निगरानी टीम का गठन करने एवं बाढ़, अतिवृष्टि आदि से बचाव हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रेषित करने को कहा गया। बाढ़ से बचाव के लिए सक्रिय मोटर बोट एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था सहित सभी बचाव टीम को तैयार रखने के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिले के तहसील स्तर पर स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की मरम्मत व संधारण करने एवं नियमित रूप से जानकारी भेजने हेतु सभी तहसीलदार को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद-बीज भंडारण, वितरण एवं गुणवत्ता परीक्षण की समीक्षा की

# कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



आगामी खरीफ वर्ष 2024 के तहत कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद बीज के भंडारण, वितरण एवं गुणवत्ता परीक्षण की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले के समितियों में खाद बीज भंडारण एवं किसानों को वितरण की समीक्षा करते हुए आगामी खरीफ वर्ष 2024 में उर्वरक डीएपी की मांग अधिक होने पर उसकी पूर्ति के लिए विकल्प उर्वरक के रूप में शासन के निर्देशानुसार 20:20:13 उर्वरक को समितियों में वितरण कर उसके उपयोग हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समितिवार वास्तविक किसानों से बीज की वास्तविक मांग प्राप्त कर बीज निगम के प्रबंधक को उपलब्ध कराएं ताकि किसानों को आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सके तथा बीज की बचत या वापसी की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने जिले के निजी खाद, बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर वास्तविक किसानों को ही सही दाम पर मानक बीज एवं उर्वरक का वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं द्वारा कृषकों के स्थान पर अन्य व्यक्तियों को वितरण किये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जब्ती की कार्यवाही कर लाइसेंस रद्द किया जाएगा। साथ ही दाण्डिक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद-बीज उर्वरक क्रय करने वाले किसानों को क्रय की रसीद रखने की समझाईश दें ताकि खाद या बीज अमानक होने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने जिले में निजी खाद, बीज विक्रेताओं द्वारा 200 मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर विक्रय किये जाने की स्थिति में उनके खाद का कम से कम दो बार तथा उक्त मात्रा से कम भंडारण की स्थिति में एक बार मानक नमूना लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर कृषि विभाग, मार्कफ़ेड, सहकारिता, बीज निगम, मंडी बोर्ड, सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

## मतगणना तिथि 04 जून को शुष्क दिवस घोषित, जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत मतगणना हेतु नियत तिथि 04 जून दिन मंगलवार की तिथि तय की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने उक्त तिथि को मतगणना स्थल क्षेत्र एवं नगर पालिका क्षेत्र कांकेर में स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकान कांकेर की फुटकर दुकानें एवं एफएल-4 (क) व्यावसायिक क्लब को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार मतगणना अवधि पर उक्त क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

## घरघोड़ा से राजस्थान जा रही मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे, घरघोड़ा के पास हुई घटना



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में आने वाले कोल ब्लाक के लिए बिछाई गई रेल लाइन में कोयले से भरी एक मालगाड़ी की चार रैक पटरी से उतर गई। जिससे कोयला पटरियों में फैलने से कोयला परिवहन प्रभावित हुआ है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ये मालगाड़ी कोयला लोड करके घरघोड़ा ब्लाक में संचालित बरौदकोल ब्लाक जो एसईसीएल के अधीन है वहा की रेलवे साइडिंग से कल सुबह 7 बजे राजस्थान के लिए जा रही थी। कोल साइडिंग से कुछ दूर जब माल गाडी चलने के बाद आधे घंटे के भीतर 7:30 पर करीब चार बोगी पटरी से उतर गई। बोगी के पटरी से उतर जाने पर अफरा तफरी का माहौल बन गया है।

## संपादकीय

### मालीवाल प्रकरण आरोप-प्रत्यारोप

**मालीवाल पर हमले** के मामले में केजरीवाल के सहायक की गिरफ्तारी के बाद 'आप' और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष तथा 'आप' की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल पर कथित हमले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार नामजद हैं। यह मामला गंभीर होता जा रहा है। यह घटनाक्रम तिहाड़ जेल से केजरीवाल की वापसी के कुछ ही दिन के भीतर हुआ जहां उनको दिल्ली एक्साइज़ नीति निर्धारण में भ्रष्टाचार के आरोप में बंद किया गया था। अब कथित हमले में विभव कुमार की गिरफ्तारी से विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक दांवपेंचों की शुरुआत हो गई है। इस मामले में स्वाती मालीवाल केन्द्र में हैं जिन पर दिल्ली महिला आयोग-डीसीडब्लू में नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं के आरोप में 'एंटी-करप्शन ब्यूरो' जांच कर रहा है। पहले हमले की बात स्वीकारने वाली 'आप' अब आरोप लगा रही है कि मालीवाल को इस मामले में गिरफ्तारी की धमकी पर ब्लैकमेल किया गया था। विभव की गिरफ्तारी का संबंध इस जांच से है, जिसने पहले से ही अस्थिर स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है। अपने सहायक की गिरफ्तारी के विरोध में अरविंद केजरीवाल ने 'आप' विधायकों, सांसदों और समर्थकों के साथ भाजपा मुख्यालय तक एक विरोध मार्च निकाल कर विभव के साथ एकजुटता प्रदर्शित की तथा भाजपा द्वारा राजनीतिक बदला लेने का 'खुलासा' किया। प्रधानमंत्री मोदी को भेजे एक वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा है कि वे एक-एक कर गिरफ्तार करने के बजाय 'आप' के सभी नेताओं को एकसाथ गिरफ्तार कर लें। केजरीवाल ने जोर दिया कि विभव और मालीवाल के खिलाफ



कार्रवाई 'आप' द्वारा भ्रष्टाचार का मुकाबला तथा प्रशासन में सुधार के प्रयासों को कुचलना है। दूसरी ओर भाजपा ने जोर दिया है कि भ्रष्टाचार-विरोधी कानून का पूरी सतर्कता से पालन किया जा रहा है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि सार्वजनिक पदों पर पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जांच एक आवश्यक कदम है। मजेदार बात है कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर खामोश रहने का निर्णय किया है। इस तटस्थ दृष्टिकोण का उद्देश्य 'आप' और भाजपा के बीच टकराव से दूर रहना है क्योंकि ये दोनों दिल्ली में उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं।

राजनीति में समय सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह प्रकरण ऐसे समय हुआ है, जब दिल्ली में एक सप्ताह में 25 मई को मतदान है। इस बीच 'आप' और भाजपा के बीच टकराव विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीच टकराव का अंग बन गया है। इस घटना के राजनीति पर दूरगामी परिणाम होंगे जिससे भावी चुनावों में मतदाताओं का दृष्टिकोण प्रभावित हो सकता है। फिलहाल मालीवाल पर दोषारोपण करना ठीक नहीं है क्योंकि मामला अभी अदालत के विचाराधीन है, लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि अतीत में दिए उनके कुछ बयान अजीब लगते हैं। एक बार उन्होंने ट्वीट किया कि वे 'सौभाग्यशाली बेटी' हैं, लेकिन दूसरे अवसर पर उन्होंने कहा कि बचपन में उनका यौन उत्पीड़न हुआ था। दोनों पार्टियों द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद, दिल्ली की जनता पूरे प्रकरण पर गंभीर नजर रख रही है। उसे अनुमान है कि ऐसे समाधान निकलेंगे जिनसे 'राजनीतिक सुविधा' के बजाय सुशासन व न्याय को वरीयता मिलेगी। भगवान बुद्ध ने एक बार कहा था, 'तीन चीजें-सूरज, चांद और सत्य लंबे समय तक छिपाई नहीं जा सकती हैं।' जल्द ही हमें पता चल जाएगा कि मालीवाल प्रकरण एक राजनीतिक षडयंत्र है अथवा यह 'आप' पार्टी सदस्यों पर हमले की रणनीति है।

# अमेरिका-ईरान संबंध और भारत

**भारत ने चाबहार बंदरगाह समझौते के माध्यम से ईरान के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। उसे अमेरिकन सरोकारों की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय हितों के साथ सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना होगा।**



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)




**भारत ने** चाबहार बंदरगाह समझौते के माध्यम से ईरान के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। उसे अमेरिकन सरोकारों की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय हितों के साथ सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना होगा। ईरान अनावश्यक रूप से अनेक अमेरिकन प्रशासनों की संवेदनशीलता का शिकार रहा है, हालांकि विभिन्न अमेरिकन सरकारों में ईरान से संबंधों के मामले में मतभेद भी रहे हैं। अमेरिका-ईरान संबंधों में टकराव की शुरुआत 1979 में हुई जब ईरानी क्रांति तथा इसके बाद अमेरिकन दूतावास में बंधकों के प्रकरण ने द्विपक्षीय संबंधों में भारी तनाव पैदा किया।

लेकिन अमेरिका से संबंधों को लेकर ईरान कम आहत नहीं है। ईरानियों को गहराई तक इस तथ्य ने झकझोर दिया था कि 1953 में उनके लोकप्रिय प्रधानमंत्री मुहम्मद मुसादेह के खिलाफ सैनिक-विद्रोह के पीछे अमेरिकन खुफिया एजेंसी सीआईए का हाथ था। निश्चित रूप से अयातुल्ला खुमैनी का 'धार्मिक शुद्धतावाद' अमेरिका से संबंध बिगाड़ने का एक और कारण बना। 'ईरानी इस्लामी क्रांति' के बाद खुमैनी ने वैचारिक रूप से 'पश्चिम'-विरोधी दृष्टिकोण अपनाया था। इसके साथ ही ईरानी जनता सद्दाम हुसेन को अमेरिकी-समर्थन भूली नहीं है जिनके कारण एक दशक तक ईरान-ईराक युद्ध चला था। हालांकि, बाद में अमेरिका ने स्वयं सद्दाम हुसेन को सत्ता से हटा दिया था, पर आज अमेरिकी सरकारें ईरान से संबंध खराब करने में अपनी इस भूमिका को सुविधाजनक रूप से भूल गई हैं। इसके बाद अमेरिकनों ने ईरान को 9-11 तथा अलकायदा-आईएसआईएल के जन्म से जोड़ दिया, हालांकि ईरान का इन दोनों घटनाओं से कोई संबंध नहीं था। वास्तव में सच्चाई यह है कि ईरान तथा उसके समर्थक बल सीरिया-ईराक क्षेत्र में आईएसआईएल से लगातार लड़ते रहे हैं। ईरान ने बड़ी सीमा तक अलकायदा को कमजोर करने में अपनी भूमिका निभाई थी, पर इसके बावजूद अमेरिका ने ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी।

अमेरिका के 'सहयोगी'-इज़राइल और अरब के शेखों की शतरंज में नस्ली टकराव का महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए उनको सीरिया, लेबेनान और यमन में ईरान की शक्तिशाली स्थिति पसंद नहीं है और अनुचित रूप से ईरान को लगातार 'शैतान की तरह' पेश किया जाता है। हालांकि, सऊदी अरब और पाकिस्तान जैसे देशों ने धार्मिक अतिवाद और आतंक फैलाने में ज्यादा बड़ी भूमिका अदा की है, पर उनको लगातार अमेरिकी सहायता मिल रही है जबकि ईरान पर विकलांगकारी आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकनों ने एकपक्षीय रूप से ईरान नाभिकीय समझौता खारिज कर दिया, जबकि समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले अन्य पीप्लसवन देशों तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ की निगरानी एजेंसी 'इंटरनेशनल एटोमिक इनर्जी एजेंसी'-आईएईए ने पुष्टि की थी कि ईरान ने संधि की सभी शर्तों का पालन किया है। इज़राइल व अरब शेखों के दबाव में ईरान को लगातार मजबूर किया जा रहा है। उस पर मध्यपूर्व में होने वाली हर गलत चीज का ठीकरा फोड़ दिया जाता है, भले ही ईरान की इन घटनाओं में कोई भूमिका न रही हो।

'हमास' समूह का ईरान समर्थन करता है, जबकि अभी हाल तक सऊदी अरब व अन्य देश इसका समर्थन करते थे। इस बात के कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं हैं जो ईरान को 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की योजना बनाने या उसके क्रियान्वयन से जोड़ सकें। लेकिन इसके बावजूद ईरान की संलिप्तता का शोर लगातार मचाया जा रहा है। किनारे धकेल देने पर मजबूरी में अपने संप्रभु गौरव को बनाए रखने के लिए ईरान जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सीरिया में इज़राइलियों द्वारा उसके वरिष्ठ सैनिक अधिकारियों को मारे जाने के बाद ईरान इसके लिए मजबूर हुआ है। ईरान के कथित षडयंत्रों को 'सिद्ध करने' के लिए बहु-प्रतीक्षित औचित्य की जरूरत थी और अमेरिका ने इसे दोनों हाथों से पकड़ा। अमेरिका में यह चुनाव वर्ष है और वह 'दुश्मन' ईरान के खिलाफ चुनावी लाभ के लिए कार्रवाई करते दिखना चाहता है। इससे स्थिति और खराब हुई है। पहले ईरान नाभिकीय समझौता बहाल करने के वादे पर सत्ता में आए जो बाइडेन अब डोनाल्ड ट्रंप को मुकाबले में पराजित करने के लिए अपना यह वादा भूल गए हैं। आज बाइडेन ईरानियों का 'मुकाबला करने' में डोनाल्ड ट्रंप को पीछे छोड़ देने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे ईरान पर और अधिक प्रतिबंध लगा रहे हैं। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 'सारी दुनिया ने देखा कि एक सप्ताह से भी कम समय पहले ईरान ने इज़राइल के खिलाफ अपनी एक सबसे बड़ी मिसाइल लांच की तथा उस पर ड्रोन विमानों से हमला किया। अपने सहयोगियों के साथ मिल कर संयुक्त राज्य अमेरिका ने इज़राइल की रक्षा की। हमने यह हमला विफल करने में सहायता की है। आज हम ईरान को इसके लिए जवाबदेह मान कर हम उसके खिलाफ नए प्रतिबंध तथा निर्यात नियंत्रण लगा रहे हैं।' इनका प्रतिबंधों और नियंत्रणों का प्रभाव अमेरिका से बहुत आगे तक जाता है। अमेरिका अब किसी ऐसे देश पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दे रहा है जिसके ईरान से संबंध हों। इनमें संभवत: भारत भी है जिसने हाल ही में ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के 10 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पाकिस्तानी भू-मार्गों को छोड़ कर अफगानिस्तान और मध्य एशियाई गणतंत्रों तक पहुंच मार्ग देता है।

यह भारत को पाकिस्तान के दूसरी ओर महत्वपूर्ण सुविधा देता है तथा चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित ग्वादर बंदरगाह का जवाब है। इससे प्राचीन सभ्यता वाले देशों-भारत तथा ईरान के संबंध मजबूत होते हैं। अफगानिस्तान में तालिबान अब पाकिस्तान से ऊब गए हैं, ऐसे में ईरान के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर कर नई दिल्ली ने इस क्षेत्र में चीन-पाकिस्तान धुरी का मुकाबला करने की बेहतरीन संभावनायें तैयार की हैं। जहां भारत को चीनी खतरों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका से संबंध बनाए रखने और मजबूत करने की जरूरत है, वहां उसे क्षेत्रीय सरोकारों को देखते हुए ईरान के मामले में अमेरिकी सरोकारों से स्वयं को अलग रखना होगा। यदि अमेरिका केवल अपने द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय दृष्टिकोण को महत्व दे तो भारत अमेरिका का 'अंध समर्थक' नहीं बना रह सकता है। यह भारत द्वारा निर्णय लेने में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। भारत ने रूसी तेल खरीदने तथा मास्को के साथ नजदीकी संबंध बनाए रखने में इसी नीति का अनुसरण किया है, हालांकि इसके साथ ही उसने यूक्रेन की घटनाओं पर भी चिन्ता प्रकट की है।

वैसे अमेरिका ने भारतीय दृष्टिकोण और मजबूरियों को समझा है जो किसी प्रकार अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने को लक्षित नहीं थीं। वह केवल अपने हितों की ही रक्षा करना चाहती थीं। इसलिए भारत ने ऐसे मामलों में कोई बयानबाजी नहीं की। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए खासकर ईरान के मामलों में आक्रामक बयानताी से बाइडेन प्रशासन अपना ही नुकसान करेगा। इसलिए उसे चाबहार बंदरगाह के रखरखाव के दस वर्षीय समझौते के बारे में भारत और ईरान की मजबूरियों पर समग्र रूप से गौर करना चाहिए। अमेरिकी अधिकारी के बयान को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। ईरान से भारतीय समझौते के बारे में सवाल का जवाब मांगने पर उसने कहा, 'आपने कई बार अनेक मामलों में हमारा दृष्टिकोण देखा है। इसका अर्थ है कि ईरान से बिजनेस करने वाले किसी उद्यम को यह पता होना चाहिए कि वे स्वयं को प्रतिबंधों के संभावित खतरे के सामने रख रहे हैं।' वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अमेरिका अपने दृष्टिकोण पर बना रह सकता है, पर भारत को भी अपने हितों को देखते हुए काम करना होगा। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में इस विरोधाभास को समझते और एक सीमा तक स्वीकार करते हैं। अमेरिका अच्छी तरह जानता है कि भारत के ईरान के साथ रणनीतिक समीकरणों का उद्देश्य अमेरिकी हितों को कमजोर करना नहीं है।

# जटिल चुनौतियों से नीति परिवर्तन

> **आज की समस्याओं का समाधान केवल आध्यात्मिक हो सकता है और हमने युवा जनसंख्या को आध्यात्मिकता से वंचित रखा है। हमारी शिक्षा बहुत खतरनाक ढंग से जीवन विरोधी हो गई है।**



**आचार्य प्रशांत**
(लेखक, वेदांत शिक्षक हैं)

**भारत के** महत्वपूर्ण मुद्दे स्थायी, परिवर्तनकारी परिवर्तन के लिए व्यावहारिक कार्रवाई और सामूहिक मानसिकता में बदलाव की मांग करते हैं। भारत को विभिन्न क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को समाज, राजनीति, अर्थशास्त्र आदि से संबंधित मानना आकर्षक लगता है, लेकिन अनिवार्य रूप से सभी समस्याओं की जड़ें मनुष्य के दिमाग में होती हैं और स्वयं की पर्याप्त समझ की कमी से उत्पन्न होती हैं। इसलिए समाधान बाहरी और आंतरिक दोनों डोमेन में होने चाहिए। आइए भारत को परेशान करने वाले पांच प्रमुख संघर्षों और चुनौतियों पर नजर डालें। भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण में इन समस्याओं का रचनात्मक रूप से जवाब देना शामिल होगा।

यह सर्वविदित है कि जलवायु परिवर्तन एक मानवजनित घटना है। लद्दाख पहले से ही जलवायु परिवर्तन के कारण क्षेत्र की पारिस्थितिकी में होने वाले स्पष्ट बदलावों को लेकर आंदोलनरत है। यदि भारत ने तुरंत सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो पांच साल बहुत लंबा समय है। इस मुद्दे पर जन जागरूकता की भयावह कमी है जिसके कारण राजनीतिक निष्क्रियता हो रही है। हम देश को घेरने वाली भयानक गर्मी की लहरों से निपटने की योजना कैसे बना रहे हैं? फसल की घटती पैदावार और चरम मौसम की घटनाओं से गरीबों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? क्या हम नहीं जानते कि जिस जहरीली हवा का हम उपभोग कर रहे हैं या जिस जल संकट का हम सामना कर रहे हैं उसका स्रोत क्या है? हम वनों की कटाई और बड़े पैमाने पर कार्बन-उत्सर्जक बुनियादी ढांचे के निर्माण से हिमालय को बर्बाद करना जारी रख रहे हैं, यह जानते हुए भी कि इससे अनियमित बारिश के पैटर्न, ग्लेशियरों के पिघलने और अंतत: जीवन का विनाश हो रहा है, जैसा कि हम जानते हैं।

उपभोग के प्रति अंधी लालसा इस अंध विश्वास से आती है कि उपभोग किसी के जीवन की पूर्णता या सफलता का सूचक है। उपभोक्तावाद की इस धारणा के साथ हमारी आबादी का विशाल आकार आत्म-विनाश का नुस्खा है। अगले 5 वर्षों में, हमें मानव जाति के सामने मौजूद इस सबसे बड़े खतरे पर शिक्षा और जन-जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है और साथ ही आत्म-जागरूकता पर कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोग-आधारित दोषपूर्ण जीवन दर्शन को सही करने की दिशा में वास्तविक प्रयासों की भी आवश्यकता है। वही वासना जो ग्रह को नष्ट करने की धमकी देती है, पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों के अधिकारों का भी हनन करती है। पशु अधिकारों के उल्लंघन, पारिस्थितिकी हानि और जैव विविधता विलुप्त होने की समस्याएँ - सभी एक ही स्रोत से उत्पन्न होती हैं। जब हम पशु अधिकारों की बात करते हैं, तो दुर्भाग्यवश आज यह जीवित रहने के बुनियादी अधिकार के लिए संघर्ष है। पिछले 50 वर्षों में ग्रह पर सभी जीवित प्रजातियों में से लगभग 50त्न विलुप्त हो गई हैं। इसका अधिकांश कारण हिंसक मानवीय कार्रवाई है। प्रतिदिन 100-1000 प्रजातियाँ विलुप्त हो जाती हैं। साथ ही, यह प्राकृतिक विलुप्ति दर से 100 से 1000 गुना तेज है। भारतीय और मनुष्य के रूप में, हमने पूरे ग्रह के खिलाफ जिस तरह का कालीन प्रजातिनाशक लॉन्च किया है, उसके साथ हम शारीरिक या आध्यात्मिक रूप से जीवित रह सकते हैं। अपने पैमाने और क्रूरता में, यह पृथ्वी पर अब तक देखी गई किसी भी हिंसा की कार्रवाई से कहीं अधिक है।

यह देखना विशेष रूप से खेदजनक है कि भारत, अपनी अहिंसा के साथ, जीवन रूपों के प्रति अत्याचार के सबसे बुरे अपराधियों में से एक है। चाहे वह मांस निर्यात हो, डेयरी उद्योग का विस्तार हो, या तथाकथित विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से पशु आवासों का संगठित विनाश हो, यह सभी के लिए केवल विनाश का संकेत है। अगले 5 वर्षों में, मैं इस मोर्चे पर सीधी और मजबूत कार्रवाई देखना चाहता हूं, जो केवल सार्वजनिक चेतना की उत्तेजना के परिणामस्वरूप हो सकती है। वही वासना जो ग्रह को नष्ट करने की धमकी देती है, वह पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों के अधिकारों का भी हनन करती है। . पशु अधिकारों के उल्लंघन, पारिस्थितिकी हानि और जैव विविधता विलुप्त होने की समस्याएँ - सभी एक ही स्रोत से उत्पन्न होती हैं। जब हम पशु अधिकारों की बात करते हैं, तो दुर्भाग्यवश आज यह जीवित रहने के बुनियादी अधिकार के लिए संघर्ष है। पिछले 50 वर्षों में ग्रह पर सभी जीवित प्रजातियों में से लगभग 50% विलुप्त हो गई हैं। इसका अधिकांश कारण हिंसक मानवीय कार्रवाई है। प्रतिदिन 100-1000 प्रजातियाँ विलुप्त हो जाती हैं। साथ ही, यह प्राकृतिक विलुप्ति दर से 100 से 1000 गुना तेज है।

भारतीय और मनुष्य के रूप में, हमने पूरे ग्रह के खिलाफ जिस तरह का कालीन प्रजातिनाशक लॉन्च किया है, उसके साथ हम शारीरिक या आध्यात्मिक रूप से जीवित रह सकते हैं। अपने पैमाने और क्रूरता में, यह पृथ्वी पर अब तक देखी गई किसी भी हिंसा की कार्रवाई से कहीं अधिक है। यह देखना विशेष रूप से खेदजनक है कि भारत, अपनी अहिंसा के साथ, जीवन रूपों के प्रति अत्याचार के सबसे बुरे अपराधियों में से एक है। चाहे वह मांस निर्यात हो, डेयरी उद्योग का विस्तार हो, या तथाकथित विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से पशु आवासों का संगठित विनाश हो, यह सभी के लिए केवल विनाश का संकेत है।

अगले 5 वर्षों में, मैं इस मोर्चे पर सीधी और मजबूत कार्रवाई देखना चाहता हूं, जो केवल सार्वजनिक चेतना की जागृति के परिणामस्वरूप हो सकती है। भारत की शिक्षा की स्थिति पर सार्वजनिक आँकड़े दर्शाते हैं कि देश कितने गहरे संकट में है। स्कूली छात्रों की बुनियादी मात्रात्मक और भाषाई क्षमताओं पर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, कॉलेज उत्तीर्ण छात्रों की बेरोजगारी का तो जिक्र ही नहीं किया गया है। विकसित दुनिया और विकासशील देशों की तुलना में, यह भारतीय समाज में शिक्षा को महत्व न देने की बात को उजागर करता है। आज की समस्याओं का समाधान केवल आध्यात्मिक हो सकता है और हमने युवा आबादी को आध्यात्मिकता से वंचित रखा है। हमारी शिक्षा बहुत खतरनाक ढंग से जीवन विरोधी हो गई है। मनुष्य तभी जीवित है जब वह सोच सके और समझ सके।

## आप की बात

### मोदी की लहर

**लोकसभा चुनाव** के पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद अब 25 मई और 1 जून को बाकी दो चरणों के चुनाव के बाद 4 जून को नतीजे आएंगे। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे का सबको बेसब्री से इंतजार है। वैसे चुनाव परिणाम के संकेत शेयर बाजार से मिलने लगे हैं। पूंजी बाजार अत्यंत डरपोक होता है और किसी भी अफवाह पर वह तुरंत अपनी प्रतिक्रिया बता देता है। इस चुनाव में जो लोग परास्त होने जा रहे हैं उन्हें कोई लहर नजर नहीं आ रही है, जबकि कुछ राज्यों को छोड़कर देशभर में मोदी की लहर हिलोरें मार रही है। भाजपा तथा उसके नेतृत्व में एनडीए गठबंधन भी इस बार चुनाव में भरपूर मेहनत कर रहा है। भाजपा और एनडीए योजनाबद्ध और व्यवस्थित तरीके से चुनाव अभियान चला रहा है। जहां तक शेयर बाजार और अवैध रूप से चलने वाले सट्टा बाजार का सवाल है, तीसरे राउंड के बाद जो शेयर बाजार धड़ाम से गिर पड़ा था, वही अब 4 जून के परिणाम के बाद नई ऊंचाईयां छूकर बतायेगा। सटोरियो ने भाजपा को 300 से 335 सीटें तक मिलने का अनुमान लगाया है। मतदान केन्द्रों पर खासकर मध्य वर्ग व निम्न मध्य वर्ग जिस उत्साह के साथ मतदान कर रहा है, उससे भाजपा नेताओं का यह अनुमान सही सिद्ध हो सकता है कि देश में सत्ता-समर्थक लहर है।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### राम मंदिर पर राजनीति

**सदियों** से लंबित प्रकरण सुलझ कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। अब सैकड़ों-हजारों सालों तक भगवान श्रीराम का आशीर्वाद भक्तों पर बना रहेगा। विशुद्व राजनीतिक इच्छाशक्ति व सनातन धर्म के प्रति आस्था व उसके आधार पर संघर्ष के चलते आज भगवान् राम टेंट से निकल कर विशाल मंदिर में विराजमान हो गए हैं। हालांकि, बहुत से राजनेताओं व राजनीतिक दलों को भव्य राम मंदिर का निर्माण पसंद नहीं आया है, लेकिन अब कोई भी सत्तारूढ़ राजनीतिक दल फिर रामलला को मंदिर से टेंट में लाने का दुस्साहस नहीं कर सकता। उनका यह दावा भी निरर्थक है कि अगर सत्ता में होते तो हम भी राम मंदिर का निर्माण करते। जनता उनकी कथनी और करनी से अच्छी तरह परिचित है। सारी जनता का विश्वास है कि यदि केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार न होती तो अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद इसे लटकाने का भरपूर प्रयास किया जाता। जनता को अवसरवादी राजनेताओं से पूछना चाहिए कि देश के अन्य हजारों मंदिरों के बारे में उनका क्या विचार है जिनको तोड़ कर मस्जिदें बना ली गई थीं। भारत की अधिकांश हिंदू जनता अब जाग गई है और उसे भ्रमित करना असंभव है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### जमानत का प्राविधान

**जमानत** का प्राविधान लंबे समय से विवादास्पद रहा है। व्यापक भ्रष्टाचार, बेईमानी और अनैतिक कृत्यों के चलते अदालतें और जेलें हमेशा व्यस्त रहती हैं। अधिकांश आरोपी जनसेवकों के लिए जमानत मिलना मानो एक सामान्य बात हो गई है। वे जेल की सलाखों के पीछे रहकर भी अपने अधूरे सपनों को पूरा करने की योजना बनाते रहते हैं। अदालतें जमानत देकर एक तरह से उन्हें और आज़ादी प्रदान दे देती हैं। विडंबना है कि अदालतें जिन अपराधियों को सजा देती हैं, उनमें से अनेक जमानत पर बाहर आकर फिर से वही या उससे भी भयानक अपराध करते हैं। यह दुष्चक्र कभी समाप्त नहीं होता। अदालतों में तारीखें पड़ती रहती हैं और जमानत पर रिहा आरोपी अपने काम-धंधे निपटाते रहते हैं। यह सब देखकर आम जनता के मन में निराशा और हताशा पैदा होती है। आम आदमी सोचता है कि जो लोग बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, वे जमानत पर छूट जाएंगे और अपनी गतिविधियों को जारी रखेंगे। इसे देखते हुए न्याय प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। जमानत की शर्तें सख्त होनी चाहिए ताकि जो लोग समाज को नुकसान पहुंचाते हैं उन्हें आसानी से छूट न मिले। न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेज़ी लाने की आवश्यकता है।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### महिला उत्पीड़न

**देश** की राजधानी में मुख्यमंत्री के आवास पर एक राज्यसभा सांसद के साथ बदसलूकी का मामला सामने आने पर आम आदमी पार्टी-आप की लीपापोती अत्यधिक चिन्ता का विषय है। पुलिस विभाग को निष्पक्ष एवम त्वरित कार्रवाई कर दोषी को कठोरतम सजा दिलानी चाहिए। चिन्ता की बात है कि राजनीतिक दल महिला उत्पीड़न के मामलों में भी अपनी दलगत राजनीति अपनाने से बाज नहीं आते हैं। राजनीतिक दलों को यह प्रवृत्ति बदलना होगी ताकि महिला अस्मिता व महिला उत्पीड़न के सवाल पर सारा देश एक साथ खड़ा हो सके और महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मालीवाल प्रकरण में यह भी चिन्ता की बात है कि केजरीवाल ने आरोपी को बचाने का न केवल भरपूर प्रयास किया, बल्कि इसके लिए एक और महिला मंत्री को आगे कर दिया है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री भी संदेशखाली में महिला उत्पीड़न को संकुचित राजनीतिक व चुनावी राजनीति के दृष्टिकोण से देख रही हैं। महिला उत्पीड़न में कुछ महिलाओं की प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका चिन्ता का विषय है।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिले में नेत्र शिविर भ्रामक प्रचार एमबीबीएस डॉ. के द्वारा मोतिया बिंद बिना आपरेशन के ठीक करने का दावा

## बिना अनुमति के शिविर का आयोजन, स्वास्थ विभाग कार्यवाही करने में नाकाम

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के साहू छात्रवास में मां विंधवासीनी मंदिर के पास कवर्धा में नेत्र शिविर आयोजित किया गया है जिसमें एमबीबीएस डॉ. के द्वारा दावा किया गया है कि परंपरागत वन औषधि को डालने से चश्मा छूट जाता है तथा मोतिया बिंद आपरेशन की जरूरत नहीं पड़ती और नेत्र ज्योति बढ़ती है एवं लिवर कैंसर किडनी लकवा एनमिया स्त्री रोग का इलाज का दावा किया जाता है। एक और जिला स्वास्थ विभाग की टीम मोतिया बिंद मुक्त करने के लिए प्रयास करती है। ऐसे में एमबीबीएस डॉ. की सेवा जिला स्वास्थ विभाग को लेनी चाहिए ताकि बिना आपरेशन के मोतियोंबिंद ठीक हो जाए और अन्य रोगियों को लाभ मिल सके शासन का पैसा बचे अब मोतियाबिंद का इलाज बिना ऑपरेशन का दावा करने वाले एमबीबीएस डॉ. का दावा या दवा सही है की नही इसकी एवं शिविर की अनुमति जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से ली गई है की नही इसकी जांच अति आवश्यक है, इनकी एमबीबीएस डिग्री एवं इनके इलाज के दावे की जांच होना अति आवश्यक है, वही जिले के नर्सिंग होम प्रभारी ईश्वर साहू के कार्यवाही करने में हाथ पैर फूलते है, सिर्फ नाम के प्रभारी है, जिले में इस तरह के अनेकों केस है, लेकिन कार्यवाही के अभाव में जमकर आमजनों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है।




### जाने क्या कहते है नेत्र विशेषज्ञ

जिले के निजी नेत्र विशेषज्ञ एवं सूर्या नेत्र चिकित्सालय के संचालक डॉ दिलीप सिंह से मोबाइल में इस विषय की चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि बिना आपरेशन के मोतिया बिंद का इलाज संभव नहीं है। हालांकि बिना बेहोशी के इंजेक्शन एवं बिना चीर फाड़ के आधुनिक विधि से मोतिया बिंद का आपरेशन मैं स्वयं करता हूं जिसमे मरीज को भर्ती होने की आवश्यक्ता नही होती अब मुझे आपके द्वारा पता चला कि एमबीबीएस डॉ के द्वारा मोतिया बिंद का बिना आपरेशन का इलाज किया जा रहा है तो हो इसके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, इसकी पड़ताल करना मीडिया एवं स्वास्थ विभाग का है। जिला चिकित्सालय में नहीं है नेत्र विशेषज्ञ इसी लिए नहीं हो रहे आपरेशन सूत्र जिले के सबसे बड़े अस्पताल जिला चिकित्सालय में नेत्र विभाग में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जाय जी से एमबीएसस डॉ. के द्वारा मोतिया बिंद का इलाज बिना ऑपरेशन करने के दावा करने वाले डॉ. एवं जिला चिकित्सालय में मोतिया बिंद आपरेशन नही होने की जानकारी पूछी गई तो उनके कथन अनुसार बिना आपरेशन के मोतिया बिंद का इलाज का दावा करना शायद तक संभव नही है इस विषय की जानकारी ज्यादा मुझे नही है । जिला चिकित्सालय में पदस्थ नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकीय अवकाश में है मोतिया बिंद आपरेशन रुके नहीं इसके लिए मैं स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा एवम पत्र लिखकर अवगत कराया था। जिस से अब रायपुर मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय में हफ्ते में निर्धारित तिथि को आपरेशन करने आते हैं मोतिया बिंद आपरेशन सुचारू रूप से जिला चिकित्सालय में चालू है अभी पिछले हफ्ते में ही 30 आपरेशन हुआ है जिसकी खबर समाचार पत्र में भी छपी थी आमजन से अपील है। अब बिना आपरेशन के मोतिया बिंद इलाज के भ्रामक प्रचार में न आवे जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग ने नियमित रूप से जांच एवं आपरेशन हो रहे है सुविधा का लाभ उठाए, डॉ केके ध्रुव सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम नें जिले में मोतियाबिंद ऑपरेशन हो रहा है, आप सब इसका लाभ लें,किसी के बहकावे में न आये,जब इस संबंध में जिले के स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा की गयी तो उन्होंने कहा की, मै इस मामले कों देखवाता हु, बिना ऑपरेशन के मोतियाबिंद दूर होना संभव नहीं है. जाँच कर कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही करने गयी टीम के फुले हाथ पाँव आयी वापस जिले के नर्सिंग होम टीम के प्रभारी के कार्यवाही करने में हाथ पाँव फूल रहे है, अब तक कोई ठोस कार्यवाही जिले में देखने नहीं मिली, इतना बड़ा आँखों से खिलवाड़ होने के बावजूद मौके पर गयी टीम वापस आ गयी, जिले में स्वास्थ्य विभाग मानो चरमरा गयी है, आमजन खुद अपनी देखरेख करें।

# हाई स्कूल मैदान में लगाया कोरोकारपस का पौधा



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा प्रत्येक महीने के 21 तारीख को पौधारोपण करने का शपथ लिया गया है इसके अंतर्गत इस माह के 21 तारीख को लगाए जाने वाले वृक्षारोपण कि इस कड़ी में ग्राम कठिया के हाई स्कूल मैदान में कोरोकॉरपस का वृक्ष लगाया गया। इस वृक्षारोपण में पुनीतराम साहू लकड़ी ठेकेदार का विशेष सहयोग रहा ,पुनीत ने बताया कि आने वाले बारिश मे बेहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा आओ हम सब मिलकर एक-एक पेड़ लगाए संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार ,सचिन गणेश कुमार साहू ,सदस्यगढ,परदेसी साहू, बलराम निषाद, रामकृष्ण सेन, डिकेन्द साहू, किशन साहू सदस्यों का सहयोग रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने तीनों नये कानूनों के संबंध में विवेचको को दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी 1.07.2024 से लागू होने वाले नये कानूनों (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) नये कानूनों के संबंध में पुलिस विभाग में कार्यरत विवेचकों को प्रशिक्षण प्रदान कर जानकारी प्रदान करने हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है जिसके तारतम्य में दिनांक 20.05.2024 से 24.05.2024 तक प्रति दिवस अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया गया है। इसी क्रम में पॉच दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ, प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता, भूमिका व इससे होने वाले लाभ के संबंध में पुलिस महानिदेशक छ.ग. पुलिस अशोक जुनेजा द्वारा विस्तार पूर्वक समझाते हुये सभी प्रशिक्षणार्थियों को गंभीरता पूर्वक व जागरूकता पूर्वक प्रशिक्षण में अपनी सहभागीता दर्ज करने हेतु समझाइश दी गई। जिसके पश्चात् गृह मंत्रालय भारत सरकार में दण्ड विधि में सुधार हेतु गठित समति में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरज तिवारी द्वारा ''तीन नये कानूनों का परिचयः क्षमता निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसका लाभ सभी प्रशिक्षणार्थियों को हुआ। ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति के पश्चात् पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू द्वारा सभी उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों व विवेचकों को नवीन कानूनों की बारिकियों व नवीन कानूनो के लागू होने के पश्चात् विवेचना में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया गया साथ ही नवीन कानूनों के लागू होने से माननीय न्यायालय में विचारण के दौरान विवेचको को होने वाले लाभ व विवेचना के दौरान आने वाली चुनौतियों से बचाव के उपाय के संबंध में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) राजेश झा, उप पुलिस अधीक्षक महिला विरूद्ध अपराध कौशिल्या साहू, उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध कमल नारायण शर्मा सहित सभी थाना/चौकी प्रभारी व विवेचकगण उपस्थित थे।

# स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 31 मई तक

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षा, नृत्य, कराटे, योगा, रंगोली, संगीत एवं ड्रामा क्लास का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय में समर कैम्प का लाभ ले रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल में समर कैम्प लगने से वे काफी उत्साहित है। घर में रहने से अच्छा है यहाँ स्कूल में आकर कुछ नया सीख लें। इस समर कैम्प के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के होने से सभी विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप उन गतिविधियों में शामिल होकर अपना कौशल का विकास तथा ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के स्कूलों में समर कैम्प के आयोजन से स्कूली छात्र-छात्राएँ बहुत ही उत्साहित है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कारगर सिद्ध हो रहा है।

## तुकाराम चंद्रवंशी नें मृतकों के प्रति की सवेंदना व्यक्त, मौके पर अत्यंत भयानक मंजर से दहला जिला, 50 लाख मुवावजा दें सरकार

### घटना की पुनरावृत्ति न हो जिम्मेदारी से परिवहन व यातायात विभाग करें, लगातार कड़ी कार्यवाही: तुकाराम



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया। परिवहन विभाग को घोर लापरवाही सामने आया है पूर्व में भी माल वाहक पिकअप में मजदूरों को ढुलाई 7 लोगो की मौत भोरमदेव में घटना घटित हुआ था और लगभग एक माह पूर्व बेमेतरा में पिकअप में सफर करने के दौरान 9 लोगो को जान गवानी पड़ी है घटना के 2 घंटे तक कोई भी बचाव कार्य प्रारंभ नहीं हुआ था मृतकों के परिजन रोते बिलखते रहे मगर उनके आंसू पोंछने के लिए प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं था। मौके पर मृतकों की संख्या 13 था मगर समय रहते उनको इलाज नहीं मिला इलाज के आभाव में 6 लोगो को जान गवानी पड़ी है और कुल मृतकों की संख्या 19 हो गया ! अगर पूर्व मालवाहक पिकअप के खिलाफ कार्यवाई करते तो घटना नहीं होता। तुकाराम चंद्रवंशी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा अत्यंत ही खौफनाक मंजर था मृतक परिवारों को 50 लाख रूपए की मुआवजा प्रदान करें !

## जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षा, नृत्य, कराटे, योगा, रंगोली, संगीत एवं ड्रामा क्लास का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय में समर कैम्प का लाभ ले रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल में समर कैम्प लगने से वे काफी उत्साहित है। घर में रहने से अच्छा है यहाँ स्कूल में आकर कुछ नया सीख लें। इस समर कैम्प के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के होने से सभी विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप उन गतिविधियों में शामिल होकर अपना कौशल का विकास तथा ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के स्कूलों में समर कैम्प के आयोजन से स्कूली छात्र-छात्राएँ बहुत ही उत्साहित है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कारगर सिद्ध हो रहा है।

# समर कैंप के समापन पर कलेक्टर ने बच्चों संग काटे केक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पीएम स्कूल में चल रहें समर कैंप के अंतिम दिवस में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेसिक स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर समर कैंप का समापन किया। साथ ही बच्चों को आगामी क्लास के अध्ययन हेतु प्रेरित करतें हुए पढ़ाई के महत्व पर जोर भी दिया। कलेक्टर शर्मा ने बच्चों से पहाड़ा और सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे, जिसके संतोषजनक जवाब पाकर इनाम स्वरूप लेखन सामग्री भी वितरित किए। संगीत शिक्षक सतनाम सिंह खनूजा ने संगीत के बारे में बच्चो की रुचि को बताया वहीं डांस टीचर श्रीमती सीता निषाद ने बच्चों को सिखाए गए नृत्य कौशल की जानकारी दी। सेल्फ डिफेंस शिक्षक अरविंद आनंद ने भी आत्मरक्षा के बारे में बताया। साथ में आए एसडीएम तंवर, जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा समन्वयक और बीआरसी ने बच्चों से समर कैंप के अनुभवों को साझा किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, मिडिल स्कूल अध्यक्ष हितेंद्र साहू, उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल ने कांग्रेस भवन के बगल में स्थित वाटर फिल्टर रूम को हटाकर लाल बंगला वाले स्थान पर रखने की निवेदन किए जिससे स्कूल के बच्चो हेतु मुख्य द्वार बनाया जा सके, जिसे कलेक्टर शर्मा ने तुरंत स्वीकृति देते हुए एसडीएम को निर्देशित किया। समर कैंप की व्यवस्था और कार्यप्रणाली की तारीफ करतें हुए अधिकारीगण बच्चो से रूबरू हुए, बच्चो के नाश्ते, भोजन और सीखने सिखाने पर बाते की। समर कैंप की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रधान पाठक संतोष वैष्णव ने बताया कि बच्चों के चहुमुखी और अध्ययन अध्यापन से हटकर मनोरंजक एवं जीवन कौशल से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया था, 10 मई से प्रारंभ 12 दिवसीय समर कैंप में बच्चो के लिए सुबह योगा के बाद नाश्ता, संगीत के बाद भोजन और नृत्य क्लास के बाद सेल्फ डिफेंस का क्लास आयोजन किया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए कूलर, गद्दा, शीतल पेय जल व स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। आयोजन के आज अंतिम दिवस में शिक्षक राजेंद्र टांडीया, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक मनोज निषाद, और पालक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूल जेवरा के समर समर कैंप का अवलोकन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा संकुल केंद्र जेवरा अन्तर्गत प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में चल रहें समर कैम्प के अवलोकन में पहुँचे 7 समर कैंप के द्वितीय दिवस रचनात्मक कार्यो को सीखने के कौशल में चित्रकला तथा फूलों की माला तथा सजावट की वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया गया 7 जिलाधीश ने संचालित पीएम प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर बच्चों को कराई जा रही समर कैंप और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को अपने अंदर की प्रतिभाओं के अनुरूप अन्य गतिविधियों को करने के लिए मंच मिले। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल का विकास करना है। उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से भविष्य में करने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाए, जिससे उन्हें उचित मार्गदर्शन भी मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस समर केम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा, हुनर एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है ।

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ ली




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में आतंकवाद विरोधी दिवस पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने आतंकवाद विरोधी शपथ दिलायी । इस मौके पर पर अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत,डॉ.अनिल बाजपेयी, सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी आतंकवाद विरोधी शपथ ली। आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रहे कष्टों, हिंसा एवं आतंक से राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव से आम लोगों को अवगत कराने, विशेष रूप से युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई को पूरे राज्य में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

# छात्र-छात्राओं को साईबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के मार्गदर्शन में सायबर सेल टीम व महिला सेल की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी में प्रोफेसर एवं छात्र/छात्राओं को साईबर सुरक्षा, साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट, की जानकारी दी गई।

साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड जैसे मातृत्व वंदना योजना, बिजली बिल ऑनलाईन भुगतान, फोन पे, गुगल पे, पेटीएम में कैश बैक ऑफर, टावर लगाने के नाम पर, केबीसी लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, एटीएम कार्ड का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने एवं साइबर क्राईम हेल्फ लाईन नं. 1930 की जानकारी दी गई। महिला सेल बालोद के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट 2012) मानव/बाल तस्करी के संबंध में जानकारी, सखी सेंटर महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण, व घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, चाइल्ड हेल्फलाईन नं. 1098 की जानकारी साझा किया गया एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी जानकारी अपराध व संरक्षण एवं उनके अधिकारों से अवगत कराया जाकर जागरूक किया गया है।

कार्यक्रम में महिला सेल से सहायक उप निरीक्षक सीता गोस्वामी आर. मन्नु गोठा सायबर सेल बालोद से प्रधान आर रूम लाल चुरेंद्र, आर.आकाष सोनी, शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय कॉलेज डौण्डी से एन.के. साकरे प्राचार्य, राधेश्वरी देशमुख, डॉ. योगेषश्वर साहू, जे. एल. धंनजये, डॉ. एल.एस. गजपाल, सहा. प्राध्यापक, टकेश्वर साहू, विकास साहू, उपस्थित रहे।

## जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाने के अभियान में कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाने के अभियान में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है। जिससे कि जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर चन्द्रवाल 21 मई को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चन्द्रवाल सड़क सुरक्षा के उपायों के अंतर्गत आम लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु मोटर सायकल से कार्यालय आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा मोटर सायकल का उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के उपायो के संबंध में जानकारी देने हेतु दीवाल लेखन एवं फ्लैक्स आदि लगवाने के भी निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने के इस महति अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार हेतु शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के लिए आगामी शिक्षा सत्र में अध्ययन-अध्यापन की अनुकूल व्यवस्था के अलावा गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्याह्न भोजन का संचालन आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य आदि की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विधायक भावना बोहरा ने कुकदुर हादसे में मृतकों के बच्चों को लिया गोद

## शिक्षा, विवाह और रोजगार तक जिम्मेदारी उठाने का दिया भरोसा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सोमवार को पंडरिया के वनांचल क्षेत्र कुकदुर के ग्राम बाहपानी में हुए भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 19 आदिवासियों के परिवार के बच्चों को विधायक भावना बोहरा ने गोद लेने की घोषणा की है। विधायक भावना बोहरा ने आज मृतकों के परिवारजनों से उनके निवास जाकर भेंट किया और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान भावना बोहरा बहुत ही भावुक दिखीं उन्हें देखकर हताहत परिवारजनों ने भी गले लगाकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। भावना बोहरा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद व पीड़ादायक घटना है। जब परिवार का एक सदस्य जाता है तो पीड़ा होती है और उसकी कमी कभी पूरी नही हो सकती। विगत वर्षों में कुकदुर क्षेत्र के आदिवासी भाई-बहनों ने हमेशा ही मुझे एक परिवार की भांति स्नेह व सहयोग दिया है। इस दुख की घड़ी में, मैं उन सभी परिवारजनों के साथ हूँ इसलिए हमने निर्णय लिया है कि इस हादसे में जिन बच्चों के सिर से परिजनों का साया उठ गया हैं, जिनके माता-पिता ने इस हादसे में अपनी जान गंवाई है उनके परिजन की भूमिका हम निभाएंगे। भावना बोहरा ने बताया कि हादसे में दिवंगत हुए 19 लोगों के करीब 24 बेटा-बेटियों के आगे की शिक्षा, उनके रोजगार एवं विवाह तक कि सारी जिम्मेदारी वे स्वयं अपने भावना समाजसेवी संस्थान के माध्यम से उठाएंगी। पंडरिया विधानसभा मेरा परिवार है और जब परिवार पर विपदा आती है तो उनके दुख में उनके साथ रहना मेरी जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी। मैं उनके परिजनों की कमी तो पूरी नही कर सकती लेकिन उनके सुरक्षित भविष्य के लिए प्रयास जरूर कर सकती हूं इसलिए हमने यह निर्णय लिया है। विदित हो कि घटना होने के दिन विधायक भावना बोहरा झारखंड प्रवास पर थीं। उन्हें जैसे ही घटना की जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने तत्काल अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया और लगातार पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क में थी व पूरे घटनाक्रम और राहत कार्य की जानकारी प्राप्त कर रही थी। उन्होंने अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से तुरंत ही हादसे में हताहत परिवारजनों से संपर्क कर उन्हें अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता भी की। वे तत्काल छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुईं और हताहत परिवारजनों के निवास पहुंचकर उनसे भेंट किया एवं संवेदनाएं व्यक्त की।

# चिलचिलाती धूप ने लोगो को घरो में रहने किया मजबूर, दिनों दिन सूरज की तपिश बढती जा रही

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





चिलचिलाती धूप ने लोगो को घरो में रहने मजबूर कर दिया है, दिनों दिन सूरज की तपिश बढती जा रही है, दोपहर में तेज धूप और शाम होते ही आसमान में छाने वाले बादलो से जहां एक तरफ उमश भरी गर्मी बेचैन कर रही है तो दुसरी तरफऐसे मौसम के चलते अस्पतालो में मरीजो की भीड भी बढने लगी है ऐसे में डाक्टरो द्वारा ऐहतियात बरने की समझास दी जा रही है, जिसमे लू से बचाव, और शरीर में पानी की पूर्ति प्रमुख है। आवश्यक काम होने पर ही लोगो को घरो से निकलने की सलाह दी जा रही है साथ ही खान पान पर भी नियंत्रण बिमारियों से बचने का प्रमुख उपाय है। गौरतलब हो कि इन दिनों जिले का तापमान लगभग 43 डिग्री से पार हो रहा है जिसके चलते दोपहर होते होते सडके सूनी होने लगती है और लोग अपने रोजमर्रा की जरूरतो को पूरा करने देर शाम बाजार का रूख करते नजर आ रहे है, जिसके चलते दोपहर में ज्यादातर दुकानो की शटर आधा खुला नजर आता है और दुकान दार कुलर पंखो के सहारे चटाई बिछा आराम फरमाते नजर आते है। एंव गुमटी और ठेलो के सहारे अपना जीवन यापन करने वाले भी दुकानो से दूर छाया वाले स्थलो पर शरण लेते दिखाई पडते है। जहां गर्मी ने आम लोगो का हाल अस्तव्यस्त कर रखा है वही दुसरी तरफ किसानो के मुताबिक भीष्ण गर्मी को देखते हुए अच्छी बारिशा का अनुमान लगाना प्रारंभ हो गया है। किसानों की माने तो जितनी ज्यादा गर्मी और बढेगी उतनी बारिश अच्छी होगी। मार्च और अप्रैल माह में जो गर्मी पडती थी। उससे किसानो में बारिश को लेकर चिंता होने लगी थी। गर्मी अच्छी पडने से बारिश सही रहता है और फलस पैदावार भी अच्छी होती है।

**गर्मी में बढी शितल पेय पदार्थो की बिक्री** – जैसे जैसे वातावरण में तपिश बढती जा रही है वैसे वैसे लोग शितल पेय पदार्थो का सहारा ले रहे है ऐसे में डिब्बाबंद पेय पदार्थो, आईक्रीम, जूस, गन्ना रस का बाजार तेज हो गया है, शाम के समय जूस कार्नन, गन्ना रस भंडारो में लोगो की अच्छी खासी भीड नजर आती है। रसीले आम, तरबूज, अंगुर व कलिंदर लोगो की पहली पसंद बनने लगे है।

**बेचैनी गर्मी में अघोषित बिजली कटौती** – अघोषित बिजली कटौती के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता परेशान हो रहे है। लो- वोल्टेज, अघोषित कटौती और सप्लाई की व्यवस्था से सब हो रहे परेशान। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही है। बिजली का किसी भी समय घंटों बिजली बंद होना हर दिन की समस्या बन गई है। गर्मी के कारण लोग धूप एवं नवतपा के नाम से घर में ही रहते है ऐसे समय में अचानक बिजली चली जाती है जिससे लोग गर्मी में बेहाल हो रहे है रही सही कसर रात्रि में अचानक बिजली बंद कर दी जाती है जिससे लोग हलाकान होते रहते है। हर रोज एक से दो घंटे की बिजली की कटौतीआम बात हो गई है। गांवों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही है।

**गर्मी ने पास लाया परिजनो को** – लोग ज्यादा से ज्यादा समय अपने घरो में व्यतित करने लगे है घर में अपने परिजनो को साथ पा कर बच्चे भी खुश नजर आते है साथ ही घरो के अंदर खेला जाने वाला खेल जैसे कैरम, ताष, पचिसा, कौडी, शतरंज आदी बच्चो और बढो का पसंदीदा खेल बनने लगा है। षाम के समय ज्यादातर लोग अपने परिवार सहित पतंग बाजी का भी लुफ्त उठाते है।

# पुलिस आरक्षी केंद्र के ठीक सामने खाई खजाने की थोक दुकान सूरज एजेंसी में हुई चोरी







पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के जिला पुलिस आरक्षी केंद्र के ठीक सामने खाई खजाने के थोक सामानों की दुकान सूरज एजेंसी में दरमियानी रात्रि अज्ञात चोरों ने घुसकर हजारों रुपए की नगद एवं सामानों की चोरी कर ली है, तथा चोरी की सूचना दुकान सूरज एजेंसी के संचालक ने पुलिस थाने में दी जिस पर शक्ति थाना टीआई विवेक शर्मा सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे हुए हैं, तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है, तथा इस संबंध में सूरज एजेंसी के संचालक गोपाल मित्तल ने बताया कि रात को वे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे तथा सुबह अचानक जब जाकर दुकान खोले तो उन्हें चोरी का कुछ आभास हुआ तथा चोरों ने दुकान के ऊपर से टीन में से छलांग लगाकर दुकान के पीछे बड़े गोदाम के रोशनदान में से अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा दुकान के गल्ले में रखे लगभग 40000/-रुपये नगद एवं सामान ले गए हैं, तथा चोरी की इस घटना से व्यापारी दशहत में है, एवं जिस स्थान पर आज चोरी की घटना हुई है उस दुकान से लगकर उसी लाइन में विगत एक माह में लगभग पांच बड़ी चोरियां इसी तरह की हो चुकी है, जिसमें चोरी करने वाले का हुलिया लगभग एक जैसा बताया जा रहा है, शक्ति पुलिस भी ऐसी छोरियों को पकड़ने के लिए चुनौती के रूप में इसे ले रही ह, तथा शक्ति टीआई विवेक शर्मा भी मौके पर पहुंच कर अगल-बगल की स्थिति का भी जायजा ले रहे हैं, तथा व्यापारियों का भी कहना है कि एक महीने में ही चार-पांच दुकानों में इस लाइन में हुई चोरी की घटना से वह अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तथा दुकानों के ठीक सामने जिला पुलिस आरक्षी केंद्र है जहां 24 घंटे पुलिस के बड़े अधिकारी एवं जवान तैनात रहते हैं, एवं चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस आरक्षी केंद्र को भी कुछ नहीं समझ रहे हैं,वहीं व्यापारियों का कहना है कि विगत दिनों किसान बीज भंडार में जो चोरी की घटना हुई थी वहां चोरों ने पुलिस को चुनौती देकर वहां कुछ लिखकर छोड़ गए थे, जिसमें फिर जल्द ही मिलेंगे की बात कही गई थी, तथा चोर इस तरह से पुलिस को ही चुनौती दे रहे हैं, तथा इन चुनौतियों से पुलिस किस तरह से इन्हें पकड़ने में सफलता हासिल करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा किंतु शक्ति शहर में ऐसी चोरी की घटनाओं से पुलिस को एक बड़ी कार्रवाई की जरूरत महसूस हो रही है।

# 56 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिला जांजगीर चांपा 56 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ़्तार विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़ अनिल कुर्रे के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में नवागढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 20 मई को अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध करवाई किया गया जिसमें ग्राम कटौद के निवासी जोहन लाल के कब्जे से 6 लीटर देशी महुआ शराब एवं जानकी बाई के कब्जे से 50 लीटर देशी महुआ शराब मिला जिसका कुल कीमती 8400 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर दिनांक 20 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, एएसआई हीरालाल एक्का, बाबूलाल दिवाकर, प्रआर प्रेमलाल दिवाकर, आर कुलदीप खूंटे, श्याम शांते भुवनेश्वर पटेल, टूकेशवर डडसेना, जनक कश्यप, महिला आरक्षक ज्योत्सना मधुकर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# अवैध रूप से मादक पदार्थ नशीली टेबलेट बिक्री हेतु मोटर सायकल में परिवहन करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर -चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध रूप से मादक पदार्थ नशीली टेबलेट बिक्री हेतु मोटर सायकल में परिवहन करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार, जांजगीर पुलिस व सायबर टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 19 मई को ग्राम पेंड्री की ओर से जांजगीर तरफएक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति आ रहे थे जिन्हे रुकवा कर पुछताछ करने पर संदिग्ध लगने पर भारी मात्रा में नशीली शिराप बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखे हुए परिवहन करते हुए ला रहे हैं, नाम पता पूछे जो अपना अपना नाम साजन, मिलेश और सूरज बताएं जिनकी तलाशी लेने पर सभी के पास से दो दो पैकेट कुल 06 पैकेट में कुल 3600 नग अल्पजोलम नशीली टेबलेट कीमती ? 7680 रु एवं मोटर सायकल क्रमांक सीजी सीजी 11 एम 7325 नगदी रकम 920 रु एवं 03 नग मोबाइल को बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने से थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 448/24 कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 20 मई को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक संगम राम, निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, सब इंस्पेक्टर पारस पटेल प्रभारी साइबर सेल, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, राजकुमार चंद्रा, विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित कहरा, अर्जुन यादव आनंद किशोर, सिदार सिंह पैंकरा फिरत सिदार का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर के निर्देशन में अवैध प्लाटिंग पर की जा रही कार्रवाई



पायनियर संवाददाता जांजगीर -चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं नगरीय निकाय विभाग द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग पर संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। जिले के आज विभिन्न स्थानों पर किये गये अवैध प्लाटिंग को हटाया गया। इनमें नगर पालिका जांजगीर क्षेत्र, तहसील बलौदा के नगर पंचायत में एवं नगर पालिका चांपा अंतर्गत अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तहसीलदार, सीएमओ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

# बेसरेट के आधार पर आहाता की सुविधा प्रारंभ करने ठेका की प्रक्रिया की गयी आबकारी विभाग द्वारा आनलाइन टेंडर जारी किए गए, 30 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में शीघ्र ही आहाता की सुविधा देने के उदेश्य से जिले मे 15 मे से 13 दुकानों में अहाता के लिये आबकारी विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट के आधार पर आहाता की सुविधा प्रारंभ करने ठेका की प्रक्रिया की गयी जिले में 15 में से 13 शराब दुकानों में अहाता के लिए आबकारी विभाग द्वारा आनलाइन टेंडर जारी किए गए। जिसमें 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रदेश में अहाता नीलामी में सर्वाधिक प्रतिशत 300.06 प्रतिशत अधिक दर पर मुंगेली का रहा। जिले के 13 दुकानों में अहाता की नीलामी में 03 दुकानों के लिये ही अमानत राशि प्राप्त हो पाई जिसमे उॅची बोली के बाद ठेके की 6 प्रतिशत राशि जमा करनी थी पैसा जमा नही होने के कारण 10 दुकानो की समय सीमा मे प्रकिया पूरी नही होने के कारण इन आहातो का ठेका निरस्त कर दिया गया,जिले में रेहूंटा स्थित शराब दुकान अहाता के लिये सबसे अधिक बोली 01 करोड़ 10 लाख रूपये लगी। वही सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 01 लाख 09 हजार रूपये लगी। प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में शीघ्र ही आहाता की सुविधा प्रारंभ होगी। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शराब प्रेमियों को दो घूंट गला तर करने खेत-खलिहान से लेकर सार्वजनिक स्थानों को ठिहा बनाने मजबूर होना पडता था। प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद आहाता के जरिए न सिर्फ राजस्व बढाने की पालिसी तैयार की गई हैं, बल्कि शराब प्रेमियों को आहाता में नियमतः पूरी सुविधा देने की तैयारी की गई है। जानकारी अनुसार जिले में देशी व विदेशी के करीब 15 दुकान संचालित हो रहे है। जिसमें से 13 दुकानों में अहाता के लिये आबकारी विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट निर्धारित किए गए है। इन सभी दुकानों के लिए निर्धारित बेसरेट के अनुसार टेंडर किया गया। अगर टेंडर के अनुसार रकम जमा हो जाती तो इन 13 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग के खजाने में लगभग 5 करोड 99 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा होती। अभी तक टेंडर प्रक्रिया से 19 लाख 50 हजार रूपए की आय हो चुकी है। जिले के 15 दुकानों में से केवल 13 दुकानों के अहाता की नीलामी हुई। 13 दुकानों के अहाता के लिये 30 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें से गोड़खाम्ही शराब दुकान के अहाता के लिये सर्वाधिक 5 आवेदन आये। मुंगेली के रेहूंटा शराब दुकान अहाता के लिये 01 करोड़ 10 लाख रूपये की अधिकतम बोली दुर्गेश साहू ने लगाई। सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 01 लाख 09 हजार रूपये लगी।उल्लेखनीय है कि जिले में मुंगेली में रेहूंटा स्थित देशी शराब दुकान, सरगांव, पथरिया, लोरमी, नवागांव घुठेरा रोड में दाऊपारा देशी शराब दुकान, अंग्रेजी शराब दुकान में दाऊपारा में अंग्रेजी शराब दुकान, मुंगेली रेहूंटा में कम्पोजिट देशी विदेशी शराब दुकान, लोरमी में अंग्रेजी शराब दुकान,अखरार में अंग्रेजी शराब दुकान, पथरिया में अंग्रेजी शराब दुकान, कम्पोजिट शराब दुकान के अंतर्गत जरहागांव, कंतेली एवं गोड़खाम्ही के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुये थे।जिसमें से पथरिया, अखरार एवं लोरमी के लिये ठेकेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है। शेष दुकानों की राशि जमा नही होने पर विभागीय दिशा निर्देश अनुसार आगे की कार्यवाही के लिये विभाग से मार्गदर्शन मंगाया गया है।

> जिले के 15 शराब दुकानों में से 13 दुकानों में अहाता के लिये 30 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें से पथरिया, अखरार एवं लोरमी शराब दुकान अहाता के लिये ठेकेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है, शेष दुकानों की राशि जमा नही होने पर विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी।
>
> **-प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग मुंगेली**

# पागल कुत्ते ने 8 लोगों को काटा लोगों में दहशत का माहौल

पायनियर संवाददाता जांजगीर -चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा जिले के विकास खण्ड मुख्यालय बम्हनीडीह में एक पागल कुत्ते ने एक ही दिन में 8 लोगों को काट कर घायल कर दिया कुत्ते के इस रवैये को लेकर लोगों में भय का माहौल देखा गया, ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत बम्हनीडीह पास से एक पागल कुत्ता भागते हुए बस स्टैंड की तरफआया और इस दौरान जो भी उसके सामने आया उसको काट करके घायल कर दिया, इसी तरह लोगों को काटते और घायल करते हुए जब वो बस स्टैंड पर पहुंचा तो पागल कुत्ते को देखकर ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गया बस स्टैंड में आवागमन करने वाले लोगो को भी पागल कुत्ते द्वारा दौड़ाया गया जिससे बचने के लिए लोग वहा के आस पास के दुकानों में घुस गए। घायल लोगो का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह लाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

**पागल कुत्ते आतंक इतना की तोड दी 3 गाड़िया**

पागल कुत्ते के आतंक कुछ इस प्रकार थे की उसके सामने चाहे कोई इंसान आए या जानवर वह सब पे हमला करता जा रहा था तभी बस स्टैंड में खड़े 1 स्विफ्ट कार 2 ऑटो को उसने इतने तेज काटा की स्विफ्ट कार के बंपर टूट कर बाहर आ गए और साथ ही साथ वहा खड़े 2 ऑटो के सीट को फाड़ते हुए वह आगे बढ़ा जिसके चलते बम्हनीडीह के लोगो मे कुत्ते के आतंक को देखते हुए लोगो मे भय का माहौल बन गया है लोग अब अपने घर से बाहर आने मे डरने लगे है।

## स्पर्धा में तीनो विकासखण्ड से कुल 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया

# एक दिवसीय मुंगेली जिला स्तरीय सीनियर पुरुष-महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुंगेली जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय मुंगेली जिला स्तरीय सीनियर पुरुष-महिला शतरंज चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 19 मई को बी. आर.साव. उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, मुंगेली में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में तीनो विकासखण्ड से कुल 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान किशन कुमार बघेल- पथरिया विकासखण्ड ने हासिल किया इन्हें 1000रु नगद एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया , द्वितीय स्थान पर द्विजेन्द्र सिंह गहरवार - मुंगेली विकासखण्ड 700रु नगद व ट्रॉफी, तृतीय स्थान चंद्रप्रकाश बंजारा - पथरिया 400रु नगद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ स्थान पर अजय बघेल-पथरिया 300 नगद एवं ट्रॉफी, पांचवां स्थान कौशलेश गुप्ता- मुंगेली विकासखण्ड 200रु नगद एवं मेडल, छठवा स्थान राजेश पाटले - लोरमी 200रु नगद एवं मेडल, महिला वर्ग में प्रथम स्थान गोमती साहू - लोरमी विकासखण्ड ने प्राप्त किया उन्हें 800 रु. नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई द्वितीय स्थान पर सौम्या सिंह राजपूत - ,लोरमी विकासखण्ड 500रु नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर संजीवनी कुर्रे,- मुंगेली 300रु नगद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ स्थान पर सृष्टि गुप्ता - लोरमी 200रु नगद एवं ट्रॉफी, पांचवें स्थान पर सौम्या राजपूत - लोरमी 200रु नगद एवं मेडल, छठवा स्थान स्वाति ध्रुव - पथरिया 200रु नगद एवं मेडल प्रदान किया। सभी खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा पुरकृत किया गया। इनके अतिरिक्त अंडर 07, 09,11,13,15, 17 एवं 19 वर्ष के प्रथम 03 स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिनमे अंडर 07 में प्रथम स्थान लोरमी की आराध्या जायसवाल ने हासिल किया, अंडर 09 में प्रथम-निर्भय सिंह राजपूत, द्वितीय-अद्वित उपाध्याय, तृतीय-आभासाहू, अंडर 11 में आलोक कश्यप, अनिरुद्ध जायसवाल, टेशवीर, अंडर 13 में प्रवीण कश्यप, अमन कुमार, गौरव बांधे, अंडर 15 में अमृतेश उपाध्याय, संस्कार साहू, भावेश सिंह नायक, अंडर 17 में प्रथम प्रांजल कश्यप, द्वितीय- हिमेश जोशी, तृतीय- ज्योति बांधे, अंडर 19 में प्रथम अरगीत खंडेलवाल, द्वितीय-अभय सिंह राजपूत, तृतीय- मनोज कुमार रहे। साथ ही स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को मुंगेली जिला शतरंज संघ की और से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस स्पर्धा से चयनित प्रतिभागी 07 से 10 जून को महासमुंद जिला के पिथौरा में आयोजित होने वाली छग राज्य सीनियर एवं वूमेन फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह राजपूत व्याख्याता- अंग्रेजी, बी आर साव विद्यालय, विशिष्ट अतिथि मोहन सिंह, व्याख्याता राजनीति, विजय वर्मा, चेयरमैन, मुंगेली जिला शतरंज संघ, आशीष मिश्रा उपाध्यक्ष- मुंगेली जिला शतरंज संघ, सुबोध कुमार सिंह अध्यक्ष-मुंगेली जिला शतरंज संघ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में मंच संचालन जिला सदस्य अरविंद पांडेय ने किया । संघ के सदस्य के रूप में युगल किशोर राजपूत, कामता सिंह कुर्रे, आदि उपस्थित थे। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ओमप्रकाश वंदे, निर्णायक पुनदास पाटले एवं श्रीमती कीर्ति सिंह थे।

# आगर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 84.3 प्रतिशत रहा



आगर उच्च माध्यमिक विद्यालय दाऊपारा मुंगेली
कक्षा 10 वीं
प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्रों की सूची 2023-24

| छात्र/पिता/ग्राम | प्राप्तांक 600 | प्रतिशत | फोटो |
|---|---|---|---|
| शैली आहिरे, श्री विरेन्द्र आहिरे, एण्ड्रूज वार्ड (मुंगेली) | 515 | 85.8 | |
| करिश्मा महिलांग, श्री शैलेन्द्र महिलांग, [illegible] (मुंगेली) | 485 | 80.8 | |
| पूजा देवांगन, श्री तिहारी देवांगन, [illegible] (मुंगेली) | 485 | 80.8 | |
| माही यादव, श्री छहुरा यादव, घुठेरा, नवागांव (मुंगेली) | 466 | 77.6 | |
| प्रकाश यादव, श्री लवकुमार यादव, एण्ड्रूज वार्ड (मुंगेली) | 429 | 71.5 | |
| अनिकेत बंजारा, श्री विरेन्द्र बंजारा, कबीर वार्ड (मुंगेली) | 400 | 66.6 | |
| पायल साहू, श्री ओंकार साहू, [illegible] (मुंगेली) | 379 | 63.1 | |
| धनंजय साहू, श्री दिनेश साहू, नवागांव घुठेरा (मुंगेली) | 363 | 60.5 | |

**मुंगेली।** आगर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 84.3 प्रतिशत रहा। 32 छात्रों में से 27 छात्र उत्तीर्ण रहे। दिन में आठ छात्र प्रथम श्रेणी में द्वितीय श्रेणी में 17 छात्र एवं तृतीय श्रेणी में दो छात्र उत्तीर्ण रहे। एक छात्र पूरक परीक्षा प्राप्त किया। शाला चारों ओर से बाउंड्री वालों से घिरी हुई खेलकूद गतिविधियों में कैरम बोर्ड,टेबल टेनिस,शतरंज पर प्रशिक्षण शिविर आयोजन, विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हाईस्कूल में उत्तीर्ण छात्रों को शाला के प्राचार्य आशीष मिश्रा एवं शिक्षकों सत्यनारायण सोनीसर, पांडे सर, जायसवाल मैडम,देवांगन सर, यादव मैडम द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# पदमपुर रोड में स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अस्थाई दुकानों के चलते आने जाने में होती है परेशानी



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर में अनेक स्थानों पर सड़क के किनारे अस्थायी दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था में बहुत अधिक व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। दुकानों के आस-पास बड़ी संख्या में वाहनों के खड़े रहने से अन्य राहगीरों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्ग सहित पदमपुर मार्ग पर ओव्हरब्रिज के नीचे व आसपास प्रतिदिन इस तरह के कई अस्थायी दुकानों को देखा जा सकता है, जो सुबह से दिन भर कई तरह की दुकानें लगाकर सामान बेच रहे हैं। इन दुकानों के कारण आम राहगीरों के लिए हमेशा दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग पर गौरव पथ निर्माण का कार्य चल रहा है। एक तो सड़क निर्माण की धीमी गति और जगह-जगह उखड़े सड़क के कारण राहगीर, वाहन चालक वैसे ही परेशान हैं, उस पर सड़क के किनारों पर लगने वाले अस्थायी दुकानों ने आग में घी का काम किया है। वर्तमान में शहर के महलपारा से लेकर बैदपाली रोड तक सड़क के किनारों पर अनेक छोटी-बड़ी अस्थायी दुकानें संचालित हो रही है, जिनमें ग्राहकों का आना-जाना लगा रहता है। इन दुकानों में आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ी करके खरीददारी करते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। गौरव पथ निर्माण कार्य होने के कारण कई जगह सड़क उखड़े हुए हैं, जिसमें वाहन चालकों को तो समस्या होती ही है, ऐसे में सड़क के किनारे दुकानों के लग जाने से सड़क और अधिक संकरा हो रहा है। मुख्य मार्ग पर दिन भर हजारों दुपहिया, सैकड़ों चार पहिया वाहनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में भारी माल वाहक वाहनों का भी गुजरना होता है, ऐसी स्थिति में सड़क के दुकानों के कारण वहाँ खड़ी अन्य वाहनों से सभी तरह के राहगीरों को समस्या होती है। शहर वासियों के द्वारा शासन-प्रशासन से इस ओर विशेष रूप से ध्यान देने की अपेक्षा की जा रही है।

### ओव्हरब्रिज के पास पसरा हुआ है पूरा बाजार

पदमपुर मार्ग पर ओव्हरब्रिज के नीचे और उसके आस-पास तो मानो पूरा बाजार ही सज चुका है। यहाँ कई तरह की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिसके कारण हमेशा भीड़ बनी रहती है। ओव्हरब्रिज एक तरह से चौक की तरह है, जहाँ बैतारी, घण्टेश्वरी मंदिर, कुटेला एवं सरायपाली की ओर से कई लोगों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। यहाँ भी कई तरह की दुकानों के कारण बड़ी संख्या में दुपहिया सहित कई बार चार पहिया वाहन भी खड़े रहते हैं, जिससे अन्य मार्गों से आने वालों के लिए अक्सर खतरा बना रहता है। क्षेत्र वासियों के द्वारा इस दिशा में भी शासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए ऐसे स्थानों पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# इस्पात सचिव ने एनएमडीसी वेंडर पोर्टल का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता ◀ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com



इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने एनएमडीसी के वेंडर चालान प्रबंधन और स्वयं सेवा पोर्टल का सोमवार को हैदराबाद में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में शुभारंभ किया। अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा पर आगे बढ़ते हुए, एनएमडीसी ने पारदर्शिता और व्यावसायिक सदभाव को बढ़ाते हुए खरीद के समय-चक्र को सुव्यवस्थित करते हुए, कंपनी के साथ जुड़ने के लिए विक्रेताओं के लिए एक सहज इंटरफेस बनाने और लागू करने का रणनीतिक निर्णय लिया। नागेंद्र नाथ सिन्हा को कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और बी विश्वनाथ, सीवीओ तथा वेंडरों के साथ संबंधित एनएमडीसी अधिकारियों द्वारा पोर्टल की जानकारी प्रदान की गई। वेंडर पोर्टल के लाइव होने पर टीम एनएमडीसी को बधाई देते हुए नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा, एनएमडीसी को इसके सुस्थिर व्यापार प्रथाओं के लिए जाना जाता है और इस प्रकार की पहल पारदर्शिता और जवाबदेही के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए वेंडर सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी। वेंडर इंटरैक्शन रूट में क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर एनएमडीसी ने उद्योग के लिए नई दिशाएं तय की हैं। अमिताभ मुखर्जी ने कहा, दक्षता और पारदर्शिता के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय खनन कंपनी के रूप में एनएमडीसी हर परिस्थिति में आगे रहने का प्रयास करता है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म जिम्मेदार खनन के प्रति हमारे संकल्प का एक प्रमाण है। एनएमडीसी ने 45 मीट्रिक टन उपलब्धि के उत्साह के साथ वित्त वर्ष 25 में एक सकारात्मक शुरुआत की है। इस्पात सचिव ने एनएमडीसी के प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष के लिए बनाई जा रही योजनाओं की समीक्षा भी की।

# मैट्स विश्वविद्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय का अंग्रेजी विभाग अंतिम वर्ष के बीए अंग्रेजी ऑनर्स और एमए अंग्रेजी छात्रों के लिए विदाई 2024 की मेजबानी करता है। मैट्स यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग ने बीए इंग्लिश ऑनर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों को समर्पित एक हार्दिक उत्सव फेयरवेल 2024: सयोनारा का आयोजन किया और एमए अंग्रेजी विदाई 18 मई, 2024 को ट्राइटन होटल में हुई। विदाई हमारे अंग्रेजी विभाग की जीवंत भावना और रचनात्मकता को दर्शाते हुए उदासीन क्षणों, प्रेरक भाषणों और आनंददायक प्रदर्शनों से भरी हुई थी। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया और उन्हें विदाई उपहार दिए। मिस्टर एवं मिस की विदाई आशीष ध्रुव एवं रुमैसा खान को दी गई। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना दास सर्खेल ने दिया, जहां उन्होंने कार्यक्रम और विभाग के छात्रों के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। छात्रों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान जुनून और समर्पण दिखाया है और फेयरवेल 2024: सयोनारा विभाग का उनकी कड़ी मेहनत को स्वीकार करने और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करने का तरीका था। मैट्स यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अंग्रेजी विभाग की दर्शिका चौधरी, रुखसार परवीन और डॉ. सजल ठाकुर संकाय ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि विभाग उनकी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेगा। रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित मैट्स विश्वविद्यालय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक उत्कृष्टता के माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अंग्रेजी विभाग व्यापक कार्यक्रम पेश करता है जो आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और साहित्य और भाषा के प्रति गहरी सराहना को प्रोत्साहित करता है। इस कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रोफेसर डॉ. केपी यादव, प्रो वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड, महानिदेशक प्रियेश पगारिया और रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा की उपस्थिति रही। इन सभी ने छात्रों को उनके जीवन और करियर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कैंसर विशेषज्ञ डॉ. ज्योति बाजपेयी ने लीड-मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी के रूप में अपोलो कैंसर सेंटर ज्वॉइन किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात सीनियर ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. ज्योति बाजपेयी ने कैंसर के खिलाफ संघर्ष में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए लीड-मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी (मुंबई और महाराष्ट्र क्षेत्र) के रूप में अपोलो कैंसर सेंटर में ज्वॉइन किया है। डॉ. बाजपेयी इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी, प्रिसिजन मेडिसिन, दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण कैंसरों (सारकोमा, गर्भावस्था से संबंधित कैंसर, किशोरों और युवा वयस्क संबंधित कैंसर, एलजीबीटीक्यू+ कैंसर, वृद्धावस्था कैंसर) और महिलाओं के कैंसर (ब्रेस्ट और गायनेकोलॉजिकल) के क्षेत्र में अपने कार्यों के लिए विख्यात चिकित्सक हैं। कैंसर के क्षेत्र में उनका 19 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जिसमें टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई में प्रोफेसर और ब्रेस्ट डीएमजी कन्वेनर के रूप में 15 वर्षों का अनुभव शामिल है। न्यूयॉर्क, यूएसए में प्रतिष्ठित मेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर सेंटर (एमएसकेसीसी) से इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी और मेलानोमा में विशेष प्रशिक्षण और बाल्टीमोर, यूएसए में जॉन्स हॉपकिंस में प्रतिष्ठित सिडनी किमेल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर से बोन और सॉफ्ट टिश्यू सार्कोमा में व्यापक अनुभव के साथ, डॉ. बाजपेयी को काफी अनुभव आधारित विशेषज्ञता प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एआईआईएमएस) से प्रशिक्षण लिया है और ईएसएमओ लीडरशिप ग्रेजुएट हैं। अपोलो कैंसर सेंटर्स (मुंबई और महाराष्ट्र क्षेत्र) में मेडिकल और प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी के प्रमुख डॉ. ज्योति बाजपेयी ने इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, अपोलो कैंसर सेंटर्स से जुड़ना मेरे लिए बड़ी प्रसन्नता की बात है, जो कि वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के समकक्ष सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। प्रोटॉन बीम थेरेपी, ब्रेन ट्यूमर के लिए ZAP-X थेरेपी और ट्यूमर बोर्ड आधारित उपचार प्रोटोकॉल जैसी उन्नत सुविधाएं हमारे रोगियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने में मुझे सक्षम बनाएंगी। अपने प्रशिक्षण और अनुभव के साथ, मैं अपोलो कैंसर सेंटर में कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित हूं।

# सीबीएसई परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ बचेली
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी, बचेली के परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के कुशल संरक्षण में परियोजना स्थित सभी विद्यालयों ने सीबीएसई परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्रीय विद्यालय, बचेली में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इनमें से आठ छात्रों के अंक 90% से ऊपर हैं एवं 60 छात्र 60% से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। सभी 24 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय के 24 छात्र परीक्षा में बैठे एवं 23 छात्र उत्तीर्ण हुए। डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परिणाम शत प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय का परिणाम 85.18% रहा। कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 93.65 प्रतिशत रहा। डीएवी में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 71.90% रहा। एनएमडीसी, बचेली के परियोजना स्थित विद्यालयों के शिक्षक समुदायों ने अधिशासी निदेशक बी वेंकटेश्वरलु के कुशल मार्गदर्शन व संरक्षण के प्रति आभार प्रकट किया। विद्यालयों द्वारा उपरोक्त श्रेष्ठ उपलब्धियां प्राप्त करने पर अधिशासी निदेशक बी वेंकटेश्वरलु ने इसे अत्यंत हर्ष व गौरव का विषय बताया है। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर विधायक संदीप साहू ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

देश के पूर्व प्रधानमंत्री व आधुनिक भारत के निर्माता स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय कसडोल में विधायक संदीप साहू ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कसडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दयाराम वर्मा, महामंत्री नीरेंद्र क्षत्रीय, पार्षद खिलावन डहरिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश बंजारे, गायत्री कैवर्त, चंदन साहू, राजेश कनौजे, पूर्व पार्षद हेमलाल साहू, द्वारिका निर्मलकर, राज साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# बी. फार्म फार्मासिस्टों को अतिरिक्त योग्यता और स्नातक डिग्री प्रदान करता है

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



बी. फार्म (प्रैक्टिस) एक ब्रिज कोर्स है जो डिप्लोमा पंजीकृत और कार्यरत फार्मासिस्टों को अतिरिक्त योग्यता और स्नातक डिग्री प्रदान करता है। यह उन फार्मासिस्ट के लिये एक प्रगतिशील योजना है जो किसी कारण अपनी शैक्षणिक योगिता को नहीं बड़ा पाये, ऐसे फार्मासिस्टों के लिये यह योजना लाये है। यह बैचलर ऑफ फार्मेसी प्रैक्टिस में डिग्री होने का प्रमाण पत्र होगा। फार्मेसी अधिनियम, 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रजिस्टर में दर्ज की जाने वाली अतिरिक्त योग्यता है। इस कोर्स के लिये शासन द्वारा (फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया) भारत ने फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 12 के तहत मंजूरी दी है। पाठ्य म की अवधि दो शैक्षणिक वर्षों की होगी। प्रत्येक सप्ताह/प्रति विषय/एक घंटे की समयावधि विनियमित है। फार्मेसी काउंसिल द्वारा अनुमोदित संस्थान से फार्मेसी कोर्स में डिप्लोमा पास। फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 12 के तहत मंजूरी एवं फार्मेसी अधिनियम के तहत एक पंजीकृत फार्मासिस्ट। किसी समुदाय या अस्पताल फार्मेसी में फार्मेसी अभ्यास का न्यूनतम चार साल का अनुभव अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई के प्राचार्य/चिकित्सा अधीक्षक/सक्षम व्यक्ति का यह कथन कि उम्मीदवार फार्मासिस्ट के रूप में काम कर रहा है।

# प्रिस्टीन केयर और मोहक बैरिएट्रिक्स ने एप्पल विजन प्रो का इस्तेमाल कर दुनिया की पहली लाइव बैरिएट्रिक सर्जरी की

**रायपुर।** प्रिस्टीन केयर ने मोहक बैरिएट्रिक्स एंड रोबोटिक्स के सहयोग से एप्पल विजन प्रो का इस्तेमाल कर दुनिया की पहली लाइव बैरिएट्रिक सर्जरी की। स्लीव गैस्ट्रिक बाईपास और सिंगल एनास्टोमोसिस ड्यूडेनल इलियल (एसएडीआई) प्रक्रिया के समावेश वाली यह अभूतपूर्व प्रक्रिया देश के अग्रणी बैरिएट्रिक एवं रोबोटिक सर्जनों में शुमार डॉ. मोहित भंडारी ने अंजाम दी। एप्पल विजन प्रो जैसे उन्नत संवर्धित वास्तविकता (एआर) उपकरण का इस्तेमाल, मेडिकल टेक्नोलॉजी और सर्जिकल सटीकता में मील का पत्थर साबित हुआ। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त, 155 किलो वजन वाले 45 वर्षीय मरीज पर यह सर्जरी 40 मिनट में की गई। एप्पल विजन प्रो ने जो बहुत ज्यादा गहन और इंटरैक्टिव 3डी वातावरण प्रदान किया, उससे डॉ. भंडारी और उनकी टीम को अभूतपूर्व स्पष्टता के साथ जटिल शारीरिक संरचनाओं की कल्पना करने में मदद मिली। इस तकनीक ने स्लीव गैस्ट्रिक बाईपास और एसएडीआई प्रक्रिया को क्रियान्वित करने के साथ-साथ जोखिम कम करने और मरीज के नतीजों में सुधार लाने में ज्यादा सटीकता प्रदान की। प्रिस्टीन केयर के सह-संस्थापक डॉ. वैभव कपूर ने कहा, प्रिस्टीन केयर में हम अपने मरीजों को उच्च मानक की देखभाल प्रदान कराने के लिए मेडिकल इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वंडरला : भारत की सबसे बड़ी मनोरंजन पार्क श्रृंखला भुवनेश्वर में कर रही है विस्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की सबसे बड़ी मनोरंजन पार्क श्रृंखला, वंडरला हॉलिडेज़, भुवनेश्वर के कुम्भारबास्ता में अपने नवीनतम पार्क के शुभारंभ की घोषणा करते हुए रोमांचित है। कोच्चि, बेंगलुरु और हैदराबाद के बाद वंडरला के सम्मानित पोर्टफोलियो में इसका चौथा स्थान है। यह वेंचर सन 2000 में स्थापना के बाद से अद्वितीय मनोरंजन का अनुभव प्रदान करने के लिए वंडरला की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के रूप में वंडरला अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और अपने प्रिय मेहमानों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए अपने आप को समृद्ध करने में लगातार प्रयत्नशील रहा है। उसी की घोषणा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अरुण के चिट्टिलपिल्ली, एमडी, शिवदास एम, अध्यक्ष, धीरन चौधरी, सीओओ, अजीकृष्णन एजी, वीपी- इंजीनियरिंग और कल्पतरु नायक, पार्क प्रमुख भुवनेश्वर शामिल हुए। वंडरला ओडिशा की शुरुआत 2019 में ओडिशा पर्यटन निवेशक संवाद बैठक के दौरान सरकार के आमंत्रण से हुई, जिसमें सरकारी भूमि पर 90 साल के पट्टे के लिए राज्यस्तरीय विंडो प्राधिकरण (एसएलएसडब्ल्यूसीए) से सैद्धांतिक रूप से मंजूरी 2020 में मिली। लगभग 190 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, वंडरला भुवनेश्वर हाई-स्पीड कोस्टर से लेकर परिवार के अनुकूल आकर्षण तक, 21 से अधिक रोमांचकारी सूखे में और पानी से जुड़े राइड्स का प्रदर्शन करता है जो अविस्मरणीय रोमांच का वादा करते हैं। एनएच 16 (कलकत्ता-चेन्नई) के पास भुवनेश्वर से सिर्फ 22.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वंडरला पार्क एडवेंचर पसंद लोगों के लिए अल्टीमेट डेस्टिनेशन है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अत: आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विकय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋर्णी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718202388, L9001061122060103 & L9001061124590712, कल्पेश पटेल (ऋणी), शान्ती लाल पटेल (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 27,41,847/- सत्ताईस लाख इकतालीस हजार आठ सौ सैंतालीस रूपये मात्र एवं ₹ 1,66,769/- एक लाख छियासठ हजार सात सौ उनहत्तर रूपये मात्र एवं ₹ 1,60,082/- एक लाख साठ हजार बयासी रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं0 20/10 ग्राम चम्पा पीवी एनपी 02, पीएच नं. 02 बरपाली, वार्ड नं. 20 तहसील चम्पा, जिला जांगीर, चम्पा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 763 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060124912291, धरमू लाल चन्द्रा (ऋणी), त्रिवेणी चन्द्रा (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 2,95,266/- दो लाख पिच्यानवे हजार दो सौ छियासठ रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 2182/7 जईजईपुर नगर, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ 495690, क्षेत्रफल 1722.22 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070527305456, मनीष कुमार यादव (ऋणी), श्रीमती भारती बाई यादव (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 9,39,546/- नौ लाख उनतालीस हजार पांच सौ छियालीस रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम मौजा भाटगांव, खसरा नं. 649/2 का भाग, पीएच नं. 8/9 आरएनएम, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2178 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070627293134, मनीष कुमार यादव (ऋणी), श्रीमती भारती बाई यादव (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 13,86,894/- तेरह लाख छियासी हजार आठ सौ चौरानवे रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम मौजा, भाटगांव, खसरा नं. 649/2 का भाग, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2179 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121502307, राजेन्द्र चन्द्रा (ऋणी), श्रीमती प्रेमलता चन्द्रा (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 3,40,121/- तीन लाख चालीसहजार एक सौ इक्कीस रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 07, 592, मीडियम, जांजगीर चम्पा, दभारा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 143.51 वर्ग गज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121356720, पटेल मोटर रिवाइन्डिंग एण्ड बोरवेल्स जरिये प्रोपराइटर लाकेश्वर पटेल, सुखपाल पटेल (सहऋणी), लाकेश्वर पटेल (सहऋणी), जागेश्वर पटेल (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 8,31,593/- आठ लाख इकत्तीस हजार पांच सौ तिरानवे रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 28, खसरा नं. 1283/5 का भाग, करही, बलोदा बाजार, भाटापारा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 380 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122429045, बृजेश कुमार निर्मलकार (ऋणी), सुमन निर्मलकार (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 7,44,511/- सात लाख चवालीस हजार पांच सौ ग्यारह रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 63/5, पीएच नं. 43, ग्राम बोदतराखुर्द, तहसील पंडरिया, खवरदा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3444.45 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127765897, नरेन्द्र दास (ऋणी), श्रीमती खुमन बाई साहू (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 8,91,856/- आठ लाख इक्यानवे हजार आठ सौ छप्पन रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 14, खसरा नं. 99, ग्राम खैरागढ, जिला राजनन्दगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 287.03 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060826349902, बृजेश कुमार निर्मलकार (ऋणी), सुमन निर्मलकार (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 4,36,357/- चार लाख छत्तीस हजार तीन सौ सत्तावन रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 63/5, ग्राम बोतराखुर्द, तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3444.45 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128939198, अर्जुन निराला (ऋणी), बबलू निराला (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 8,31,462/- आठ लाख इकत्तीसहजार चार सौ बासठ रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 449 6 जी 3 462 6 जी 3 पुराना खसरा नं. 449 462 6जी, वार्ड नं. 03, सुभाष चन्द्र बोस, सारंगगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 215.27 वर्ग गज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128640280, रोहित साहू (ऋणी), श्रीमती रिचा बाई साहू (सहऋणी), दसरू साहू (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 11,43,727/- ग्यारह लाख तेतालीस हजार सात सौ सत्ताईस रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित खसरा नं. 170/3 एवं 170/4 ग्राम कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 160 वर्ग मीटर, (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 170/3 एवं 170/4, पीएच नं. 48, ग्राम कबीरधार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 240 वर्ग फीट |

दिनांक: 21-05-2024 स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# सिर्फ शहर सजाने में ध्यान, आउटर के क्षेत्र भगवान भरोसे, निगम आयुक्त की अदूरदर्शी सोच का खामियाजा भुगतेंगे गरीब

■ प्रशासन का ध्यान केवल शहर के भीतरी भागों पर, आउटर में जाम , यातायात व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर को जब जब सजाने की और व्यवस्था बनाने की बात होती है तब तब सिर्फ गरीब जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है जबकि रसूखदार लोग इस मामले से बचकर भाग निकलते हैं। पायनियर ने अपने समाचार के माध्यम से पहले भी जनहित के इन मुद्दों पर प्रकाश डाला है और आज भी हम बताएँगे कि कैसे केवल शहर के भीतरी भागों पर प्रशासन का ध्यान है और शहर के आउटर के क्षेत्रों को पराया कर दिया गया है।

लम्बे समय बाद फिर एक बार प्रशासन जाग चुका है शहर सजाने के लिए और फीस इस बार इस मामले में गरीब जनता पिसती हुई दिख रही है। नगर में फ्लाई ओवर के नीचे ठेले-खोमचों और अवैध पार्किंग को हटाने की कवायद निगम की ओर से की जा रही है। यहां सौंदर्यीकरण किया जाएगा और वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्पेस तैयार किया जाएगा लेकिन हटाए जाने वाले ठेले-खोमचे वालों के व्यावस्थापन के लिए कोई योजना निगम के पास नहीं है। तय है कि, छोटी दुकानों से रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब परिवार सड़क पर आ जाएंगे। नगर निगम ने बगैर ठोस रणनीति के प्लाई ओह्वर के नीचे पार्किंग बनाने की कवायद शुरू कर दी है।

इससे पहले दो प्लानिंग ध्वस्त हो चुकी है और एक बार फिर पार्किंग में तब्दील की तैयारी है। फ्लायओवर के नीचे की दुकानों को हटा कर वहां पार्कि बनाने की योजना है जिससे गरीब लोगों की रोजी रोटी पर सीधा असर होगा लेकिन शहर के उन करोड़पति लोगों पर निगम ने अब तक शिकंजा नहीं कसा है जो लोग बड़ी बड़ी इमारतें बिना पार्किंग व्यवस्था के बना चुके हैं। शहर के अंदर कई कॉम्प्लेक्स व बैंक, होटल है लेकिन कहीं भी पार्किंग नही है। पार्किंग के आभाव में कहीं भी गाड़ी खड़ी करने की प्रवृत्ति भी लचर ट्रैफिक का एक मुख्य कारण है।


रायपुर, सोमवार 20 मई 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर
संस्कारधानी
10

शहर की सजावट, गरीब परिवारों की आफत : जनहितैषी मसलों पर निगम में सन्नाटा, न चर्चा हो रही न पहल, राजनीतिक रोटियां सेक रहे भाजपा-कांग्रेस के नेता

फ्लाई ओवर के नीचे से हटाए जाएंगे ठेले-खोमचे, गरीब परिवारों की सड़क पर आने की नौबत

बुलडोजर चला, फिर हालात जस के तस

फूड कोर्ट बेहाल, वर्टिकल गॉर्डन का प्रोजेक्ट भी फेल

गरीबों को रोजगार का हक मिले

पायनियर
लगातार



## त्रिपदा व सुमीत व मानव मंदिर से निगम को ख़ास लगाव

शहर की व्यवस्था सुधारने के लिए केवल फ्लायओवर के नीचे के गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है लेकिन शहर के मध्य स्थल में त्रिपदा, सुमीत और मानव मंदिर पर निगम की विशेष कृपा है । इन लोगों ने आधे से ज्यादा सड़क पर पार्किंग के नाम पर कब्जा कर रहा है लेकिन आज तक यातायात विभाग या निगम की हिम्मत इन पर कार्यवाही करने की नहीं हुई ।

## निगम के पास सिर्फ नुकसान की योजनाएं, फूड पार्क का बेड़ा भी गर्क

जहाँ एक ओर प्रदेश भर के नगर निगम नफे में ज्यादा ध्यान दे रहे हैं वहीँ राजनांदगांव नगर निगम के पास केवल नुकसान की योजनाएं ज्यादा हैं।

सौंदर्यीकरण में घोटाले का कलंक झेल रहे बूढ़ा सागर के किनारे मौजूद शिवाजी पार्क के पास से भी उस दौरान सामने से गरीबों की गुमटियां हटा दी गई थी जिसका पायनियर ने खुलकर विरोध किया था। उस दौरान यहाँ भी उस फूड पार्क पर लाखों खर्चे किये गए जहाँ पहले ही लाखों रुपए व्यय किया जा चुका था। यहां छोटे व्यवसायियों को हटा दिया गया लेकिन उन्हें दूसरा विकल्प नहीं दिया गया।

## आउटर के क्षेत्रों से प्रशासन को कोई मतलब नहीं

जिला प्रशासन , निगम प्रशासन और यातायात विभाग को केवल शहर के भीतरी भागों से ही मतलब है लगता है । ममतानगर अंदर ब्रिज के जाम से, ममतानगर की अव्यवस्थित सड़क से, ओवरब्रिज में लगने वाले जाम से व शहर के अन्य आउटर के क्षेत्रों में लगने वाले जाम और वहां की अव्यस्थित पार्किंग से निगम को कोई लेनादेना नहीं है और इस ओर उन्होंने कभी ध्यान भी नहीं दिया ।

# खैरागढ़ जिले में अवैध कोल्ड्रिंग का भंड़ाफोड, ढ़ाई लाख के सामान जब्त



पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ जिले में अवैध रूप से कोल्ड्रिंग, मैंगो, लीची का निर्माण करने वाले व्यक्ति के गोरखधंधे का पुलिस ने भंडाफोड किया है। मिली जानकारी के अनुसार छुईखदान पुलिस द्वारा 18 मई को दिनेश साहू (34) निवासी छुईखदान द्वारा अपने घर में अवैध रूप से सोड़ा क्लब मशीन का उपयोग कर अवैध रूप से मैंगो, कोल्ड्रिग, लीची का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर दिनेश साहू से पूछताछ करने पर कोई लाईसेंस व कागजात नहीं होना बताने से दिनेश के कब्जे से 700 नग 100 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में मैंगो जूस, 1300, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में स्ट्रांग, 200, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में लीची, 200 ग्राम वाली खाली बोतल 08 बोरी, 100 ग्राम वाली खाली बोतल 05 बोरी तथा एक सोडा क्लब मशीन मय कैफ तथा मारूति कंपनी का मटेरियल 06 डिब्बा एवं रेपर जुमला कीमती लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए को जब्त किया गया।

# केसीजी जिले के 77 स्कूल प्राचार्य विहीन 2013 से शिक्षकों का प्रमोशन ही नहीं हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ
www.dailypioneer.com



जिले के 77 स्कूल पूरे प्रदेश के 3 हजार से ज्यादा स्कूलों में प्राचार्य के पद खाली है। स्कूल प्रभारी प्राचार्यो के भरोसे संचालित हो रहे है। चुनाव के पहले इन पदों पर पदोन्नति के वाडे भी किये गए थे, लेकिन वादे पूरे नहीं किये जा सके है। अब फिर आचार संहिता के चलते पदोन्नति नहीं हो सकती है। आंकड़ों के मुताबिक, हर महीने केसीजी जिले से 3 से 4 तो पुरे प्रदेश में 100 से 150 शिक्षक रिटायर होते है। यानि बिना प्रमोशन ही शिक्षकों को रिटायर होना पड़ रहा है। कई स्कूलों में वर्तमान स्थिति ऐसी है कि सीनियर के बजाय जूनियर बड़े पदों पर बैठे है यानि प्राचार्य, बीईओ, डीईओ के कई ऐसे पद हैं जहाँ सीनियर अफसर के होते हुए कनिष्ठ को बैठा दिया गया है। इसके चलते निर्देशों के पालन में भी दिक्कते होती है। विभागीय अफसरों के मुताबिक शिक्षा विभाग में ' टी ' संवर्ग में वर्ष 2013 व् ' ई ' संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य के पद पर पदोन्नति नही की गई हैं। इसलिए केसीजी जिले में 77 सहित पुरे प्रदेश के 3 हजार स्कूलों में प्राचार्य पद रिक्त हैं। शासन स्तर पर ही पदोन्नति के मामले में लेट लतीफा हो रही हैं न ही पदोन्नति के लिए अब तक डीपिसी तैयार की जा सकी है न ही इसके लिए कोई प्रयास किये जा रहे हैं। लिहाजा इसका सीधा असर शिक्षा गुणवत्ता पर पड़ रहा हैं।

# जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित कार्यों और प्रयासों में लाएं तेजी : कलेक्टर




पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में भू-जल संरक्षण से जुड़े विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह बैठक में उपस्थित थी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जल संकट के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण व संवर्धन के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से बड़े किसान समूह को धान के बदले अन्य फसलों के लाभ, पानी की बचत, व्यय में कमी तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के संबंध में जानकारी देने के लिए संगोष्ठी का आयोजन कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण के लिए व्यवहार परिवर्तन जैसे विषयों पर ग्राम पंचायतों और किसानों से चर्चा किया जाना अनिवार्य है ताकि वे जल स्तर की स्थिति और समय के महत्व को समझ सकें। इस अवसर पर जिले में किये जा रहे जल संवर्धन संरक्षण के कार्यों के संबंध में विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ ग्राउंड वाटर बोर्ड के उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई। सीईओ सिंह ने कहा कि जिले के सभी कार्य एजेंसियों के साथ आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कर जिले में नवीन तकनीक योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाए।जिला पंचायत एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के अधिकारियों के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के उच्च अधिकारियों को जिले में चल रहे जल संरक्षण संवर्धन की पद्धति से तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्रयासों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सदस्यों द्वारा तकनीक को सही बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा जल्द ही जिले के क्षेत्र में चल रहे कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण हेतु आमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर पर कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य, जिला पंचायत, जल संसाधन, नाबार्ड सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा जनपदों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित वाहन चालन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा, ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर आईडीटीआर के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की 50 महिलाओं को 1 महीने के लिए, निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिए जा रहे इस प्रशिक्षण का उद्घाटन 20 मई को सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। पवन कुमार ने पहले प्रशिक्षु के लिए ड्राइविंग सिम्युलेटर शुरू करके इस प्रशिक्षण के पहले बैच का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है, ताकि उन्हें उपयुक्त रोजगार के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर महिला प्रशिक्षुओं ने गाड़ी चलाना सीखने के अपने अनुभव और इसके पीछे अपनी आकांक्षाएं भी साझा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक टीएसडी एवं सीएसआर जे वाय सपकाले, महाप्रबंधक शिवराजन नायर एवं संयुक्त निदेशक आईडीटीआर अमित गुप्ता मंचासीन थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम मे महाप्रबंधक कार्मिक एच शेखर, सहायक महाप्रबंधक टीएसडी राघवेंद्र गर्ग, वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कुमार कामड़े सहित सीएसआर विभाग एवं आईडीटीआर के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ साथ महिला प्रशिक्षु भी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा, कि आमतौर पर महिलाओं के लिए कौशल विकास के नाम पर हर जगह केवल पारंपरिक महिला केंद्रित कौशल प्रशिक्षण जैसे सिलाई, कढ़ाई आदि प्रदान किया जाता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हर तरह की जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं। महिलाओं के लिए ड्राइविंग को एक अपरंपरागत काम माना जाता रहा है। बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च, ट्रेनिंग सेंटर, नवा रायपुर आईडीटीआर के सहयोग से जरूरतमंद महिलाओं को चार पहिया सड़क वाहन ड्राइविंग में प्रशिक्षण देने की यह पहल उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# धीरज बाकलीवाल ने किया निगम अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी छोटी नालियों व नालों की साफ सफाई हेतु समुचित व्यवस्था किये जाने को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर,संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ गुरुद्वारा स्थित स्टेशन रोड नाला में चैन माउंटेन मशीन से नाले के अंदर तल तक हो रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी नालियों व नालों की सफाई की जाये। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों बाद वर्षा ऋतु शुरू हो जाएगी। शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।आपको बता दे कि इस वर्ष नगर निगम द्वारा क्रय किए गए मिनी चैन माउंटेन मशीन द्वारा नालों की सफाई कार्य जारी है। नगर निगम द्वारा पूर्व वर्षों से ठेके के माध्यम से नाला सफाई का कार्य कराया जाता था। अब नगर निगम द्वारा खुद की तीन माउंटेन मशीन से बेहतर सफाई कार्य किए जाने से इस सफाई कार्य अभियान को करने में काफी सफलता प्राप्त हो रही है। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व बड़ी नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।नगर निगम महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सफाई को लेकर हर संभव प्रयास किया जाता रहा है। लोगों को भी अपनी स्वच्छता की आदतों को बेहतर बनाते हुए नालियों में कचरा डालने की आदत को सुधारना होगा तभी हमारा शहर स्वच्छता के रूप में एक माडल बन पाएगा।निरीक्षण के दौरान महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय वर्षा ऋतु के पहले शहर के सभी बड़ी नालियों और सड़कों की साफ -सफाई करना आवश्यक है। बड़े नालों का गहरीकरण किया जाए, ताकि बारिश के पानी की निकासी हो सके। कुछ दिनों बाद वर्षा ऋतु शुरू हो जाएगी। जगह-जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए वर्षा ऋतु से पूर्व बड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें।

# युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस, जल्द खुलासा

## खेत में मिली थी लाश, हत्या के साक्ष्य मिले

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ शहर से सटे देवारीभाठ में एक युवक की खेत में संदेहास्पद मौत का मामला हत्या के मामले में तब्दील हो गया है। शार्ट पीएम में पुलिस को हत्या होने के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। मौके पर हत्या जुड़े अहम सुराग भी मिले हैं। खैरागढ़ पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश होगा। मिली जानकारी के अनुसार देवारीभाठ निवासी राजेश्वर उर्फ उमेश वर्मा पिता अलख वर्मा (33 वर्ष)शनिवार की शाम अपने खेत में मूंग की फसल में पानी चलाने गया था, लेकिन दूसरे दिन सुबह तक युवक अपने घर वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने युवक की खोजबीन शुरू की। खोजबीन करते परिजन खेत भी पहुंचे, जहां युवक की लाश खेत में पड़ी मिली। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने खैरागढ़ पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा कर उसके शव को खैरागढ़ सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद युवक की हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। हत्या की आशंका के चलते पुलिस अलग-अलग एंगल से इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# मायके से ससुराल लौटते स्कूटी से गिरी, अस्पताल में मौत

## पखवाड़े भर पहले हुई थी शादी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पखवाड़ेभर पहले सात फेरे लेने वाली नवविवाहिता की दो दिन पहले नेशनल हाईवे टोलप्लाजा के पास सडक़ हादसे में मौत हो गई। नवविवाहिता अपने दुर्ग स्थित मायके से राजनांदगांव के चिखली स्थित ससुराल लौट रही थी। स्कूटी से देर शाम को लौटते वक्त नववधु गिर पड़ी। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमनी इलाके के टोलप्लाजा के समीप धर्मकांटा के पास 19 मई की शाम को पायल कश्यप पति गौरव कश्यप (33 वर्ष) अचानक अपनी स्कूटी से गिर पड़ी। घायल हालत में उसे टोलप्लाजा के कर्मियों ने सोमनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतिका शिक्षका थीं। पंद्रह दिन पहले उसका विवाह राजनांदगांव चिखली के रहने वाले गौरव कश्यप के साथ हुआ था। वह अपने मायके दुर्ग से राजनांदगांव लौट रही थी, उसी दौरान हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि मृतका के पति भी शिक्षक हैं। पखवाड़ेभर पहले वैवाहिक गठजोड़ में बंधी नववधु की मौत से ससुराल और मायका पक्ष सकते में है। दोनों परिवार में मातम छाया हुआ है।

## बेल्ट को ही फांसी का फंद्रा बनाकर लटक गया

# शादी कार्यक्रम में बाजा बजाने गांव आये युवक ने लगाई फांसी

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम पदगुड़ा में बाजा बजाने आये युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने अपने बेल्ट को ही फांसी का फंदा बनाया और उसमे झूल गया। मामला संदिग्ध बना हुआ है और पुलिस सभी एंगलो से जाँच कर रही हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम चिखलाकसा निवासी कीर्तन आ. दीनदयाल मालग़ाम (22 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ ग्राम पदगुड़ा निवासी चिन्तलाल मांडवी के यहाँ शादी कार्यक्रम में बाजा बजाने आया था। उसने समस्त कार्यक्रम अटेंड भी किया और रात को भी उसको शादी घर में ही देखा गया लेकिन ऐसा अचनाक क्या हुआ की वह देर रात्रि गांव से बाहर एक सीता पेड़ की टहनी में अपने बेल्ट को ही फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। सुबह जब वह नहीं दिखा तो साथ में बाजा बजाने आये दोस्तों ने उसकी पतासाजी की। तब वह गांव के बाहर फांसी पर लटकता मिला। जिसके बाद मृतक के परिजनों व पुलिस को खबर दीं गई। सुचना के बाद एमआई डॉ कुमार रावटे और आरक्षक राजू अंसारी ने घटना स्थल पहुँच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगांव रवाना किया। पीएम पश्चात् मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अब यह जाँच का विषय हैं की आखिर शादी घर में या गांव में क्या हुआ जो एक नवयुवक फांसी के फंदे पर झूलने पर मजबूर हो गया। मृतक के परिजन जहाँ इस मामले को लेकर सकते तथा शोक में हैं, वहीँ पुलिस ने इस मामले की गहनता से जाँच पड़ताल की बात कही हैं।

# आभा मोबाइल एप से मरीजों को अब कतार से मिलेगी मुक्ति

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



सरकारी अस्पताल में अब मरीजों को कतार से मुक्ति मिल जाएगी। राज्य नोडल एजेंसी, छत्तीसगढ़ शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा संस्थानों में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची बनाने के लिए लंबी लाईन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। दरअसल यह संभव होगा आभा मोबाइल एप से। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का आभा मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और आभा एप के माध्यम से परिजन एवं मरीज रजिस्ट्रेशन कर ओपीडी काउंटर के पास लगे क्यूआर कोड को स्कैन और शेयर कर लंबी कतारों से बच सकते हैं। यह विशेष सुविधा अब शास्त्री अस्पताल सुपेला और दुर्ग जिला अस्पताल में भी उपलब्ध हो गई है। अस्पताल परिसर में इससे जुड़ी जानकारी दी जा रही है। ओपीड़ी के लिए लगती है भीड़ बता दें वर्तमान व्यवस्था के कारण सरकारी अस्पतालों में ओपीडी के लिए रोजाना अच्छी खासी भीड़ लगती है। दुर्ग जिला चिकित्सालय व सुपेला शास्त्री अस्पताल सुविधा जनक होने के कारण यहां भी मरीजों की काफी भीड़ होती है। इसके कारण पर्ची कटाने से लेकर ओपीड़ी में डॉक्टर को दिखाने तक मरीजों को लंबा इंतजार करना होता है।

## बोर खनन वाहन बेकाबू होकर पलटा, एक की मौत

**छुरिया।** पाटेकोहरा से छुरिया की ओर बोर खनन करने जा रही एक गाड़ी बापूटोला के पास पलट गई। सोमवार सुबह लगभग 12 बजे हुई इस घटना में एक मजदूर की दबने से मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन मजदूरों को चोंटे पहुंची है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां से कुछ को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पाटेकोहरा इलाके में बोर खनन के बाद छुरिया की दिशा में जा रही गाड़ी बापूटोला के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक मजदूर बुरी तरह दब गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे। जिसमें शेष को भी चोंट आई है। मौके से डायल-112 वाहन को सूचना दी गई। जिसके माध्यम से सभी घायलों को छुरिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पलटे वाहन को क्रेन के माध्यम से उठाया गया।

# सीएचसी शब्दमुण्डा में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति सह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित




- बच्चों का टीकाकरण एवं लोगों को किया गया स्वास्थ्य जांच, कुष्ठ रोगी की पहचान, मोबितयाबिंद की जांच एवं उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का किया गया चिन्हांकन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम मड़वाकानी के सीएचसी शब्दमुण्डा में ग्राम स्वास्थय स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक सह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य दल द्वारा मितानिनों के माध्यम से गांव के सरपंच, पंच, आंगनबाडी, समस्त समूह की महिला, शिक्षा मित्र, बिहान की महिलाएं, पोषण समिति के अध्यक्ष सचिव, स्वच्छता समिति के सदस्य एवं गांव के समस्त महिलाओं के उपस्थिति में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। जहां छोटे बच्चों को टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र शब्द मुंडा में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और कुष्ठ रोगी की पहचान, मोबितयाबिंद के मरीजों की जांच, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के संबंध में जानकारी दी गई। गांव में एक कुष्ठ रोगी की चिन्हांकन किया गया। जिनको 3 वर्ष पूर्व से कुष्ठ के लक्षण परिलक्षित थे। ब्लॉक स्तरीय दल सह उनसे मुलाकात कर प्राथमिक जांच किया गया। जहां कुष्ठ के पूर्ण लक्षण का चिन्हांकन किया गया। मोतियाबिंद मरीजों का चिन्हांकन सत्र में उपस्थित लोगों में 2 पुरुष और 3 महिला जिनका नेत्र चिकित्सा से सम्बंधित मरीजों का चिन्हांकन किया गया। उच्च जोखिम गर्भवती लक्षण से सावधान रहने के तरीके बताए गए। एक मध्यम कुपोषित बच्चे का चिन्हांकन कर एनआरसी बगीचा हेतु सलाह दिया गया। ग्राम विकास निधि से गांव में 1000 मूनगा के पौधा और 1000 पपीता पौधा वितरण की माग पंचायत में रखने को निर्धारीत किया गया। थैलेसेमिया मरीज से मुलाकात सीएचसी कांसाबेल और जिला अस्पताल जशपुर में लगभग प्रत्येक माह रक्त ट्रांसफ्यूजन करवाने वाले मरीज के परिजन से मुलाकात कर हाल स्थिति के विषय में जानकारी लिया गया। 7 मुख स्वास्थ्य से सम्बंधित 8 मरीजों का चिन्हांकन कर सीएचसी कांसाबेल में डेंटिस्ट से चिकित्सा हेतु परामर्श किया गया।

# लिव एंड रिलेशनशिप में रह रहे युवक ने युवती की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एक दिन पहले कोटा क्षेत्र में प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुए विवाद के बाद प्रेमी ने प्रेमिका को कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतार दिया। आज फिर एक प्रेमी ने प्रेमिका की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी भागने के फिराक में था लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला में हत्या का मामला सामने आया है जहां एक प्रेमी ने अपने प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी भागने के फिराक में था जिसे सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगला के यादव मोहल्ला की है जहा पिछले चार-पांच वर्षों से 23 वर्षीय निधि और 26 वर्षीय शत्रुघ्न लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आज किसी बात को लेकर आरोपी प्रेमी शत्रुघ्न ने प्रेमिका निधि की हत्या कर दी। इसके पहले दोनो ने शराब पी और दोनो के बीच हुए विवाद की परिणीति हत्या के रूप में हुई । खबर लगते ही सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहा से आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

बताया जा रहा है कि जूना बिलासपुर यादव मोहल्ला में रहने वाली निधि केवट अपने घर से अलग होकर बीते चार-पांच वर्षों से प्रेमी शत्रुघ्न पटेल के साथ मंगल के यादव मोहल्ला में रह रही थी। दोनो युगल कुछ अरसा पूर्व चखना सेंटर भी चलाते थे। मृतिका मूलतः जूना बिलासपुर के पचरीघाट के पास की रहने वाली बताई जा रही है। घटना के बाद सिविल लाइन पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके पर मौजूद है। फिलहाल अब तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि प्रेमी प्रेमिका के बीच किस बात को लेकर विवाद था और आरोपी ने हत्या क्यों की। एसएसपी सिटी उमेश कश्यप ने पूरे मामले की जल्द जानकारी देने की बात कही है। उल्लेखनीय है कल सोमवार को ही कोटा थाना क्षेत्र में प्रेमी प्रेमिका के बीच विवाद के बाद प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की कुल्हाड़ी मारकर कर दी। थी जिसके बाद कोटा पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया।

# सट्टा खाईवाल मो. शहनवाज उर्फ सानू क्रिकेट सट्टा खिलाते गिरफ्तार

- आरोपी को आईपीएल के पंजाब व हैदराबाद क्रिकेट मैच पर सट्टा नोट करते साइबर सेल व कोतवाली पुलिस ने पकड़ा
- आरोपी से 19,750, एक मोबाइल व मोबाइलपर सट्टा लगाने वालों के डिटेल किया जब्त

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में जुआ-सट्टा, अवैध शराब पर नकेल कसने लगातार कार्यवाही की जा रही है। विगत दो दिनों से प्रभारी एसपी योगेश कुमार पटेल और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के निर्देशन पर पुलिस सटोरियों पर कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में शहर के क्रिकेट सट्टा खाईवाल मो. शाहनवाज उर्फशानू को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कल शाम साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सट्टा खाईवाल मोहम्मद शहनवाज उर्फ सानू आईपीएल के पंजाब विरूद्ध हैदराबाद क्रिकेट मैच पर लोगों से मोबाईल में आनलाईन सट्टा ऐप के जरिये सट्टा नोट कर रहा है।

तत्काल डीएसपी अभिनव द्वारा साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मुखबीर के बताये स्थान मधुबनपारा रायगढ पहुंचकर घेराबंदी कर रेड किया गया। जहां आरोपी मोहम्मद शहनवाज उर्फ सानू पिता स्वर्गीय कुतुबुद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी मधुबन पारा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को मोबाइल पर क्रिकेट सट्टा नोट करते पकड़ा गया। आरोपी से नगदी रकम 19,750 रूपये, एक सैमसंग कम्पनी का मोबाईल, एक नग नोट पेड तथा मोबाईल में आनलाईन सट्टा एप के डिटेल की जप्ती की गई है। आरोपी पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपी मोहम्मद शहनवाज उर्फ सानू पर कोतवाली पुलिस वर्ष 2014 से अब तक 06 बार सट्टा (जुआ एक्ट) एवं प्रतिबंधक कार्रवाई की गई है। साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदशन पर सटोरियों पर की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, साइबर सेल स्टाफ एवं थाना कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक जयलाल जायसवाल, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, आरक्षक उमाशंकर सिंह, हेतराम सिदार की अहम भूमिका रही है।

# तीन नायब तहसीलदारों को शो काज नोटिस राजस्व मामलों के निराकरण में बरत रहे थे ढिलाई

## कलेक्टर ने 15 जून तक सीमांकन का शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने जिले की तीन नायब तहसीलदारों को शो कॉज नोटिस जारी किए हैं। राजस्व संबंधी सभी तरह के मामलों के निराकरण में उनके द्वारा शिथिलता बरतने के साथ ही शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा को लांघा जा रहा था। इनमें संकरी तहसील के नायब तहसीलदार राकेश ठाकुर, लीलाधर चंद्रा और बिल्हा की नायब तहसीलदार विनीता शर्मा को नोटिस इश्यू किया गया है। कलेक्टर ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने एक एक नायब तहसीलदार वार मामलों की समीक्षा की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बरसात शुरू होने के पहले 15 जून तक सीमांकन के तमाम दर्ज मामले निराकृत कर लिए जाएं। फिलहाल लगभग 700 मामले विभिन्न तहसीलों में लंबित हैं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी अब इलेक्शन मोड से बाहर आ जाएं। अगले 10 दिनों में कार्य में प्रगति दिखनी चाहिए। प्रकरणों में केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं है। पक्षकारों को तत्काल इसके आदेश की प्रति दिलाने के साथ ही मौके पर कंप्लायंस भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि निराकरण की प्रगति की वे साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्रमुख रूप से कलेक्टर ने बैठक में आम जनता से ज्यादा जुड़े मामले नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, डायवर्सन की गहराई में जाकर समीक्षा की। ज्यादा से ज्यादा डायवर्सन के मामले दर्ज कर राजस्व वसूली के निर्देश दिए। आबादी भूमि की ड्रोन सर्वे की भी जानकारी बैठक में ली गई। जिले की कुल 708 ग्रामों में से 661 ग्रामों में आबादी भूमि है। सभी का सर्वे ऑफ़ इंडिया द्वारा ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। उपलब्ध कराए गए सर्वे नक्शा का राजस्व अधिकारियों द्वारा सत्यापन कराया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी और शिव कुमार बनर्जी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी उपस्थित थे।

# इतवारी बाजार में स्टाइगर गोटी से जुआ खिलाते दो पकड़ाये, आरोपियों से 1600 की जप्ती



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के इतवारी बाजार से मोटर सायकल चोरी की घटना को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा मुखबीर सक्रिय कर सादी वर्दी में अपने स्टाफ बाजार आसपास निगरानी हेतु तैनात किया गया है। इसी दरम्यान कल शाम कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि इतवारी बाजार मैदान पर दो व्यक्ति स्टाइगर गोटी से जुआ खेला रहे हैं। कोतवाली स्टाफ द्वारा इतवारी बाजार मैदान की घेराबंदी किया गया, जहां जुआ खेलने वाले इधर-उधर भागे पुलिस टीम ने जुआ खिला रहे दो आरोपी दीपक सोनवानी पिता चैतू सोनवानी उम्र 30 साल निवासी मौदहापारा थाना जूटमिल रायगढ़, मनोज कुमार सतनामी पिता स्वर्गीय राजेंद्र कुमार उम्र 48 वर्ष निवासी मौदहापारा स्टेशन नीचे थाना जूटमिल रायगढ़ को पकड़ा, जिनके कब्जे से तीन हरे रंग का स्टाइगर गोटी और जुए में दांव पर लगी 1600 नगद की गवाहों के समक्ष जप्ती की गई है।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना कोतवाली में जिला सक्ती की युवती द्वारा चमड़ा गोदाम जूटमिल रायगढ़ में रहने वाले विष्णु दास महंत द्वारा उसके परिचित के घर पर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म करने का आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। युवती ने बताया कि जिला सक्ती की रहने वाली है रायगढ़ में प्राइवेट जॉब कर रही है। युवती ने बताया कि वह पहले जहां काम करती थी वहां विष्णु महंत भी काम करता था। विष्णु महंत को पिछले दो साल से जानती पहचानती है, बीते तीन-चार दिनों से विष्णु दास महंत उसे मोबाइल पर उल्टी-सीधी बातें कर रहा था तो उसके नंबर को ब्लॉक कर दी थी। 17 मई के शाम विष्णु दास महंत किराए मकान के सामने आया और इसके सहेली के मोबाइल से कॉल कर बाहर आने बोला और नहीं आने पर मोहल्ले में हंगामा करने की धमकी दिया। युवती के मकान से बाहर आने पर गाली गलौज कर विष्णु दास महंत उसे जबरदस्ती अपने मोटरसाइकिल में बैठकर अमलीभौवना की ओर ले गया। रास्ते में दोनों के बीच झगड़ा विवाद हुआ, विष्णु महंत युवती का मोबाइल छिन लिया और चमड़ा गोदाम जूटमिल ले जाकर परिचित के घर के बाहर सुनसान मैदान पर युवती के साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया और फिर अपने रिश्तेदार के घर ले जाकर वहां भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। सुबह युवती को किराया मकान के पास मोबाइल देकर छोड़ दिया और धमकी दिया की घटना किसी को बताई तो दोबारा यही कृत्य करेगा। पीड़ित युवती द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी के विरुद्ध धारा आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई ।

# आफिस का सिक्योरिटी गार्ड ही निकला चोर, दफ्तर में चोरी का आरोपी पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चैक स्थित मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल के कार्यालय में चोरी की सूचना पर तत्काल डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय, टीआई कोतवाली और साइबर सेल स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे। जहां आफिस के मैनेजर सुशील कुमार अग्रवाल निवासी लोचननगर रायगढ़ ने बताया कि पिछले एक माह से मोहम्मद सलमान और रमेश सिदार अपनी-अपनी पाली में आफिस की सुरक्षा ड्यूटी करते हैं। 18 मई को पेटी ठेकेदार विलियम मिंज आफिस में रुका था, रात्रि में सुरक्षा गार्ड मोहम्मद सलमान ड्यूटी पर था। सुबह विलियम मिंज फोन कर बताया कि सुरक्षा गार्ड सलमान आफिस से गायब है। विलियम बताया कि उसका आफिस में टंगा फुल पैंट के पॉकेट में रखा पर्स भी नहीं है जिसमें करीब 7000 और एसबीआई के दो एटीएम कार्ड रखे हैं। मैनेजर सुशील अग्रवाल आफिस आकर देखे तो आफिस का में रखा एचपी का लैपटॉप और पार्किंग में खड़ा बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी नहीं था। पुलिस टीम द्वारा ऑफिस का सीसीटीवी चेक किया गया जिसमें रात्रि करीब 2:50 बजे सिक्योरिटी गार्ड मोहम्मद सलमान आफिस में टंगा विलियम मिंज के फूल पेट से पर्स और आफिस से लैपटॉप और पल्सर मोबाइल चोरी करते दिखा। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा प्रधान आरक्षक दिलीप भानु और आरक्षक संदीप मिश्रा को संदेही मोहम्मद सलमान के लोकेशन पर बिलासपुर रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा एसीसीयू सेल बिलासपुर के टीआई राजेश मिश्रा से संपर्क कर संदेही सलमाल का पतासाजी किया गया, चंद घंटों में पुलिस टीम ने आरोपी मोहम्मद समलान पिता मोहम्मद असलम उम्र 29 साल निवासी रेतमड़ी सेवानगर थाना गाजियाबाद (उ.प्र.) को विनोबा नगर मैग्नेटो मॉल के सामने हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी से चोरी लैपटॉप, एक बजाज पल्सर मोटर सायकल मय चाबी, नगदी रकम 18,200 रूपये, 03 एटीएम कार्ड, 01 आधार कार्ड की जप्ती (जुमला करीब डेढ लाख रूपये) की गई है।

# बारिश से पूर्व नालों की सफाई में जुटा निगम सभी सफाई दरोगा को सौंपी गई जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बरसात पूर्व नाली, नाला की सफाई कार्य में प्रगति लाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इसी तरह निर्मल लाज के सामने माल धक्का रोड स्थित अंडर ब्रिज को बंद कर सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है। बरसात पूर्व शहर के चिन्हांकित सभी बड़े नाली, नाले की सफाई शुरू हो गई है। वर्तमान में जेसीबी एवं मैनुअल तरीके से गैंग लगाकर नालों की सफाई की जा रही है। सोमवार को मोदीनगर, विनोबा नगर में जेसीबी के माध्यम से एस एल आर एम सेंटर से लेकर रेलवे ट्रैक तक नाले की सफाई कराई गई। इस दौरान नाले में जमे मलवा एवं कचरा को निकाला गया। इसी तरह रामनिवास टॉकीज एवं वेयरहाउस के पास गैंग लगाकर नाले की सफाई कराई गई। सफाई कामगारों के गैंग द्वारा रांपा एवं तगाड़ी के माध्यम से नाली में जमे मलवा और कचरा को निकाला गया। सोमवार को आवश्यकता के अनुरूप सभी सफाईदरोगा को नाली नाला की सफाई के लिए एक-एक जेसीबी आवंटन किया गया था। इससे सभी जोन में नाली, नाला की सफाई कराई गई। इसी तरह निर्मल लाज के सामने माल धक्का रोड अंडर ब्रिज को बंद कर सफाई शुरू कर दी गई है। अंडर ब्रिज के सभी चैंबर को खोला गया और सफाई की गई। इसमें आने वाले सात दिनों तक अंडर ब्रिज को बंद रखकर सफाई की जाएगी। इसके लिए निगम प्रशासन ने शहरवासियों से आवागमन के लिए अन्यत्र रास्ते का उपयोग करने और बरसात पूर्व नाली, नाला की सफाई पर निगम प्रशासन की सहयोग करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान मिला सड़कों पर कचरा-दो जोन के ठेकेदारों को 10-10 हजार की पेनाल्टी-निगम कमिश्नर चंद्रवंशी ने सोमवार की सुबह जोन क्रमांक 1 एवं जोन क्रमांक 7 के विभिन्न कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों ही जोन में सड़कों पर कचरे मिले, वही कई जगह वार्डों में डंप साइट था। इस दौरान कमिश्नर चंद्रवंशी ने जोन के सफाई कामगारों की उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की। इस दौरान जोन एक में 52 कर्मचारियों में से 13 कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसी तरह जोन 07 में 36 में से 9 कर्मचारी अनुपस्थित थे।

## लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में संचालित हो रही रेमेडियल क्लासेस

# नवगुरुकुल में प्रवेश के लिए जिले की छात्राओं को सुनहरा मौका

- बेहतर परीक्षा परिणाम और साक्षात्कार ले लिए विशेष कक्षाएं शुरू
- सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट की निशुल्क आवासीय कोर्स

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन की पहल पर नवगुरुकुल द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में जिले की छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट, रोजगार और उनके बेहतर भविष्य को लेकर निशुल्क आवासीय कोर्स संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कोडिंग, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट व एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर मल्टीनेशनल कंपनियों में रोजगार के अवसर है। यह प्रशिक्षण केवल जिले की छात्राओं के लिए है। प्रशिक्षण आवासीय सुविधा के साथ पूर्णतया निशुल्क प्रदान किया जा रहा। अभी वर्तमान में 80 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिले की अधिक से अधिक छात्राओं को इस आवासीय कोर्स से लाभ मिले, उनका भविष्य उज्जवल हो और वे सभी बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके, इस हेतु नवगुरुकुल में प्रवेश के लिए जिले की छात्राओं को सुनहरा मौका दिया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जिले भर से छात्राएं लाइवलीहुड कॉलेज पहुंच रहीं हैं। इन सभी छात्राओं के लिए विशेष रेमेडियल क्लासेज संचालित की गई है। ताकि उनके परीक्षा परिणाम और साक्षात्कार बेहतर हो सके। इस विशेष रेमेडियल क्लासेस में अभी वर्तमान में 25 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिन्हें नवगुरुकुल द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु तैयारियां कराई जा रही है।

इस विशेष रेमेडियल क्लासेस के लिए लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य अमरनाथ धमगया के नेतृत्व में शिक्षकगण इन सभी छात्राओं को प्रवेश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में आने वाले प्रश्नों और साक्षात्कार के लिए बेहद ही सहज और सरल अंदाज में पढ़ा रहे हैं। जिससे वे विभिन्न विषयों की जटिलताओं को आसानी समझ सकें। जिसमें गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान समेत अन्य विषय शामिल है। इस विशेष कोर्स को लेकर जिले भर से आई छात्राओं में भी गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। तहसील कांसाबेल के ग्राम पंचायत जुमईकेला से आई छात्रा अन्नपूर्णा पैंकरा ने बताया कि यहां आकर उन्हें नया सीखने और जानने को मिल रहा हैं। सभी छात्राओं को नवगुरुकुल में प्रवेश हेतु परीक्षा में सफ्लता हासिल करने बेहतर गाइडेंस दिया जा रहा है। वे आ कर बहुत खुश है, यहाँ बिलकुल घर जैसा ही माहौल है। उन्हें इंग्लिश सिखने और बोलने का शौक था जो यहाँ आ कर बेहतर तौर पर सिख पाएंगी। वही कांसाबेल के ग्राम पंचायत कोरंगा से आई छात्रा रेशम एक्का ने बताया कि 12वीं के बाद मैं नवगुरुकुल संस्था द्वारा संचालित कोर्स से ही आगे की पढ़ाई निरंतर करना चाहती हूं। जिस कारण मैं यहां आई हूं। यहां न सिर्फ किताबी पढ़ाई होगी बल्कि स्किल डेवलपमेंट और रोजगार को लेकर पढ़ाई कराई जा रही है जो कि सभी छात्राओं की बेहतर भविष्य के लिए सुनहरा मौका है। वही फरसाबहार के ग्राम पंचायत पतरापाली से आई छात्रा वादिका भगत ने बतया कि उन्हें नवगुरुकुल के बारे में उन्हें स्कूल में आयोजित सेमिनार के माध्यम से पता चला। नवगुरुकुल में आकर युवा अपने कौशल को बेहतर तौर पर समझ सकते है और अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं।

# सर्पदंश से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी सर्पदंश का मात्र एक ही उपचार है एंटी वेनम

- सर्पदंश पीड़ित बैगा, गुनिया के पास न जाकर, अतिशीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुँच, सर्पदंश से बचाव एवं लक्षण की जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं अधिक पाई जाती है। बरसात के मौसम में सर्प अक्सर बाहर निकल आते है, इसलिए इनसे बचाव करना जरूरी है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग सांप काटने से व्यक्ति को बैगा, गुनिया के पास झाड़-फूंक करवाने के लिए ले जाते है। अधिकांश ग्रामीणों का मानना है कि सर्पदंश पीड़ित को बैगा के पास ले जाने पर झाड़-फूंक से सांप का जहर निकल जाता है। सर्पदंश से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी है। सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए प्राथमिक उपाय के रूप में लोगों को सर्पदंश से बचने के उपायों के प्रति जागरूक होना जरूरी है।

**सर्पदंश से बचाव के उपाय:-** जमीन में न सोये, पलँग पे मच्छरदानी लगाकर चारो तरफ अच्छे से दबा कर सोये, पलँग को दीवाल से न सटाये न ही पलँग से कोई सामान सटा कर रखें, अपने सोने वाले रूम में छोटे जीव जंतु जैसे चिड़िया ख़रगोश मुर्गियां आदि न रखे, ना ही घर मे चूहे होने दे, घर के अंदर बिलो दिवालो के दरारों आदि छेदो को बंद करके रखे, नाली खिडकियों में छोटी जाली लगा कर रखें दरवाज़ों के नीचे गेप ना हो इसका धयान रखे अगर गेप हो तो शाम को ही कपड़े बोरे या पटरे से बंद करे व सबेरे सावधानी से हटायें, सोने से पूर्व पलंग के नीचे व रूम में सावधानी पूर्वक देख ले कही साँप तो नही हैं।

# कवर्धा जिले में हो रही है, लगातार सड़क दुर्घटनाएं, राजमार्गो में अब जिले में ट्रामा सेन्टर एवं हाईटेक ट्रामा एंबुलेंस की सख्त जरूरत

## 19 लोगों की मौतों से उठ रहे गंभीर सवाल, छोटी से मालवाहक 36 सवार, परिवहन व यातायात विभाग की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com






दो दिन में हुई लगातार सड़क दुर्घटना से जिले में शोक की लहर है, कवर्धा जिले में हो रही सड़क हादसे नें कई सवाल खड़े किये, समूचे देश कों झकझोर के रख दिया है, एक साथ 19 लोगों की अंतिम संस्कार,पूरा गाँव के साथ साथ जिले वासियों नें दुख प्रकट किया, आपको बता दें की रविवार रात बिलासपुर मार्ग जहां सड़क दुर्घटना में एक पुलिस आरक्षक के आकस्मिक मौत एवं एक सहायक उपनिरीक्षक के घायल होने की खबर के पश्चात पंडरिया ब्लाक के अंतिम छोर पर वनांचल ग्राम बाहपानी में तेंदू पत्ता तोड़ कर लौट रहे 19 लोगो की आकस्मिक मौत हो गई। वैसे देखा जाए तो कवर्धा जिले में सड़क दुर्घटना लगातार बढ़ती जा रही है, परंतु पर्याप्त प्राथमिक चिकित्सा न मिलने के कारण एवं दूरी अधिक होने के कारण कुछ मौत तो अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो जाती है, जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भौगोलिक स्थिति को देखा जाए तो कुछ स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिनी ट्रामा सेंटर जो 24 घंटे आपातकाल की प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करने की अति आवश्यकता होती है । अगर बात की जाए तो जिले के दशरंगपुर से कवर्धा के बीच की दूरी लगभग 25 से 30 किलोमीटर है एवं राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं आपात स्थिति में डायल 112 एवं एंबुलेस नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया ना ले जाते हुए तत्काल जिला चिकित्सालय दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को चिकित्सा हेतु भर्ती कराया जाता है परंतु इस बीच किसी भी प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा न मिलने के कारण कई मरीज बीच रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं एवं स्थानीय बिलासपुर मार्ग में भोरमदेव शक्कर कारखाना एवं बोड़ला के बीच दुर्घटना ट्रस्ट मरीजों को आनंद-फानन में जिला चिकित्सालय पहुंचाया जाता है एवं नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी मैं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तथा सुदूर वनांचल जबलपुर मार्ग में चिल्फी घाटी मैं आए दिन हादसे हो रहे है, जहाँ से जिला अस्पताल 50 किलोमीटर से भी अधिक दुरी होने के कारण एम्बुलेंस व त्वरित चिकित्सा न मिलने से कई लोगों की जान नहीं बच पाती है, कुछ हद तक ट्रामा सेंटर व ट्रामा एम्बुलेंस होने से हादसों से होने वाले मृत्यु में कमी आ सकती है। वैसे तो जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है, मगर इसका जानकारी सभी लोगों तक नहीं पहुँच पाती, जिनको मिलती है वो भी लापरवाही करते है, यातायात विभाग कों चाहिए की सख्त कार्यवाही करें, जिससे लोगों में खौफ के साथ, जागरूकता आये,विभिन्न आयोजन कर जागरूक करते रहे। अक्सर देखा जाता है की जिले भर में जरूरत से ज्यादा छोटे खुले मालवाहकों में ट्रेक्टरों में 50 से 60 तक लोगों कों बिठाकर लबा सफ़र तक लें जाया जाता है, जिससे कही न कही हादसों कों निमंत्रण दें रहे है, परिवहन,विभाग सिर्फ खानापूर्ति न करें, बल्कि जिले में लगातार कार्यवाही जारी रखे, जिससे हादसों से बचा जा सके।

# रैन वाटर हार्वेस्टिंग न होने पर 2 बिल्डरों को नोटिस

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार नगर निगम के सभी जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में आवासीय क्षेत्रों में निरंतर रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देष पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जोन 8 के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों के बिल्डरों के आवासीय परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन नगर निवेष विभाग की ओर से वालफोर्ट एलेन्सिया सरोना, पार्थिवी प्राविन्स सरोना, मारूति लाइफ स्टाइल कोटा मार्ग के प्रबंधकों को उनके आवासीय परिसरो में स्थापित रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का रखरखाव नहीं किये जाने पर नोटिस जारी कर रखरखाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने एवं जोन 8 नगर निवेश विभाग को प्रणाली की चलित एवं व्यवस्थित फोटोग्राफ भेजकर सूचित करने के निर्देश दिये है, अन्यथा की स्थिति में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली का रखरखाव नहीं होने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रू. की दर से वार्षिक सास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है। जोन 8 नगर निवेष विभाग ने जोन क्षेत्र में कोटा स्थित डीएम टावर, कृष्णा पैराडाइस, को निरीक्षण के बाद परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना नहीं होना पाकर प्रबंधको को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कर चलित व व्यवस्थित फोटोग्राफ सहित निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग को सूचना देने निर्देषित किया है। अन्यथा की स्थिति में प्रणाली की स्थापना ना करने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रू. की दर से वार्षिक सास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

# बाल संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोर की मौत के प्रकरण में दो लाख की क्षतिपूर्ति

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग की अनुशंसा पर बाल संप्रेक्षण गृह, बिलासपुर में निरुद्ध किशोर, निखिल यादव की मौत के प्रकरण में दो लाख रूपये की क्षतिपूर्ति देने का आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो प्रकरण में, इस आशय का उल्लेख हुआ था कि थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में निखिल यादव, उम्र 16 वर्ष की गिरफ्तारी अपराध क्रमांक 658/19 धारा 454, 380 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत दर्ज की गई थी, एवं उसे केन्द्रीय जेल, बिलासपुर से 26-07-2019 को शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह, बिलासपुर स्थानान्तरित किया गया था, तथा दूसरे दिन प्रातः संप्रेक्षण गृह में अभिरक्षाधीन किशोरों की गिनती किये जाने पर निखिल यादव के नहीं पाए जाने पर उसे ढूंढा गया, एवं वह बाथरूम के समीप ही रौशनदान में फांसी लगाकर लटका हुआ मृत पाया गया। आयोग द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लिया जाकर, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर से इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन आहूत किया गया। प्रकरण की जांच पृथक से सिटी मजिस्ट्रेट एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला बिलासपुर द्वारा भी की गई। आयोग ने प्राप्त प्रतिवेदनों, समस्त अभिलेख, साक्ष्य, शव परीक्षण की रिपोर्ट का परिशीलन कर पाया कि मृतक निखिल यादव की अभिरक्षा में हुई मौत में शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह, बिलासपुर के संबंधित कर्मियों द्वारा अपने कार्यालयीन कर्तव्य में उपेक्षा बरती गई एवं इस प्रकरण में किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण आदर्श नियम, 2016 के नियमों की अनदेखी की गई है। किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण आदर्श नियम, 2016 के नियम 63 में बाल संप्रेक्षण गृह के हाउस फादर का यह कर्तव्य अधिरोपित किया गया है कि बालकों की उचित देखभाल करेंगे एवं अन्य कल्याण सुनिश्चित करेंगे, यह कर्तव्य भी उल्लेखित है कि बाल देख-रेख संस्था में सुरक्षा एवं संरक्षा की देखभाल करेंगे, परन्तु कार्य में घोर उपेक्षा कारित की गई है। विभागीय प्राप्त प्रतिवेदनों में यह भी उल्लेखित किया गया है कि तत्कालीन पदस्थ अधीक्षक सहित तीन अन्य कर्मियों पर भी विधिवत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। आयोग द्वारा इस प्रकरण में अनुशंसा की गई थी कि राज्य में स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में पदस्थ कर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत निश्चित अंतराल में प्रशिक्षण कराया जाये। राज्य के किसी भी संप्रेक्षण गृह में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित हो एवं मृतक निखिल यादव के माता-पिटा को दो लाख रूपये क्षतिपूर्ति प्रदान की जावे। आयोग की अनुशंसा के मुताबिक संबंधित विभाग द्वारा दो लाख रूपये क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

# स्कूल शिक्षा सचिव ने आरटीई वाले बच्चों की मांगी ड्राप आउट रिपोर्ट

## कलेक्टरों को 5 साल की समीक्षा करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के मामले में मनमानी करने वाले प्राइवेट स्कूलों की विष्णुदेव साय सरकार ने शिक्षा सत्र के शुरुआत में ही आरटीई को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर आरटीई वाले बच्चों की ड्राप आउट रिपोर्ट तलब की है। कलेक्टरों को लिखे पत्र में स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी ने कहा है कि जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक / प्राचार्यों की एक बैठक 10 दिन के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करें कि उनके विद्यालय में कितने विद्यार्थियों ने आरटीई के तहत प्रवेश लिया था तथा उनमें से कितने बच्चे पढ़ाई छोड़कर ड्राप आउट हो गए हैं। इसकी एक रिपोर्ट भी मांगी है। सचिव ने कलेक्टरों को बीते 05 वर्षों में ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा करें करने के लिए भी कहा है। सचिव ने कहा है कि ड्राप आउट रोकने की दिशा में समुचित पहल करने का कष्ट करें जिससे कि आपके जिले में आरटीई के मंशा के अनुरूप सभी बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर सकें।

# एमबीबीएस की परीक्षा एक जुलाई से



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के मेडिकल कालेज में पिछले साल बढ़ी सीटों पर प्रवेश लेने वाले छात्रों की परीक्षा एक जुलाई से शुरू होगी, जो करीब एक सप्ताह चलेगी। परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी, जिसे एनएमसी को भेजा जाएगा। मेडिकल कालेज में एनएमसी से 50 सीटों की मंजूरी मिलने के बाद एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 200 हो गई थी, जिसे वर्ष-2023-24 के शैक्षणिक सत्र से लागू किया गया था। इन 200 सीटों के अलावा आर्थिक कमजोर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए 30 सीटें अतिरिक्त हैं। मेडिकल कालेज में वर्ष-1963 में एमबीबीएस की 60 सीटों के साथ शुरूआत हुई थी। वर्ष-1976 में यह संख्या 100 हुई। वर्ष-2009 में तीसरी बार सीटों की संख्या बढ़ाकर 150 की गई थी। मेडिकल कालेज के प्रोफेसरों का कहना है कि बढ़ी सीटों की पहली परीक्षा होगी। एनाटामी, फिजियोलोजी और बायोकमेस्टी विषयों की परीक्षा में 230 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने के बाद ही बढ़ी हुई सीटें स्थायी होगी। एनएमसी सेल के चेयरमैन डा. अरविंद नेरल ने बताया कि मेडिकल कालेज को अनुमति के नवीनीकरण के लिए वीडियो रिकार्डिंग जमा करना आवश्यक है। रिकार्डिंग और दस्तावेज जमा करने में विफल रहने पर उचित कार्रवाई भी होती है। आर्थिक कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए 50 करने के लिए भी एनएमसी को पत्र भेजा गया है।

# भाजपा सरकार दुर्भावनापूर्वक स्वामी आत्मानंद स्कूल बंद करना चाह रही : शुक्ला

## 5 महीने से शिक्षकों को वेतन नहीं मिला ताकि स्कूल छोड़ दें

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार स्वामी आत्मानंद स्कूल बंद करना चाह रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्कूलों को बंद करने की साजिश के तहत आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से वेतन नहीं दिया जा रहा ताकि संविदा के आधार नियुक्त शिक्षक धनाभाव में स्कूल छोड़ दें और स्कूलों को बंद करने का बहाना खोजा जा सके। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है। इस स्कूल में बच्चों को मुफ्त अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई कराया जाता है। निजी स्कूलों में एक बच्चे का अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई में औसतन प्रति माह 8 हजार से 9 हजार रू. का खर्चा आता है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिये यह खर्च उनकी क्षमता से अधिक हो जाता है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में गरीब आदमी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दिला पा रहा है और अवसर का फायदा बच्चे भी उठा रहे है, तथा वे सफलता के नये परचम लहराया है। इसको बंद करना जनता के साथ अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार स्वामी आत्मानंद स्कूलों को दलीय दुर्भावना से देख रही है। पहले स्कूल शिक्षा मंत्री ने घोषणा किया था इन स्कूलों की आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन किया जायेगा। इसके बाद खबर आया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलकर पीएमश्री नाम दिया जायेगा। यही नहीं भाजपा सरकार बनने के बाद पिछले चार माह से भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को वेतन नहीं दे रही है। ताकि शिक्षक स्कूलों को छोड़कर चले जाये और विद्यालयों को बंद करने का बहाना मिल जाये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा मध्यम वर्ग गरीबों के लिये शुरू किये गये आत्मानंद स्कूलो की सार्थकता दिखने लगी। भाजपा जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है। उसी स्वामी आत्मानंद स्कूलो के बच्चे 10वीं, 12वीं की प्रावीण्य सूची में 70 प्रतिशत से अधिक स्थान बनाया है। 12वीं की प्रावीण्य सूची में टॉप टेन में 8 बच्चे और 10वीं की प्रावीण्य सूची में टॉप 10 में 21 बच्चों ने स्थान बनाया है। बेहद दुर्भाग्यजनक है भाजपा सरकार इसी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है।

# मनरेगा में हर दिन 10 हजार मजदूरों को रोजगार देने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जनपद पंचायत जगदलपुर की ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की। .कलेक्टर ने कहा कि वर्किंग सीजन के शेष दिनों का सदुपयोग कर कार्यों को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित करें। ग्रामीणों के कल्याण हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता दिखाएं, आवास योजना के हितग्राहियों को निरंतर समझाइश देकर उन्हें अपने घर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीसरी किश्त प्राप्त प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करवाने कहा। इसके साथ ही प्रथम किश्त जारी अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को अद्यतन प्रगति देते हुए आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु दी गई राशि का उपयोग नहीं करने वाले तथा बार-बार आग्रह करने पर भी आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों से आरआरसी के द्वारा वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही हितग्राहियों से आवास नहीं बनाने पर उनसे लिखित में जानकारी लेकर पंचायत प्रस्ताव के आधार पर कार्य को निरस्त करवाएं। कलेक्टर विजय ने जगदलपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में आरईएस के एसडीओ, उपयंत्री, तकनीकी सहायक, मनरेगा पीओ सहित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की बैठक में योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जगदलपुर ब्लॉक की 71 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की तीसरी किश्त प्राप्त निर्माणाधीन आवासों की प्रगति, प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवास-अपूर्ण आवास की स्थिति, मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति, आवासों की जिओ टैगिंग की स्थिति, मनरेगा के प्रगतिरत कार्य में मजदूरों की स्थिति, मस्टर रोल की स्थिति, मजदूरी भुगतान, ब्लॉक में श्रमिकों को निकालने की स्थिति, अकुशल श्रमिकों की आधार सीडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने मनरेगा के तहत जनपद पंचायत में प्रत्येक दिन 10 हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान कर निर्धारित लक्ष्य को हासिल किये जाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं बैठक में अनुपस्थित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों को दायित्व निर्वहन में सुधार करने की चेतावनी देते हुए संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403